राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 37
लखनऊ, रविवार 22 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता व संवेदनशीलता से लेकर त्वरित समाधान कराएं अफसर : योगी 03

जम्मू-कश्मीर में आतंक के लिए मुफ्ती, नेहरू व गांधी परिवार जिम्मेदार : शाह 12

## संक्षिप्त समाचार

### हाईकोर्ट अधिवक्ता सुधीर बने यूपी राज्य विधि सलाहकार

**लखनऊ ।** नेशनल एंटी करप्शन ऑपरेशन ऑफ इंडिया ने उत्तर प्रदेश में राज्य विधि सलाहकार की जिम्मेदारी सुधीर कुमार राय निवासी नगर पंचायत बीकापुर अयोध्या को दी जाने पर उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर सुधीर कुमार राय ने कहा कि जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका निर्वाहन जिम्मेदारी से किया जायेगी, इमरान अहमद एडवोकेट, देवेश बहादुर सिंह एडवोकेट, शिवम अवस्थी एडवोकेट, मोहित सिंह एडवोकेट, रिपेंद्र गुप्ता एडवोकेट, विजय कुमार तिवारी ऐडवोकेट, अमित कुमार सिंह एडवोकेट, सहित समस्त साथी अधिवक्ताओं ने बधाई दी है।

### केंद्र ने तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों को जारी किया परामर्श

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों के दिशा-निर्देशों और मैनुअल के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को संयुक्त परामर्श जारी किया है। युवाओं में तंबाकू के सेवन को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिवों ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को संयुक्त रूप से एक परामर्श जारी किया है। मुख्य सचिवों को संबोधित इस परामर्श में शिक्षण संस्थानों में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए), 2003 के प्रावधानों के अनुरूप तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान (टीओएफईआई) मैनुअल के सख्त क्रियान्वयन का आह्वान किया गया है। परामर्श में युवाओं को तम्बाकू की लत के खतरों से बचाने के लिए सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया गया है।

### राहुल के खिलाफ मानहानि में एक अक्टूबर तक टली सुनवाई

**सुल्तानपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मानहानि के आरोप में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज मामले में शनिवार को सुल्तानपुर में एमपी-एमएलए अदालत में सुनवाई टल गई। याचिकाकर्ता विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडे ने बताया कि शनिवार को उपरोक्त मामले में वादी का बयान दर्ज होना था, लेकिन बार एसोसिएशन द्वारा न्यायालय में शनिवार को स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने के कारण सभी अधिवक्ता उसमें व्यस्त रहे, जिसकी वजह से अदालत में कोई कार्य नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि अदालत ने इस मामले की सुनवाई एक अक्टूबर के लिए टाल दी है।

### सेना ने ऑपरेशन किया तेज हथियार व गोला-बारूद बरामद

**कोलकाता।** भारतीय सेना ने मणिपुर में स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर शनिवार को दो सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया, जिसके तहत चुराचांदपुर और इसके आस-पास के इलाकों, थौबल और इम्फाल पूर्व जिलों से अवैध हथियार और युद्ध सामग्री बरामद की गई। सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय फोर्ट विलियम ने शनिवार शाम जारी एक बयान में उक्त जानकारी दी है। बताया गया है कि पहले ऑपरेशन में भारतीय सेना और चुराचांदपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने चुराचांदपुर जिले के घने जंगलों वाले थांगजिंग रिज की ऊंचाइयों में तलाशी अभियान चलाया।

# सामाजिक एकजुटता के बिना मिलती रहेगी राष्ट्रीय एकता को चुनौती : योगी

समृद्धि न्यूज



मुख्यमंत्री योगी ने ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज की 55वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज की 10वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**गोरखपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जातीय विभेद, छुआछूत, अश्पृश्यता के चलते जबतक सामाजिक एकजुटता का अभाव रहेगा, तबतक राष्ट्रीय एकता को चुनौती मिलती रहेगी। यही कारण है कि भारत की मार्गदर्शक संत परंपरा ने समाज को जोड़ने का संदेश दिया है। हमें बांटने वाली ताकतों के षड्यंत्र से सतर्क होकर और एकजुट होकर देश और समाज हित के लिए काम करना होगा। मुख्यमंत्री योगी युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 55वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की10वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतिम दिन शनिवार (आश्विन कृष्ण चतुर्थी) को महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों की पुण्यतिथि पर आयोजन से उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के स्मरण से नई प्रेरणा मिलती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरुदेव अवेद्यनाथ महाराज के साथ सेवा के अनेक प्रकल्पों से जुड़कर काम करने का सौभाग्य मुझे मिला। वे मूलतः धर्माचार्य थे। उनमें वात्सल्य भाव था। वह मार्गदर्शक और सच्चे समाज सुधारक थे। सहज और सरल लोगों के लिए वह वात्सल्य स्वरूप थे तो धर्म विरोधी आचरण करने वालों की प्रति वज्र जैसे कठोर। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि समाज और जीवन का ऐसा कोई पक्ष नहीं जिसे गोरक्षपीठ ने आगे न बढ़ाया हो। पीठ की परंपरा जोड़ने की रही है। पीठ ने इतिहास के अलग-अलग कालखंडों में उन कारणों को समझने के लिए प्रेरित किया जिनकी वजह से देश को गुलाम होना पड़ा। यह पीठ इसलिए भी समाज की एकजुटता की बात करती है कि जब भी समाज में जाति की खाई को चौड़ा करने का प्रयास किया गया, तब-तब इसका दुष्परिणाम देश को लंबे समय तक गुलामी के रूप में भुगतना पड़ा। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी गुलामी की मानसिकता इतनी हावी रही कि तत्कालीन नेतृत्व देश की सही दिशा नहीं तय कर पाया। अनेक बलिदानियों के सर्वस्व बलिदान से हासिल स्वतंत्रता के बाद भी देश को सही दिशा न मिलने से संतों में आक्रोश था। श्रद्धांजलि समारोह में रोहतक हरियाणा से पधारे और राजस्थान के विधायक महंत बालकनाथ ने महंत द्वय को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि दोनों ही महापुरुष आज भी अपने विचारों, आदर्शों और अपने कार्यों के रूप में हमारे बीच विद्यमान हैं। कौशलेश सदन, अयोध्या धाम से आए जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य जी महाराज विद्याभाष्कर ने ब्रह्मलीन महंतद्वय के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि गोरक्षपीठ शिक्षा को संस्कृति और राष्ट्रीयता के आलोक में लाकर पीढ़ियों के भविष्य निर्माण से अहर्निश जुड़ी है।

### आज सही दिशा में बढ़ रहा है भारत

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत सही दिशा में बढ़ रहा है। गत दस वर्षों में भारत की प्रगति, सर्वांगीण विकास की रूपरेखा उत्साहित करने वाली है। इस परिस्थिति में हम सबका दायित्व है कि हम बांटने वाली ताकतों के षड्यंत्र से बचें। उन्होंने कहा कि संत परंपरा सामाजिक एकजुटता की पोषक है। गुरु गोरखनाथ से लेकर आदि शंकर, स्वामी रामानंद, स्वामी रामानुजाचार्य सबके संदेश का प्राथमिक भाव यही है, 卐जाति-पांति पूछै नहीं कोई, हरि को भजै सो हरि का होई। मुख्यमंत्री ने अपने दादागुरु दिग्विजयनाथ और गुरुदेव अवेद्यनाथ का स्मरण करते हुए कहा कि महंतद्वय ने जो कहा वह करके भी दिखाया। जो बोला वह किया और जो किया वही बोला। दोनों गुरुजनों ने सामाजिक एकता के लिए समरसता के अभियान को नई ऊंचाई दी। शिक्षा, चिकित्सा और सेवा के अनेक प्रकल्पों को आगे बढ़ाया। गोसेवा और गोरक्षा के संकल्प को पूर्णता की राह दिखाई। वे बिना रुके, बिना थके, बिना डिगे आजीवन देश और धर्म के लिए समर्पित रहे। दोनों ने सदैव देश और धर्म को प्राथमिकता दी।

# जेएमएम-कांग्रेस-राजद झारखंड के विकास के तीन स्पीड ब्रेकर



एजेंसी

**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी के हजारीबाग प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा की शुरुआत शनिवार को इटखोरी से करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हेमंत सोरेन को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया। साथ कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद इस राज्य के विकास के तीन स्पीड ब्रेकर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो दोगुनी ताकता से विकास होगा।

राजनाथ ने कहा कि झारखंड में रोहंगिया बांग्लादेशी घर और कागजात बना रहे हैं, इन्हें क्यों नहीं रोका जा रहा है। कांग्रेस के सहजादा राहुल गांधी अमेरिका में भारत के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। सिख धर्मावलंबियों को भड़काने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं, भारत की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं इन्हें जनता कभी माफ नहीं करेगी। राजनीति देश बदनाम करने के लिए नहीं, बल्कि देश बनाने के लिए होता है। इस बार भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेकिये। राजनाथ ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का मान सम्मान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। आज भारत बोलता है और दुनिया सुनती है। उन्होंने कहा कि मोदी के प्रभाव के कारण रूस और यूक्रेन युद्ध रोककर भारत के विद्यार्थियों को यूक्रेन से सुरक्षित निकाला गया। वन नेशन वन इलेक्शन भी लागू होगा। इससे पूरे देश में विकास की गति बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि मोदी दस वर्षों के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर हुए हैं। अटल बिहारी ने सड़कों का जाल बिछाया था उसे मोदी आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। गांव को पक्की सड़कों से जोड़ा जा रहा है। हम सत्ता परिवर्तन के लिए नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए आए हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा सत्ता में आई तो सबसे पहले मां भद्रकाली मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार का कार्य करेगी।

# नगर पालिका की सफाई मशीन चोरी मामले में आजम खां, अब्दुल्ला की जमानत नामंजूर

नगर विकास मंत्री रहते हुए पद के दुरुपयोग का आरोप

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** नगर निगम रामपुर की सफ़ाई मशीन चोरी करने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आज़म खां, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम तथा पूर्व चेयरमैन नगर पालिका रामपुर अजहर अली खान की ज़मानत अर्जी खारिज कर दी है। आज़म पर नगर पालिका परिषद रामपुर द्वारा खरीदी गई रोड क्लीनिंग मशीन चुराने का आरोप है। उस वक्त आज़म नगर विकास मंत्री थे। उन पर पद के दुरुपयोग करने का भी आरोप है।

प्रदेश में सरकार बदलने के बाद रामपुर के सामाजिक कार्यकर्ता वकार अली खान ने इस मामले में आज़म खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आज़म सहित पांच अन्य लोगों के खिलाफ़ कोतवाली रामपुर में एफआईआर दर्ज़ कराई थी। ज़मानत अर्जी पर न्यायमूर्ति समित गोपाल ने सुनवाई की। आज़म खां की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने विडियो कांफ्रेंसिंग से बहस की थी। उनका तर्क था कि जो मशीनें खरीदी गईं थीं, सभी का ब्योरा नगर पालिका परिषद रामपुर में मौजूद है। राज्य सरकार की तरफ से जमानत का विरोध करते हुए कहा गया कि मशीन की रिकवरी जौहर विश्वविद्यालय परिसर से हुई थी।

### सूरत में कीम स्टेशन के समीप ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश

**सूरत/अहमदाबाद।** फिर से एक बार देश में रेलवे कीमैन की सतर्कता से ट्रेन हादसा होने से बच गया। गुजरात में सूरत के कीम स्टेशन के पास ट्रेन को बेपटरी करने की गंभीर साजिश का खुलासा हुआ है। अज्ञात व्यक्तियों ने शुक्रवार रात रेल पटरियों पर लगी फिश प्लेटों को खोल दिया और रेलवे पटरियों को जोड़ने वाले 71 ताले भी हटा दिए थे। इस घटना को लेकर रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया है। रेलवे के बड़ौदा डिवीजन के कीम स्टेशन के पास जिस लाइन पर इस साजिश को अंजाम दिया गया, वह अप लाइन है, यानि उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाली ट्रेनें इसी ट्रैक से होकर गुजरती हैं।

# धर्मांतरण करा रहे पांच युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

हिंदू धर्म के बारे में बुरा भला बताकर इसाई धर्म की कर रहे थे प्रशंसा

**जौनपुर।** सुजानगंज थाना क्षेत्र के पट्टी जमालपुर बेलवार में हो रहे धर्मांतरण की सूचना ज्यों ही विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्रा मुन्ना को मिली। उन्होंने तुरंत ही सुजानगंज पुलिस को सुचना देते हुए अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंच कर धर्मांतरण करने वाले गिरोह का विरोध किया। तत्पश्चात मौके पर पुलिस पहुंची और धर्मांतरण करा रहे पांच युवकों को पुलिस ने धर दबोचा।

राजेंद्र गौतम पुत्र स्वर्गीय राम कुबेर के घर गोकुल कुमार पुत्र अमरनाथ ग्राम महरूपुर थाना मछली शहर, रामधनी पुत्र राम लोटन ग्राम अरुवांवा थाना सिकरारा, प्रिंस कुमार पुत्र राम कमल ग्राम उमरपुर थाना सुजानगंज, शिवकुमार गौतम पुत्र छविराज गौतम ग्राम भुईधरा थाना सुजानगंज, अद्या प्रसाद पुत्र सुखरन ग्राम डोमपुर थाना सुजानगंज द्वारा स्थानीय लोगों को इकट्ठा कर हिंदू धर्म के बारे में बुरा भला बताते हुए ईसाई धर्म की प्रशंसा करते हुए लोगों को हिंदू धर्म से इसाई धर्म में आने के लिए उकसाया जा रहा था।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर पलटी बस, 38 लोग घायल

घायलों में चार लोगों की हालत गंभीर

समृद्धि न्यूज




**कन्नौज।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर कन्नौज जनपद से गुजरते हुए एक स्लीपर बस डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। बस में 80 यात्री सवार थे, जिनमें से 38 लोग घायल हो गये। घायलों को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घायलों में अधिकांश लोग गोंडा जिले के हैं जिनमें चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिन्हें कानपुर रेफर कर दिया गया है। घटना तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 185 के पास की है।

यहां जैसे ही बस पचोर गांव के पास पहुंची, तभी अचानक तेज आवाज के साथ एक्सप्रेस-वे के डिवाइडर से टकराकर पलट गई। सूचना मिलते ही तिर्वा कोतवाली पुलिस और यूपीडा कर्मी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सभी घायलों को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने चार गम्भीर घायलों को कानपुर रेफर कर दिया।

### खड़े डंपर में टकराई कार, मासूम समेत चार की मौत

**औरैया।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर औरैया जनपद से गुजरते हुए शनिवार को खड़े डंपर से एक बेकाबू कार टकरा गई। हादसे में कार सवार एक मासूम बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। पुलिस ने मृतकों की पहचान कानपुर के कल्याणपुर इन्द्रानगर निवासी कार चला रहे पीयूष, उनकी मां नीता यादव, भाभी संजू और पांच वर्षीय भतीजा आरव के रूप में की है। परिवार से पता चला है कि सभी गाजियाबाद के सूरजपुर से अपने घर कानपुर जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

### गत्ता फैक्ट्री में लगी आग, सात मजदूर झुलसे

**कानपुर देहात।** जनपद के रानिया थाना क्षेत्र के औद्योगिक एरिया में स्थित गत्ता फैक्ट्री में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग में फंसकर फैक्ट्री में काम करने वाले सात मजदूर झुलस गए, जिनको आनन फानन में निकाला गया। झुलसे कर्मियों में दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। रनिया औद्योगिक इलाके के खानपुर खड़ंजा रोड स्थित आरके पालीपैक गत्ता फैक्ट्री में शनिवार सुबह अचानक आग लग जाने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में काम कर रहे सात मज़दूर आ गए, जो झुलस गए, उन्हें निकालते हुए उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो मज़दूरों की हालत नाजुक देख कर उन्हें कानपुर के हैलट हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है।

### बंगाल : 43 दिनों की हड़ताल के बाद काम पर लौटे जूनियर डॉक्टर

**कोलकाता।** 43 दिनों की हड़ताल के बाद जूनियर डॉक्टर ड्यूटी पर लौट आए हैं। शनिवार सुबह से ही आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल सहित विभिन्न सरकारी अस्पतालों के आपातकालीन सेवाओं में जूनियर डॉक्टर फिर से काम पर लौट आए। आरजी कर अस्पताल के ट्रॉमा केयर विभाग में वे अपनी ड्यूटी निभाने लगे हैं। आरजी कर और अन्य अस्पतालों में आपातकालीन सेवाओं को पुनः सुचारू रूप से शुरू कर दिया गया है। शनिवार सुबह जिन जूनियर डॉक्टरों की ड्यूटी थी, उन्होंने आरजी कर अस्पताल के ट्रॉमा केयर भवन में पहुंचकर काम संभाला।

# आतिशी ने ली दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ

एजेंसी



कालका विधानसभा सीट से पहली बार विधायक बनीं आतिशी हैं दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राजनिवास में आयोजित एक समारोह में आतिशी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। दक्षिणी दिल्ली की कालका विधानसभा सीट से पहली बार विधायक बनीं आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री हैं। इससे पहले भाजपा से सुषमा स्वराज और कांग्रेस से शीला दीक्षित दिल्ली की कमान संभाल चुकी हैं।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के संग पांच विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें एडवोकेट कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, मुकेश अहलावत, और इमरान हुसैन शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह से पहले आतिशी ने आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में कथित घोटाले के आरोपों के बाद जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद इस्तीफा दे दिया था। शपथ ग्रहण के पश्चात भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने आतिशी को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

# अमर प्रीत सिंह नियुक्त किए गए देश के अगले वायु सेना प्रमुख

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सरकार ने वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को देश का अगला वायु सेना प्रमुख नियुक्त किया है। वे 30 सितंबर की दोपहर से अगले वायु सेना प्रमुख के रूप में एयर चीफ मार्शल के पद पर कार्यरत होंगे। वह मिग-27 स्क्वाड्रन के फ्लाइट कमांडर, कमांडिंग ऑफिसर और एयर बेस के एयर ऑफिसर कमांडिंग रहे हैं। वर्तमान वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी उसी दिन पदमुक्त होंगे।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को दिसंबर, 1984 में भारतीय वायु सेना के लड़ाकू पायलट स्ट्रीम में शामिल किया गया था। लगभग 40 वर्षों की अपनी लंबी और प्रतिष्ठित सेवा के दौरान उन्होंने विभिन्न कमांड, स्टाफ, इंस्ट्रक्शनल और विदेशी नियुक्तियों में काम किया है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पूर्व छात्र एयर ऑफिसर एक योग्य उड़ान प्रशिक्षक और एक प्रायोगिक परीक्षण पायलट हैं, जिनके पास विभिन्न प्रकार के फिक्स्ड और रोटरी विंग विमानों पर 5,000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। करियर के दौरान एपी सिंह ने एक ऑपरेशनल फाइटर स्क्वाड्रन और एक फ्रंटलाइन एयर बेस की कमान संभाली है।

### यूपी में चार दिन बाद यागी तूफान से बदलेगा मौसम

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में बीते दिनों हुई झमाझम बारिश के बाद आसमान साफ हो गया। शनिवार को तापमान सामान्य से अधिक पहुंच गया। इससे लोगों को एक बार उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। हालांकि 25 सितम्बर से उत्तर प्रदेश के मौसम में फिर बदलाव होने जा रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि समुद्री तूफान यागी का असर आगामी दिनों में उत्तर प्रदेश में देखने को मिलेगा और तेज हवाओं के साथ बारिश होगी। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने शनिवार को बताया कि उत्तर प्रदेश में यागी तूफान के असर के चलते बीते तीन-चार दिन भारी बारिश हुई। इसके साथ ही कई जगहों पर 30 से लेकर 50 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज रफ्तार से हवाएं भी चलीं। इन दिनों यागी तूफान का असर अब धीरे-धीरे समाप्त हो चुका है।

हिदायत

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को दिए निर्देश

# एससी-एसटी एक्ट का दुरुपयोग रोके राज्य सरकार

एफआईआर से पहले घटना का सत्यापन करने के निर्देश

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निजी आर्थिक लाभ के लालच में हासिए पर बैठे समाज के कमजोर लोगों की सुरक्षा के लिए बने एससी-एसटी एक्ट के दुरुपयोग को गम्भीरता से लेते हुए राज्य सरकार को निगरानी तंत्र विकसित करने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने कहा कि जब तक तंत्र विकसित नहीं हो जाता, तब तक एफआईआर दर्ज करने से पहले घटना व आरोप का सत्यापन किया जाए ताकि वास्तविक पीड़ित को ही सुरक्षा व मुआवजा मिल सके तथा झूठी शिकायत कर सरकार से मुआवजा लेने वालों के खिलाफ धारा 182 (अब धारा 214) में कार्यवाही कर दंडित किया जा सके। कोर्ट ने कहा कि सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने वाले कानून का दुरुपयोग न्याय प्रणाली पर संदेह व जन विश्वास को नुकसान पहुंचाता है। इसलिए एफआईआर का सत्यापन जरूरी है। इसके लिए पुलिस व न्यायिक अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। कोर्ट ने झूठी शिकायत कर सरकार से लिया गया 75 हजार रुपये का मुआवजा सरकार को लौटाते हुए दोनों पक्षों में समझौते की पुष्टि के कारण अपर सत्र न्यायाधीश-विशेष अदालत में चल रही एससी-एसटी एक्ट की केस कार्यवाही रद्द कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने बिहारी व दो अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। मालूम हो कि थाना कैला देवी संभल में दर्ज एससी-एसटी एक्ट की एफआईआर पर पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। पीड़ित को 75 हजार रुपये मुआवजा दिया। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया तो आपराधिक केस रद्द करने के लिए याचिका की गई। कोर्ट ने शिकायतकर्ता को तलब कर सरकार से लिया मुआवजा वापस करने का आदेश दिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी के नाम डिमांड ड्राफ्ट डीएम को जमा कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया गया।

### हाईकोर्ट ने 42 साल बाद व्यक्ति को किया बरी

हाईकोर्ट ने कहा, ट्रायल कोर्ट का रिकॉर्ड गायब होने पर केस बंद करना ही विकल्प

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड गायब होने पर 42 साल बाद सजा पाए आरोपी व्यक्ति को बरी कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा है कि हाईकोर्ट के समक्ष दाखिल किसी आपराधिक अपील में यदि ट्रायल कोर्ट का रिकॉर्ड गायब है तो उस केस में हुए निर्णय और आदेश को लागू रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। इस स्थिति में केस बंद कर देना चाहिए यही एकमात्र विकल्प है। बलिया जिले के श्रीराम सिंह की आपराधिक अपील पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव ने अपीललार्थी के विरुद्ध मुकदमे की कार्रवाई को समाप्त कर दिया तथा उसे ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा से बरी कर दिया है।

# पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता व संवेदनशीलता से लेकर त्वरित समाधान कराएं अफसर

▸ सीएम ने जनता दर्शन में सुनी शिकायतें, दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/गोरखपुर।** गोरखपुर प्रवास के दौरान जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात करना और उनकी समस्याएं जानकर निस्तारण कराना मुख्यमंत्री योगी की दिनचर्या में शामिल रहता है। उन्होंने गोरखपुर प्रवास के दूसरे दिन शनिवार को लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है, इसलिए पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। सबको आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कुछमहिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए।

जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री योगी ने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा।

### पोलियोग्रस्त बच्चे को देख भावुक हुए योगी

इस दौरान एक महिला अपने दिव्यांग बच्चे को लेकर आई थी। उसे व्हीलचेयर पर देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भावुक हो गए। उन्होंने महिला से बातचीत की। पता चला कि यह बच्चा जन्म से दिव्यांग नहीं था, उसे बाद में पोलियो हुआ। उसे लखनऊ और दिल्ली के बड़े अस्पताल में दिखाया गया है लेकिन डॉक्टरों ने जवाब दे दिया है। इस पर मुख्यमंत्री ने महिला को आश्वस्त किया कि उक्त बालक को एक बार फिर से पीजीआई लखनऊ के डॉक्टरों को दिखाया जाएगा। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने मौके पर अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

### दक्षिण से आए गोवंश को सीएम ने दिया भवानी व भोलू का नाम



**गोरखपुर।** आंध्र प्रदेश के येलेश्वरम स्थित गोशाला से गोरखनाथ मंदिर लाए गए नादिपथि मिनिएचर नस्ल (पुंगनूर नस्ल की नवोन्नत ब्रीड) के गोवंश (एक बछिया और एक बछड़ा) का शनिवार सुबह गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नामकरण किया। उन्होंने बछिया का नाम भवानी रखा है तो बछड़े का नाम भोलू। मंदिर की गोशाला में दक्षिण से आए गोवंश की इस जोड़ी का नाम रखने के बाद सीएम ने उनसे खूब बातें की, खूब दुलारा। गोसेवक मुख्यमंत्री के स्नेह से मात्र दो दिन में सुदूर से आए ये गोवंश उनसे पूरी तरह अपनत्व भाव से जुड़ गए हैं। नादिपथि मिनिएचर नस्ल की गाय को दुनिया की सबसे छोटी गाय माना जाता है। इस नस्ल के गोवंश की एक बछिया और बछड़ा को गुरुवार देर रात आंध्र प्रदेश के नादिपथि गोशाला से गोरखनाथ मंदिर लाया गया।

## पुरस्कार वितरण से संपन्न हुई आंचलिक विज्ञान नगरी की वर्षगांठ

**लखनऊ ।** राजधानी के अलीगंज स्थित आंचलिक विज्ञान नगरी में प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण के साथ 335वीं वर्षगांठ संपन्न हुयी। सात सितंबर से इक्कीस सितम्बर तक चले आयोजन में राजधानी के स्कूली बच्चों के लिये अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में करीब एक हजार से अधिक स्कूली बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विज्ञान नगरी के परियोजना समन्वयक स्वरूप मंडल ने कहा कि विज्ञान नगरी अपने वैज्ञानिक क्रिया-कलापों एव विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से पिछले 35 वर्षों से बच्चों मे वैज्ञानिक अभिरूचि उत्पन्न कर रहा है।

## खबरें एक नजर में

### युवक पर धारदार हथियार से हमला, मामूली विवाद में चाकू मारा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के गांव में मामूली कहासुनी के चलते एक व्यक्ति पर दबंग ने चाकू से हमला कर दिया। शुक्रवार की रात हुई इस घटना में लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया। बीकेटी थाना क्षेत्र के भौली गांव निवासी सर्वेश विश्वकर्मा पुत्र केशन लाल (30) पर सत्येंद्र रावत और उसके साथियों ने हमला कर दिया। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां से डॉक्टरों ने उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबित सर्वेश शुक्रवार की रात को करीब 9 बजे काम से वापस घर लौट रहा था। रास्ते में सत्येंद्र और उसके साथियों ने सर्वेश को रोक लिया। गाली-गलौज और मारपीट की। सर्वेश पर चाकुओं से हमला कर दिया और फरार हो गए थे। वहीं इस संबंध में घ्केशन पाल निवासी ग्राम व पोस्ट भौली थाना बीकेटी, लखनऊ ने बख्शी का तालाब थाना में लिखित तहरीर दी है। बख्शी का तालाब थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं आरोपीयों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### यूपी में अनुकंपा पर नौकरी को लेकर जारी हुए नए आदेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. के निदेशक मंडल की बैठक में भर्ती नियमावली -1975 में संशोधन कर दिया गया है। इसको लेकर निर्देश दिए गए हैं। यूपी में अनुकंपा पर नौकरी को लेकर 5 नए आदेश जारी हुए हैं। आदेशों में क्रमश:यूपी में सेवारत कर्मी की मृत्यु होने के पांच साल के भीतर योग्यता अर्ह होने पर तृतीय श्रेणी के पदों पर नियुक्ति की जाएगी। मृतक आश्रितों की शैक्षिक योग्यता कम होने पर आउटसोर्सिंग से चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर भर्ती होगी। इसको लेकर निर्देश दिए गए हैं। तृतीय श्रेणी के पद पर निर्धारित योग्यता वाले अभ्यर्थी को वेतन मैट्रिक्स लेवल-5 ग्रेडपे-2600 के तकनीशियन, कार्यकारी सहायक व लेखा लिपिक के पद पर सीधे अनुकंपा भर्ती होगी। सरकारी सेवक की मृत्यु होने पर यदि आश्रित तृतीय श्रेणी की नियुक्ति के लिए योग्य नहीं है तो वह मृत्यु की तिथि से पांच वर्ष की अवधि में वांछित योग्यता प्राप्त कर तकनीशियन, कार्यकारी सहायक व लेखा लिपिक के पद पर नियुक्त हो सकेगा। नई व्यवस्था के तहत आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति पावर कारपोरेशन मुख्यालय को छोड़कर उसी इकाई में दी जाएगी जहां सरकारी सेवक अपनी मृत्यु से पहले सेवायोजित था।

### राजकीय हाई स्कूल हलवापुर का हुआ निरीक्षण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक, जूनियर तथा माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में में पठन-पाठन के साथ अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालित होते रहने के लिये समय-समय पर उनका स्थलीय व भौतिक सत्यापन किया जाता है। इसी कड़ी में काकोरी लखनऊ स्थित राजकीय हाई स्कूल, हलवापुर का निरीक्षण किया गया। जिला समन्यवक माध्यमिक शिक्षा संतोष मिश्रा ने विद्यालय का पूरा निरीक्षण किया। उन्होने विद्यालय अभिलेखों के साथ कम्प्यूटर, खेल पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया। साथ ही चल रही कक्षाओं में बच्चों से विषय संबंधित प्रश्न पूछे। बच्चों के द्वारा सही जबाब देने पर पढ़ाई के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की। वही निरीक्षक संतोष मिश्रा ने विद्यालय के बाहर दीवारों पर लगे कुछ पोस्टरों को हटाने को कहा जिसे प्रधानाचार्या ने तुरन्त हटवा देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या सुषमा सिंह, खेल अध्यापक वीरेन्द्र कुमार सहित अन्य अध्यापक व अध्यापिकायें उपस्थित थे।

### गैन्ट्री पोल पर चढ़ा युवक, जमकर किया हंगामा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के सिकंदरबाग चौराहे के पास एक युवक पोल पर चढ़ गया। एक घंटे चौराहे पर ड्रामा चलता रहा। इसके दौरान आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने उसे नीचे उतारा गया। घटना शनिवार को दोपहर 1 बजे की है। युवक अपनी मांग को मंगवाने के लिए एडवरटाइजमेंट के पोल पर चढ़कर हंगामा करने लगा। युवक को काफी समझाया गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड की क्रेन पहुंची। जिस पर टीम के साथ रेस्क्यू शुरू किया गया। ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने चढ़कर नीचे उतार लिया।

### गौ माता की चर्बी के उपयोग के विरोध में हिंदू महासभा का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय हिन्दू महासभा ने तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में गौ माता की चर्बी और मछली के तेल के उपयोग के विरोध में प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने कहा कि यह कदम पिछली सरकार की सह पर उठाया गया और संनातनियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। हिंदू महासभा ने जाँच की मांग की और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की। साथ ही, घी सप्लाई करने वाले ठेकेदार पर कठोरत्म कार्यवाही की मांग की गई है।

### बायोमेट्रिक अटेंडेंस को लेकर कर्मचारी कल से करेंगे आंदोलन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सचिवालय में बायोमेट्रिक अटेंडेंस को लेकर रार जारी है। बायोमेट्रिक अटेंडेंस को लेकर प्रशासन व कर्मचारी संगठनों में रार बढ़ती ही जा रही है। सचिवालय में बायोमेट्रिक हाजिरी न लगाने पर वेतन काटने के आदेश हुए हैं। वेतन काटने के आदेश सचिवालय प्रशासन ने दिये हैं। इसके विरोध में कर्मचारी संगठनों ने आंदोलन का ऐलान किया है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि वे 23 सितंबर से आंदोलन करेंगे। कर्मचारी संगठनों ने सभी के लिए समान हाजिरी व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

### राहुल का पुतला फूंका, हजरतगंज पर भाजपा का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका। हजरतगंज चौराहे पर भाजपाइयों ने जमकर नारेबाजी की। अमेरिका में आरक्षण को लेकर दिए बयान के खिलाफ गुस्सा जाहिर की। राहुल गांधी के बयान का भाजपा की ओर से लगातार विरोध किया जा रहा है। भाजपा ओबीसी मोर्चा ने प्रदेश कार्यालय से हजरतगंज चौराहे तक पैदल मार्च निकाला, जिसमें मंत्री और यूपी भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप भी शामिल थे। प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी के पुतले पर चप्पल की माला पहनाई गई। यूपी सरकार के राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि 26 सितंबर को राहुल गांधी के बयान के खिलाफगाजियाबाद से दिल्ली तक पैदल मार्च निकालेंगे। जिसमें पिछड़ा वर्ग के 10 हजार से ज्यादा लोग शामिल होंगे। भाजपा पिछड़ा वर्ग आयोग के नेता नरेंद्र कश्यप ने राहुल गांधी से माफी की मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक राहुल अपने बयान पर माफी नहीं मांगेगे, भाजपा ओबीसी मोर्चा का प्रदर्शन जारी रहेगा।

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी, नहीं मिला सुसाइड नोट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। संदीप अग्रवाल (37) पत्नी अर्चना और दो बच्चो के साथ तेलीबाग के कुम्हार मंडी मे रहते हैं। शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद घर के सभी सदस्य अपने कमरे में सोने चले गए थे। संदीप रात में किसी समय घर के बाहरी कमरे में जाकर पंखे के हुक से दुपट्टे का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इंस्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि मौके से जांच पड़ताल करने पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है,पुलिस फांसी लगाने के कारणो की छानबीन कर रही है।

### केजीएमयू में छात्रों और मौलाना ने बांटा फूड पैकेट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में शनिवार को केजीएमयू में मरीजों को फूड पैकेट और अन्य आवश्यक सामग्री बांटी गई। स्कूली बच्चों के साथ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और सामाजिक संगठनों ने मिलकर वितरण का काम किया। मौलाना खालिद ने कहा कि यह महीना पैगंबर मोहम्मद साहब की पैदाइश का महीना है। छात्रों और मौलाना ने अस्पताल में मरीज और तीमारदारों को फल और फूड बांटा। मौलाना ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करने के लिए अस्पताल सबसे बेहतर जगह है। अस्पतालों में आर्थिक रूप से कमजोर लोग ठीक से भोजन भी नहीं कर पाते। सभी के लिए आवश्यक है कि अपने घर के आस-पास अस्पतालों का पूरा ध्यान रखें।


# योगी सरकार देव दीपावली पर 12 लाख दीपों से रोशन करेगी काशी के घाट

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/वाराणसी।** काशी में इस बार 15 नवंबर को देव दीपावली मनेगी। देव दीपावली पर्व पर काशी के घाट दीपों की रोशनी से नहाये दिखाई देते हैं। दीपों की माला पहने हुए गंगा के अर्धचन्द्राकार घाटों की छटा अलौकिक और अद्भुत दिखाई देती है। लोकल से ग्लोबल होती हुई देव दीपावली को देखने के लिए देशी और विदेशी मेहमान भी काशी आते हैं। इस बार प्रदेश की योगी सरकार देव दीपावली को दिव्य व भव्य बनाने के लिए 12 लाख दीपों से घाटों और कुंडों को रोशन करेगी। इसमें लाखों दीप गाय के गोबर से बने होंगे। सरकार देव दीपावली को दिव्य और भव्य स्वरूप देने के लिए इसे पहले ही प्रांतीय मेला घोषित कर चुकी है। देव दीपावली पर दिव्य लेज़र शो और ग्रीन आतिशबाजी का भी आयोजन होगा।

काशी के 84 से अधिक गंगा घाटों, कुंडों और तालाबों पर इस साल योगी सरकार की तरफ से और जन सहभागिता के जरिये 12 लाख से अधिक दीप टीम-टिमाते हुए दिखेंगे। पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि 12 लाख दियों में ढाई से तीन लाख दिये गाय के गोबर से बने होंगे। गंगा पार रेत पर भी दीपक जलते हुए दिखेंगे।

इससे घाट के पूर्वी क्षेत्र गंगा की रेत का इलाका भी पूरी तरह रोशनी से जगमग होगा। इसके अलावा घाटों की साफ़-सफाई होगी और गंगा किनारे सदियों से खड़े ऐतिहासिक घाटों को फसाड लाइट और इलेक्ट्रिक लाइट से रोशन किया जाएगा।



▸ 15 नवंबर को काशी में मनाई जाएगी दिव्य और भव्य देव दीपावली, गाय के गोबर से बने दीपों से भी रोशन होंगे घाट और कुंड

### ग्रीन आतिशबाजी का भी दिखेगा नजारा

डिप्टी डायरेक्टर पर्यटन ने बताया कि लेज़र शो के माध्यम से घाट पर गंगा अवतरण व शिव महिमा की कहानी दिखाई जाएगी। गंगा पार रेत पर प्रदूषण रहित ग्रीन आतिशबाजी का भी शो किया जाएगा, जो पर्यावरण संरक्षण का सन्देश देगा। देव दीपावली पर काशी की इस अनोखी छटा को देखने के लिए देश विदेश से पर्यटक आते हैं। देव दीपावली पर होटल, गेस्ट हाउस, नाव, बजड़ा, बोट व क्रूज़ आदि सभी फुल हो जाते हैं।

## राजभवन के गांधी सभागार में स्लोगन व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा और मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा-2024 (17 सितंबर से 2 अक्टूबर) पखवाड़ा के अंतर्गत राजभवन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर जारी है। इसी कड़ी में आज राजभवन के गांधी सभागार में स्लोगन और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राजभवन परिसर में आवासित छात्र-छात्राओं और परिसर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 42 बच्चों ने भाग लिया।

स्लोगन प्रतियोगिता का विषय 'पर्यावरण अथवा स्वच्छता का जीवन में महत्व' था, जिसमें प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने स्वच्छता को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए, जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रेरणादायक स्लोगन प्रस्तुत किए। निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को दो महत्वपूर्ण विषय दिए गए थे। 'भारत के विभाजन की विभीषिका' और



'भारत के संविधान का महत्व'। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विभाजन की त्रासदी और उसके दुष्प्रभावों पर तथा भारत के संविधान की विशेषताओं और राष्ट्र की एकता व लोकतंत्र को बनाए रखने में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता के बाद, राजभवन की ओर से सभी प्रतिभागी बच्चों को अल्पाहार भी प्रदान किया गया। इस आयोजन ने बच्चों के भीतर स्वच्छता, पर्यावरण और संविधान की समझ को और मजबूत किया, जिससे भविष्य में सकारात्मक बदलाव की दिशा में उनका योगदान और सशक्त होगा। इस अवसर पर विशेष सचिव श्री राज्यपाल श्रीप्रकाश गुप्ता, परिसहाय राज्यपाल, राजभवन के अधिकारी/कर्मचारीगण, प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकगण तथा बच्चे उपस्थित थे।

## चुनौतियों का सामना को पर्यटन पुलिस को किया जा रहा तैयार

▸ आपात स्थिति से निपटने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** पर्यटन के क्षेत्र में देश-दुनिया को आकर्षित करने वाला उत्तर प्रदेश पर्यटन पुलिस को अपग्रेड कर रहा है। इन्हें नित नई चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार किया जा रहा है। कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट में अलग-अलग बैच में ट्रेनिंग दी जा रही है। आगंतुकों के साथ व्यवहार, स्वास्थ्य देखभाल सहित अन्य जानकारियां दी जा रही हैं।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा, पर्यटकों की सुविधा, सुरक्षा और प्रदेश के पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार में सहयोग के लिए पर्यटन पुलिस का गठन किया गया है। इनकी तैनाती प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर की गई है। हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश में तेजी से सकारात्मक बदलाव हुए हैं। पर्यटन क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। बीते वर्ष 2023 में 48 करोड़ से अधिक देशी-विदेशी पर्यटक उत्तर प्रदेश आए थे। इस वर्ष गति और तेज है। साल 2024 में जनवरी से जून तक यानि पहली छमाही में प्रदेश में लगभग 32 करोड़ पर्यटक आए। पर्यटकों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के साथ पर्यटन पुलिस के सामने कई नई चुनौतियां भी आई हैं। इससे निपटने व पर्यटकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए पर्यटन पुलिस पर्यटन विभाग के मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट आफ टूरिज्म मैनेजमेंट में प्रशिक्षण का दिया जा रहा है। अलग बैच में तीन-तीन दिन की ट्रेनिंग दी जा रही है। इसमें आगरा, मथुरा, चित्रकूट, झांसी, लखनऊ, वाराणसी आदि जगहों की पर्यटन पुलिस को ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके पहले जुलाई व अगस्त में एक-एक बैच का संचालन हुआ था। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य विज्ञान और स्वास्थ्य, स्वच्छता, प्राथमिक चिकित्सा, योग-ध्यान की जानकारी दी जा रही है। इसी तरह सुरक्षा व आपात स्थितियों में निपटने सहित अन्य प्रशिक्षण दिए गये हैं।

## पुलिस ने किया लूट का खुलासा

**लखनऊ ।** (मध्य) क्षेत्र के थाना महानगर पुलिस को वादी अर्पित अग्रवाल निवासी 315,108,पान वाली गली चौक लखनऊ द्वारा थाना स्थानीय पर दो अज्ञात लड़कों के रोकने व छीना झपटी करना तथा पिस्टल से 3 राउंड गोली चलाई गई जो वादी के हाथ व पेट में लगने के संबंध में सूचना दी गई, सूचना पर तत्काल मौके पर थाना स्थानीय पुलिस बल पहुंचकर पीड़ित अर्पित अग्रवाल को उपचार के लिए भाऊवार देवरस अस्पताल ले जाया गया, लगे हुए सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों को किया गिरफ्तार, आरोपी 1 नवल किशोर यादव,2 सर्वेश यादव, विमल कुमार निवासी ग्राम माधवपुर थाना इटौंजा जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया गया, एक ही जगह के रहने वाले हैं तीनों आरोपी, जिनके कब्जे से एक पिस्टल 6 जिंदा कारतूस व मैगजीन बरामद किया गया, थाना प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा अहम भूमिका निभाते नजर आए, इसी क्रम में, डीसीपी, दिशा-निर्देश पर गठित की काई टीमें लगातार अपराधियों को धर पकड़ कर रही है,जिसमें आज थाना महानगर प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा, नेतृत्व में पुलिस ने आरोपीयों को गिरफ्तार कर, न्यायालय भेजा गया है।

## आने वाले चुनाव में पीडीए हराएगा एनडीए को

▸ जाति के आधार पर बीएलओ की तैनाती कर रही भाजपा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि पीडीए बड़ी लड़ाई लड़ने जा रहा है। पीडीए सबको साथ लेकर चलने का काम करेगा। आने वाले चुनाव में भी पीडीए ही एनडीए को हराएगा।

पार्टी की ओर से जारी विज्ञप्ति में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा विधानसभा उपचुनाव में सभी दस सीटें हारेगी। इसके बाद भाजपा विधानसभा का चुनाव भी हारेगी। भाजपा हार से डरी हुई है। ये बीएलओ को हटा रहे है। जाति के आधार पर बीएलओ की तैनाती हो रही है। जाति के आधार पर एसडीएम तैनात हो रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। थाने, तहसील से लेकर हर स्तर पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। भाजपा के नेता खुद स्वीकार करते है कि इस सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। इतना भ्रष्टाचार पहले कभी नहीं था।

भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ खुद इनके गठबंधन का विधायक धरने पर बैठा है। विधायक, मंत्री कह रहे है लूट हो रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि यह सरकार हर मोर्चे पर फेल है। किसानों को एमएसपी नहीं मिल रही है। किसानों के आलू और गेहूं की फसल की तैयारी करनी है लेकिन डीएपी खाद नहीं मिल रही है। सरकार फसलों के लिए डीएपी और अन्य उर्वरक नहीं उपलब्ध करा पा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा से लेकर प्रधानमंत्री जी तक ने किसानों से झूठे वादे किए। कहा था कि आय दोगुनी हो जाएगी, आय दोगुनी नहीं हुई उल्टे महंगाई के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति जर्जर हो गयी। नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा है। उनका भविष्य अंधकारमय है। मुख्यमंत्री जी रोज करोड़ों के निवेश की बात करते हैं। लेकिन न कहीं कोई उद्योग लग रहा हैं और न कहीं रोजगार है।

### उप्र. एएनटीएफ ने तीन साल में जब्त किए 175 करोड़ के अवैध मादक पदार्थ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री रोकने के लिए गठित एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने विगत तीन वर्षों में अब तक 175 करोड़ रुपये से ज्यादा का अवैध मादक पदार्थ जब्त किया है। प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ हुए ओवरऑल एक्शन की बात करें तो चार वर्षों में अब तक 45 हजार किलो से अधिक का अवैध मादक पदार्थ जब्त किया गया। एएनटीएफ ने विगत तीन वर्ष में की गई कार्रवाई की बात करें तो कुल 187 अभियोग दर्ज करते हुए 469 की गिरफ्तारियां की हैं। वहीं, 20,384.91 किलो अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया, जिसकी कुल कीमत 175 करोड़ 49 लाख 27 हजार 500 रुपये है। वर्ष 2022 से लेकर 2024 में अब तक इन तीन वर्षों में एएनटीएफ ने 6.37 किलो मार्फिन, 33.44 किलो हेरोइन (स्मैक), 129.63 किलो चरस, 106.62 किलो अफीम, 9,380.14 किलो डोडा (पोस्ता तृण), 10,725.26 किलो गांजा और 3.44 किलो मेफेड्रान जब्त किया है। यदि, इस वर्ष यानी 2024 में अब तक की गई कार्रवाई की बात करें तो कुल 91 अभियोग पंजीकृत करते हुए 190 गिरफ्तारियां हुईं। 1.78 किलो मार्फिन, 13.93 किलो हेरोइन (स्मैक), 23.85 किलो चरस, 61.88 किलो अफीम, 3414.98 किलो डोडा (पोस्ता तृण), 6467.01 किलो गांजा और 3.44 किलो मेफेड्रान जब्त किया है।

**अवसर** — श्रमिकों को 1,37,500 रुपए वेतनमान पर दो वर्षों के लिए मिलेगा काम

# निर्माण श्रमिकों को इजराइल में मिलेगा रोजगार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश यूपी के निर्माण श्रमिकों के पास एक बार फिर इजराइल में रोजगार हासिल करने का अवसर है। भारत और इजराइल के बीच हुए समझौते के तहत उत्तर प्रदेश के फेम वर्क, शटरिंग कारपेंटर और सिरेमिक टाइल श्रमिकों के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण की सुविधा प्रारम्भ हो गई है। चयनित निर्माण श्रमिकों को 1,37,500 रुपए वेतनमान पर दो वर्षों के लिए इजराइल भेजा जाएगा। इजराइल में काम करने वाले श्रमिकों को कम से कम 2 वर्षों की सेवा का अवसर मिलेगा।



श्रमिकों को बीमा कवर और अनुभव प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे, जिससे उनकी भविष्य की रोजगार संभावनाएं बेहतर होंगी। इन रोजगार अवसरों का लाभ उठाने के लिए आवेदकों को शर्तों का पालन करना होगा। आवेदक की उम्र 25 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उसके पास कम से कम 03 वर्ष की वैधता का पासपोर्ट होना चाहिए। साथ ही, संबधित ट्रेड में कम से कम 03 वर्ष का कार्य अनुभव भी अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त इजराइल में पूर्व में कार्य न किया होना भी अर्हता में शामिल है। अन्य शर्तें एवं अर्हताएं सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर दी गई हैं। इजराइल की पॉपुलेशन, इमीग्रेशन और बॉर्डर अथॉरिटी पीआईबीए श्रमिकों के चयन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी। पहले चरण में, श्रमिकों के अंग्रेजी भाषा के ज्ञान का मूल्यांकन किया जाएगा। यह मूल्यांकन जनपद के नोडल आईटीआई के प्रधानाचार्य और जिला रोजगार सहायता अधिकारी द्वारा किया जाएगा। यह प्री-स्क्रीनिंग प्रक्रिया श्रमिकों को इजराइल भेजने के लिए पहला कदम होगी। प्री-स्क्रीनिंग में सफल होने वाले श्रमिकों को आरपीएल के तहत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद, इजराइल की संस्था पीआईबीए द्वारा व्यावसायिक कौशल परीक्षण आयोजित किया जाएगा। इस परीक्षण में सफल श्रमिकों का पुलिस वेरिफिकेशन और मेडिकल परीक्षण होगा। इस पहल के संदर्भ में, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यह समझौता हमारे कुशल निर्माण श्रमिकों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी योग्यता साबित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। इजराइल में काम करने से उन्हें बेहतर रोजगार अवसर मिलेंगे, जिससे उनके जीवनस्तर में भी सुधार होगा।

## कमिश्नर ने रिश्वत के आरोप में तहसीलदार को किया निलंबित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार बीकेटी तहसील में सुनवाई की। उन्होंने शिकायतों के जल्द निस्तारण का आदेश दिया। समाधान दिवस में जमीन पर कब्जे, भ्रष्टाचार समेत कई शिकायतें मिलीं। वहीं सदर तहसील में कमिश्नर ने 50 हजार के रिश्वत मामले में एक तहसीलदार को निलंबित कर दिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का निस्तारण जल्द करें। लापरवाही करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

खनन मामले पर डीएम ने जब अधिकारियों से पूछा तो उन्होंने गोलमोल जवाब दिया। जिलाधिकारी ने 6 माह के रुद्रांश का अन्नप्राशन किया और 2 वर्षीय पीहू का जन्मदिन मनाया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त ने कहा कि आए हुए प्रकरणों का तत्काल निस्तारण किया जाएगा। निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। निस्तारण के सत्यापन के लिए अधिकारी शिकायतकर्ताओं को फोन करके फीडबैक लेंगे। समाधान दिवस में तत्काल निस्तारणरू सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए हुए प्रकरणों का तत्काल और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएगा। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने अधिकारियों से कहा कि जिस भी मामले का निस्तारण करें। उसमें पीड़ित से फोन करके एक बार फीडबैक जरूर लें।

### संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व कमिश्नर ने की सुनवाई

# डीएम-एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

- सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हुये शिकायती पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय से करें निस्तारित अधिकारी : डीएम

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील तरबगंज में डीएम व एसपी ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील तरबगंज में कुल 97 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 03 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के



मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रश्मि वर्मा, उपजिलाधिकारी तरबगंज, अपर उपजिलाधिकारी सुशील कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी तरबगंज विनय कुमार सिंह, तहसीलदार रंजन कुमार, तहसीलदार न्यायिक राम प्रताप पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी गौरव स्वर्णकार, जिला प्रवेश अधिकारी संतोष कुमार सोनी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, एक्सईएएन ग्रामीण अभियंता विभाग, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अधिकारीगण, विद्युत विभाग, डीसी उद्योग बाबूराम, बीडीओ बेलसर, वजीरगंज, नवाबगंज तथा तरबगंज, एसएचओ तरबगंज, नवाबगंज, उमरीबेगमगंज, वजीरगंज सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में एक घायल सहित दो गिरफ्तार





**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के प्रवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना को0कर्नलगंज पुलिस एवं स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा मु0अ0सं0-411/2024, धारा 331(8) बीएनएस थाना को0कर्नलगंज से सम्बन्धित घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त 02 शातिर चोर 01. बच्चन पुलिस मुठभेड़ में घायल व 02. राजेश को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के 20,000/- रूपये नगद व घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल पल्सर, 01 अदद अवैध देशी तमंचा मय 01 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण**

01. बच्चन पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम बौनापुर लोनियनपुरवा थाना कौडिया जनपद गोण्डा।
02. राजेश पुत्र मनोहर निवासी ग्राम पहाडापुर थाना कटराबाजार जनपद गोण्डा।

# कोटेदार पर बेईमानी का आरोप

- प्रति यूनिट 4 किलो देता है गल्ला, लाल कार्ड धारकों को केवल 30 किलो व चीनी मात्र 2 किलो कीमत 60 रु.



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** गरीब परिवारों को भोजन का संकट न हो इसके लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा गारंटी योजना के तहत फ्री में राशन और सस्ते दर पर चीनी का वितरण किया जाता है। इस हक पर कोटेदार डाका डाल रहे हैं। विकासखंड पड़री कृपाल क्षेत्र के चिलबिला ( डीहवा गांव के राशनकार्ड धारकों का आरोप है कि कोटेदार लक्ष्मी देवी ने राशनकार्ड पर अपने हाथ से काट कर यूनिट कम कर दी है। परिवार की संख्या के अनुपात में राशन नहीं मिल रहा है चिलबिला ( डिहींवा गाँव ) गांव में राशनकार्ड धारकों का कहना है कि कोटेदार ने राशन वितरण के सभी नियम-कायदों को ताख पर रख दिया है।अंत्योदय राशन कार्ड के नियमों के तहत प्रत्येक कार्ड धारक को 35 किलो राशन देने की व्यवस्था है और प्रत्येक तीसरे महीने तीन किलो चीनी सस्ते दर 54 रुपए में देने की व्यवस्था है।वही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा गारंटी योजना के नियमों के तहत प्रति व्यक्ति एक यूनिट पर 5 किलो राशन देने की व्यवस्था है।इसके तहत एक यूनिट पर 2 किलो चावल व 3 किलो गेहूं मिलता है।राशन कार्ड पर परिवार के सभी सदस्यों का नाम कंप्यूटराइज्ड अंकित होता है।कोटेदार लक्ष्मी देवी पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को प्रत्येक यूनिट एक किलो कम दिया जा रहा है।अंत्योदय राशन कार्ड धारक का कहना है कि उनके राशनकार्ड पर 35 किलो राशन मिलना चाहिए लेकिन लक्ष्मी कोटेदार के द्वारा सिर्फ 30 किलो राशन दिया जा रहा है।पात्र गृहस्ती राशन कार्ड के उपभोक्ता ने बताया की कार्ड में चार यूनिट दर्ज है।उसे काटकर सिर्फ 16 किलो हीं दिया जा रहा है इसी तरह उपभोक्ता रामा देवी के पति ने बताया कि तीन यूनिट है लेकिन 15 किलो कि जगह सिर्फ 12 किलो हीं मिल रहा है।चिलबिला डिहवा गाँव निवासी मेवा लाल ने बताया कि पांच यूनिट है लेकिन राशन सिर्फ चार लोगों का ही दिया जा रहा है।कार्डधारकों का आरोप है कि तौल करते समय कोटेदार की ओर से घपला किया जाता है और राशन की घटतौली होती है। और प्रति यूनिट पर एक किलो राशन कम दिया जाता है।वही ग्रामीणों ने बताया कि कोटेदार का पति आए दिन धमकी देता है जो राशन दिया जा रहा है वह ले लो नहीं तो राशन कार्ड से नाम ही कट जाएगा यही नहीं ग्रामीणों का आरोप है कई बार प्रार्थना पत्र देकर अधिकारियों से जांच करवाया गया,लेकिन कोटेदार की पहुंच के आगे राशन कार्ड धारकों की सुनवाई ही नहीं होती है।

**कोटेदार के पति के बोल**

चिलबिला के दूसरे कोटेदार समय पर राशन वितरण नहीं किया जाता है जब कोई व्यक्ति कोटेदार के यहां जाता है तो कोटेदार लोगों का यह कहकर वापस कर देता है कि अभी मशीन नहीं चल रही है।एनआईसी से नेटवर्क की दिक्कत हो गई है।और अभी राशन नहीं बट रहा है जब मशीन चलेगी तो हम आपको फोन कर देंगे जिसका भी एक भी ऑडियो वायरल हो रहा है।वही चिलबिला गांव के कोटेदार के द्वारा कार्ड धारकों को कम राशन दिए जाने की जानकारी पूर्ति विभाग के सप्लाई इंस्पेक्टर शिव प्रताप तिवारी से ली गई तो उन्होंने बताया कि अभी हमें कोई शिकायत नहीं मिली है।और अभी आज हमारा यहां पर पहला दिन है इससे पहले हम तरबगंज तहसील का चार्ज हमारे पास था।अगर शिकायत मिलती है तो जांच क़र कार्रवाई होगी।

# मंसाराम वर्मा के समर्थन में उतरा लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय का शिक्षक संघ

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

शनिवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक-संघ के प्रत्याशी प्रो0 मंशाराम वर्मा ने महाविद्यालय के शिक्षक साथियों मुख्य नियंता प्रो. राजबहादुर सिंह बघेल, प्रो. संदीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अवधेश कुमार वर्मा, डॉ. बी. एन. पाल, डॉ. मनीष मोदनवाल के साथ आचार्य नरेंद्र देव किसान पी.जी. कॉलेज, बभनान में आगामी चुनाव में मत, समर्थन एवं आशीर्वाद हेतु संपर्क किया। प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र कुमार शुक्ल ने सफलता प्राप्ति हेतु आशीर्वाद दिया। महाविद्यालय के समस्त शिक्षक साथियों के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि यदि मुझे अध्यक्ष के रूप में कार्य करने का अवसर मिलता है तो मैं अपने सभी शिक्षक साथियों को साथ लेकर चलने का प्रयास करूंगा। उनकी प्रत्येक समस्याएं हमारी समस्याएं होंगी, प्रत्येक शिक्षक के अधिकार सम्मान एवं समस्याओं के निदान हेतु मैं सदैव उपस्थित रहूंगा। शिक्षक संघ की कार्यशैली में संविधान के अनुसार कार्य करते हुए अधिक से अधिक अपने समस्त शिक्षक साथियों को लाभान्वित करने का प्रयास करूंगा। प्रोफेसर मंसाराम वर्मा के समर्थन में बीएड विभाग के प्रोफेसर संदीप कुमार श्रीवास्तव ने अपील करते हुए कहा कि हमें स्वच्छ छवि के लोगों को अवश्य अवसर देना चाहिए। डॉ. बी. एन. पाल, डॉ. अवधेश कुमार वर्मा एवं डॉ. मनीष मोदनवाल ने भी प्रो. मंशाराम वर्मा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए सशक्त शिक्षक-संघ के निर्माण की प्रतिबद्धता जताई।



## लखनऊ हॉस्पिटल व फेमस हेल्थ केयर हॉस्पिटल की ओर से लगाया गया फ्री चेकअप हेल्थ कैंप

**जरवल, बहराइच समृद्धि न्यूज।** जरवल कस्बा के सरजमी से ताल्लुक रखने वाले डॉक्टर प्रमोद मौर्या व डॉक्टर नूरुद्दीन ने अपने समस्त स्टाफ के साथ रोशनी के दिन एक फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया। जिसमें करीब 500 से अधिक लोगों ने को फ्री चेकअप के साथ-साथ मर्ज से संबंधित दवाइयां और बेहतर इलाज के लिए सलाह दी गई। इस फ्री हेल्थ चेकअप मे निदान पैथ लैब के लैब टेक्नीशियन संदीप वर्मा की बेहद व महत्वपूर्ण भूमिका रही, लखनऊ हॉस्पिटल व निदान पैथ लैब इस क्षेत्र में कई वर्षों से लोगों को सस्ती और गुणवत्तापरक सुविधा दे रहे हैं। जिससे मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधा बहुत ही कम और उचित दर पर समय से मिल पा रही हैं। जिससे लोगों को स्वास्थ्य संबंधित जांच के साथ-साथ, सुझाव व दवाइयां के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ रहा है।इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रजीउद्दीन बच्छन अपने साथियों के साथ मुख्य अतिथि के तौर पर रहे।

# गोंडा में मिलेगा दिल की बीमारियों का विशेषज्ञ चिकित्सकों से इलाज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

- हर महीने के तीसरे शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक लाइफलाइन अस्पताल में परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे चिकित्सक





मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने गोंडा में दिल (हृदय) की बढ़ती बीमारियों को देखते हुए अहम पहल की है। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने गोंडा के लाइफलाइन हॉस्पिटल में विशेष हृदय(कार्डियोलॉजी) ओपीडी सेवाएं शुरू कर रहा है। हाल के वर्षों में, पूरे भारत में कोरोनरी आर्टरी डिजीज (सीएडी) में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से जीवनशैली में आए बदलावों से जुड़ी है, और यह दरें अब चिंताजनक रूप से पश्चिमी देशों की तुलना में बराबर या उनसे अधिक होती जा रही हैं।

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अंकित सिंह हर महीने के तीसरे शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक लाइफलाइन अस्पताल, गोंडा में परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।

डॉ. अंकित सिंह ने इन सेवाओं के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण आबादी में, उच्च रक्तचाप और मधुमेह के कई मामले - सीएडी के लिए प्रमुख जोखिम कारक - निदान नहीं किए जाते हैं। उनका इलाज नहीं किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में धूम्रपान की दर और अन्य हानिकारक आदतें भी अधिक होती हैं। इसलिए, जोखिम कारकों, लक्षणों और प्रारंभिक निदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना महत्वपूर्ण है। यह पहल जटिल हृदय संबंधी स्थितियों का प्रबंधन करने और निवारक परामर्श प्रदान करने में मदद करेगी।

डॉ. सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में, सीएडी आमतौर पर 40 से 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों को प्रभावित करता है। हालांकि, शहरी क्षेत्रों में, धूम्रपान, नशीली दवाओं के उपयोग, मोटापे और अन्य जीवनशैली कारकों की उच्च दरों के कारण युवा आबादी भी अधिक जोखिम में है। इससे पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मध्यम आयु वर्ग और वृद्ध वयस्क अधिक असुरक्षित हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में युवा वयस्क भी महत्वपूर्ण जोखिम में हैं।

गोंडा के लाइफलाइन अस्पताल में ओपीडी में हृदय संबंधी कई तरह की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जिसमें दिल व कोरोनरी की बीमारी की पहचान की जाएगी। जिससे समय पर निदान और उपचार सुनिश्चित होगा।

मैक्स हॉस्पिटल लखनऊ की हृदय विज्ञान में विशेषज्ञता है। इसक फायदा गोंडा और आस-पास के क्षेत्रों के निवासियों को मिलेगा। साथ ही उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

# बिना काम कराए निकाला गया लाखों, हड़कंप

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



- शिकायत के बाद भी भ्रष्टाचार की भेट चढ़ रही सड़क

शिवपुर ब्लाक क्षेत्र में लगातार मनरेगा में भ्रष्टाचार की खबर निकल कर आ रही हैं। पिपरिया ग्राम पंचायत की लगी आग बुझी ही नहीं है। कि बितनिया ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की दीवार खड़ी हो गई है। पूर्व में भी चौदह लाख के भ्रष्टाचार में रिकवरी के निर्देश डीपीआरओ द्वारा निर्गत किया गया है। बावजूद भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बिना काम के लाखों रुपए निकालने का मामला तूल पकड़ रहा हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष सालिक राम लोधी ने 17 सितंबर से लगातार खंड विकास अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर जांच एवं कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। लेकिन अभी तक शिकायत ठंडे बस्ते में पड़ी दिखाई दे रही है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि ग्राम पंचायत बितनिया सरयू नदी के कछार में बसा हुआ है। जहां बरसात और बाढ़ के बीच भी ब्लाक प्रशासन से सांठगांठ कर फर्जी फोटो अपलोड कर मास्टर रोल चलाकर लाखों रुपए निकालने गए हैं। ग्राम पंचायत में राकेश के खेत से उत्तर बार्डर तक व नेवल के खेत से पूरब डामर तक एवं ओम प्रकाश के घर से पृथ्वी राज के खेत तक और विजय कुमार के खेत से तुला राम के खेत तक मिटटी पटाई का कार्य दिखाकर लाखों रुपए निकालने गए हैं। जिस पर कोई काम ही नहीं हुआ है। शिकायतकर्ता के शिकायत करने के बाद ब्लाक प्रशासन ने खानापूर्ति कर काम को सही दिखाने की कोशिश में जुट गया है। जिन सड़कों पर फर्जी भुगतान किया गया है उन्ही सड़क को फावड़े से गुड़ाई करवा कर सही दिखाने में लगे हुए हैं। सड़क गुड़ाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।खंड विकास अधिकारी ने बताया कि टीम गठित कर जांच करवाई जा रही है।

## उर्रा बाजार में धू-धू कर जल उठा ट्रांसफार्मर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** उर्रा बाजार में जूनियर हाईस्कूल के सामने स्थापित ट्रांसफार्मर शनिवार दोपहर में जलने लगा। आबादी में रखे ट्रांसफार्मर में आग लगने से हड़कंप मच गया। हालांकि कुछ देर बाद आग अपने आप बुझ गई। मिहीपुरवा विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत उर्रा में जूनियर हाईस्कूल के सामने 100 केवी का ट्रांसफार्मर स्थापित है।इस ट्रांसफार्मर से ग्राम पंचायत की आधी आबादी को बिजली आपूर्ति दी जाती है। शनिवार को बिजली सप्लाई चल रही थी। इसी दौरान अचानक ट्रांसफार्मर में आग लग गई। जिसके चलते आसपास मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। सभी अपना सामान वहां से हटाने लगे। लगभग 20 मिनट तक ट्रांसफार्मर जला। इसके बाद आसपास के लोगों ने बालू डालकर आग बुझाया। विद्युत उपकेंद्र में सोचना देकर आपूर्ति कटवाई। ट्रांसफार्मर जलने से आपूर्ति भी ठप हो गई है।



## विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजित

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** शहर के गायत्री पुरम में ए पी एस ग्लोब स्कूल गोंडा में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ अरविंद शर्मा ,डॉ रेखा शर्मा, डॉआरबी सिंह बघेल, नृपेंद्र मिश्रा, रन युद्ध सिंह, डॉ अभय श्रीवास्तव, अजय विक्रम सिंह ने बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडल का अवलोकन किया और बच्चों के प्रयासों की सराहना की। मॉडल प्रतियोगिता में क्लास 6 से लेकर हाई स्कूल तक के बच्चों ने भाग लिया, जिसमें अनन्या मिश्रा द्वारा बनाया गया न्यूक्लियर रिएक्टर, मानवी सिंह द्वारा बनाया गया इंटीग्रेटेड फार्मिंग और आयुष कुमार द्वारा बनाया गया सेंसर लगा हुआ चश्मा विंडमिल सोलर एनर्जी एसिड रेन वायु प्रदूषण ध्वनि प्रदूषण रेन वाटर हार्वेस्टिंग इत्यादि पर बहुत ही लाभप्रद मॉडल प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक अजय प्रकाश सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम के दौरान अजरा सीमिन ,अंतिमा सिंह, शिवानी सिंह ,निष्ठा, सौम्या, मंजू शुक्ला, काजल ,वर्तिका, रिशु सिंह, मुस्कान ,अलका सिंह ,राजेश्वरी मौर्य ,चंदन कनौजिया, अभिषेक श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिला की मौत पर हाईवोल्टेज ड्रामा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- पोस्टमार्टम न कराने पर अड़े परिजनों की पुलिस से हुई नोकझोंक

शहर के नूरुद्दीन चक गांव निवासी एक महिला की जिला अस्पताल में मौत हो गई। महिला की मौत संदिग्ध जहरीला पदार्थ खाने से हुई है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी करने लगी। लेकिन परिवार के लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। इसके बाद शव लेकर चले गए। देर रात को शव घर से उठाकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।दरगाह थाना क्षेत्र के नूरुद्दीन चक हड्डी गोदाम निवासी रेखा देवी (20) पत्नी संदीप कुमार ने आठ माह पूर्व बेटी को जन्म दिया था। बेटी की जन्म के बाद मौत हो गई। इसको लेकर परिवार के लोग काफी परेशान रहते थे। शुक्रवार रात नौ बजे रेखा देवी की तबियत अचानक खराब हो गई।इस पर परिवार के लोग महिला को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां इलाज के दौरान 10 बजे महिला की मौत हो गई। पोस्टमार्टम न हो, इसके लिए परिवार के लोग हंगामा करने लगे। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर चौकी की पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने जा रही थी। लेकिन परिवार के लोग चौकी पुलिस से भिड़ गए। स्ट्रेचर से शव लेकर स्टैंड में गए। इसके बाद ऑटो बुलाकर पुलिस से ज्यादती कर शव लेकर घर चले गए। इसकी जानकारी पुलिस ने उच्चाधिकारियों को दी। देर रात को दरगाह थाने की पुलिस भारी पुलिस फोर्स के साथ गांव पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दरगाह थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण की जानकारी हो सकेगी। वहीं मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर शिवम मिश्रा ने बताया कि मुंह से झाग निकल रहा था। किसी जहरीले पदार्थ का सेवन महिला के करने की आशंका है।

**पुलिस को भी कहे अपशब्द**

अस्पताल में स्थित चौकी पर इंचार्ज हेमंत सिंह नहीं थे। दो सिपाही पोस्टमार्टम के लिए जिद करने लगे। लेकिन परिवार के लोग उल्टे पुलिस का वीडियो बनाने लगे। नौकरी जाने की धमकी देने लगे। काफी देर बाद चौकी इंचार्ज भी पहुंचने, लेकिन वह भी शव ले जाने से नहीं रोक सके।

## विभिन्न योजनाओं से आच्छादित होंगे मानव वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित परिवार

# डीएम ने दिया निर्देश, अधिकारी करें स्थलीय सत्यापन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



तहसील महसी अन्तर्गत मानव वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित परिवारों को विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय स्वच्छता कार्यक्रम, उज्वला योजना, विद्युत कनेक्शन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा अन्य विभागीय योजनाओं से आच्छादित किया जाना है।

इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में निर्देश दिया कि स्थलीय सत्यापन कर यह देख लिया जाय कि प्रभावित परिवारों को विभागीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है अथवा नहीं। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि सत्यापन के दौरान इस बात की भी जानकारी प्राप्त की जाय कि मानव वन्यजीव संघर्ष में मानव व पशुओं की जनहानि अथवा घायल होने पर सम्बन्धित परिवार वारिसान को सरकारी मुआवज़ा मिल गया है। यदि मुआवज़ा मिल गया है तो उसका पूर्ण विवरण और न मिलने की दशा में कारणों का भी उल्लेख किया जाय।

डीएम ने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दिया कि मानव वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित परिवारों के आवास/झोपड़ी में दरवाज़ा/बांस का टट्टर लगाये जाने की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए आरा मशीन स्वामियों से भी सहयोग प्राप्त किया जाय।

# एसकेएस कालेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान

- साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम की जा सके : हरीश नागर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



डा. सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रूप आफ इंस्टीट्यूटशंस सबलापुर में सफाई अभियान चलाया गया। इस सफाई अभियान में प्राचार्य, शिक्षक समेत छात्र-छात्राओं ने कालेज परिसर में झाड़ू लगाकर श्रमदान किया। प्राचार्य हरीश नागर ने बताया कि स्वच्छता से हमारे आसपास सूक्ष्म जीवों से होने वाली बीमारियों से छुटकारा मिलता है। जैसे आज कल जानलेवा बीमारियों जैसे टाईफाइड, मलेरिया, डेंगू आदि के सूक्ष्म जीव गन्दे स्थानों में ही पनपते हैं। ऐसे में हमें साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम की जा सके। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता ही सेवा का संकल्प दिलाया और सफाई का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि सफाई के लिए लोगों को अभी और प्रेरित किए जाने की आवश्यकता है। पालिथीन से होने वाले नुकसान के बारे में छात्र - छात्राओं को जानकारी दी। इस मौके पर आलोक कुमार शुक्ल, कृष्ण गोपाल, फूलचंद्र डावरिया, अशरफ़ खान,गौरव सिंह,उदय वर्मा, चंदन शर्मा, श्रवण कुमार, आंचल सिंह, दीक्षा वर्मा,फरहत खान, प्रतीज्ञा पाठक, सुषमा गिरी, आयुषी, सौम्या सिंह, रोशनी, संगीता समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रहें।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** गोंडा-बहराइच रेल प्रखंड पर सरसा गांव के निकट शनिवार सुबह एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पयागपुर थाना क्षेत्र के सरसा गांव के निकट स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 500 मीटर पश्चिम के निकट शनिवार सुबह एक युवक का शव मिला। गोंडा-बहराइच रेल प्रखंड पर युवक की ट्रेन से कटकर मौत हुई थी। ग्राम प्रधान सरसा की सूचना पर पयागपुर थाने की पुलिस पहुंची। पुलिस ने जांच के दौरान मृतक की पहचान शिव दयाल (22) पुत्र जगदीश निवासी सरसा के रूप में की। हालांकि युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी है या अचानक कट गया। इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने बताया कि डेमू से कटकर युवक की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# विद्यालय भवन की दूसरी मंजिल में लगी आग



- विद्यालय भवन में फंसे अध्यापक, छात्र, अग्निशमन विभाग ने किया रेस्क्यू ऑपरेशन
- भूकम्प एवं अग्निकांड सुरक्षा पर मॉक एक्सरसाइज का केडीसी में हुआ आयोजन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** भूकम्प व अग्निकांड जैसी आपदाओं के दौरान बचाव एवं राहत कार्यो के संचालन विषय पर जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण द्वारा स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच में राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के द्वारा दिये गये निदेशों के क्रम में भूकम्प एवं अग्नि सुरक्षा पर मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। जिसमें आपदा परिदृष्य के रूप में केडीसी में लगभग दोपहर 11:10 पर अचानक भूकम्प के झटके महसूस किये गये, जिससे मौजूद छात्र छात्राओं व अध्यापक घबरा गये किन्तु इस स्थिति में उन्होंने संयम से काम लेते हुये विद्यालय भवन से पंक्तिबद्ध तरीके से निकल कर बाहर मैदान में एकत्र हो गये। इसी दौरान विद्यालय भवन की दूसरी मंजिल में आग भी लग गयी, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यह सूचना जैसे ही जिला कन्ट्रोल रूम/इमरजेन्सी ऑपरेशन सेन्टर को मिली, सूचना प्राप्त होते ही वायरलेस के माध्यम से सूचना को अधिकारियों को प्रसारित किया गया। घटना की सूचना प्राप्त होते ही अतिरिक्त मजिस्ट्रेट/प्रभारी इंसीडेन्ट कमाण्डर राम दयाल द्वारा अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को विद्यालय भवन में फंसे व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकालने हेतु निर्देश दिये गये। उपस्थित अधिकारी घटना स्थल की ओर रवाना हो गये। इन्सीडेन्ट कमाण्डर से निर्देश प्राप्त होते ही घटना स्थल पर अग्निशमन व पुलिस विभाग की टीम तथा आपदा प्रबन्धन में दक्ष आपदा मित्र, एनसीसी, एनएसएस, चिकित्सा दल मय एम्बुलेन्स बचाव कार्य हेतु पहुंच गये। खोज एवं बचाव में लगे हुये बचाव दलों ने तत्परता से केडीसी विद्यालय में फसे हुये व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाला। जो व्यक्ति घटना में घायल हुये उनका मेडिकल टीम ने घटना स्थल पर ही प्राथमिक उपचार किया एवं अधिक घायल व्यक्तियों को पास की सीएचसी में एम्बुलेन्स के द्वारा रेफर किया। जहाँ मौजूद डॉक्टर की टीम ने घायलो को उपचार देना शुरू किया। उक्त घटना क्रम एक परिकल्पना के रूप में घटित किया गया। इस घटना का सजीव वर्णन आपदा विषेशज्ञ के द्वारा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण को घटना क्रम वार दिखाया गया। जिसमें सबसे पहले जिला आपातकालीन कन्ट्रोल रूम में मौजूद संसाधनों, घटना स्थल पर खोज एवं बचाव कार्य, घायलों को उपचार देते हुये दिखाया गया।

# शिवगढ़ क्षेत्र के रायपुर नेरुवा में ग्राम चौपाल आयोजित

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

शासन की मंशा के अनुरूप विकास क्षेत्र शिवगढ़ की ग्राम पंचायत रायपुर नेरुवा में परियोजना निदेशक रायबरेली की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ जिसमें यूपी सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई गौरतलब हो कि शुक्रवार को शिवगढ़ विकास क्षेत्र के अंतर्गत रायपुर नेरुवा गांव में परियोजना निदेशक रायबरेली राजेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया ग्राम चौपाल में पहुंचे सभी अधिकारियों का ग्राम प्रधान रतिपाल द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया इस दौरान चौपाल में स्वास्थ्य ,शिक्षा, कृषि, पंचायतीराज, राजस्व, समाजकल्याण, पशु पालन, विद्युत विभाग, एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल में मौजूद पंचायत के ग्रामीणों को उनके हित में शासन द्वारा संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री आवास, वृद्धा एवं विधवा पेंशन, शौचालय मनरेगा, सहित कई अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई इसके इस दौरान परियोजना निदेशक ने कहा कि शासन द्वारा ग्रामीण अंचल क्षेत्र के लोगों के हित के लिए जो भी योजनाएं संचालित की जा रही है उसका लाभ आसानी से उठा सके इसीलिए गांव-गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाता है जिससे ग्रामीणों को इन योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा सके साथ ही उनकी समस्याओं का निदान भी आसानी से किया जा सके साथ ही परियोजना निदेशक ने ग्राम प्रधान रतिपाल रावत की प्रशंसा करते हुए कहा कि विकास क्षेत्र शिवगढ़ में ग्राम पंचायत रायपुर नेरुवा के ग्राम प्रधान द्वारा गांव के लोगों को सभी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए समय-समय पर विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जो आपको शायद ही किसी अन्य ग्राम पंचायत में देखने को मिले इस मौके पर बीडीओ शिवगढ़ बाबूलाल वर्मा, एडीओ एजी दिलीप कुमार सोनी, बीईओ अनिल मिश्रा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रेमशरण, एच ई ओ जयराम यादव,थाना प्रभारी निरीक्षक शिवगढ़ श्याम कुमार पाल ग्राम विकास अधिकारी अंजली वर्मा व लेखपाल अमित कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित पंचायत के ग्रामीण मौजूद रहे।



# एक्शन में एसपी, 50 पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

**एसपी की कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जिले की बिगड़ी कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए नवागन्तुक पुलिस अधीक्षकडॉ यशवीर सिंह ने लगातार प्रयास कर रहे है। पुलिस अधीक्षक के आते ही अपराधियों में दहशत का माहौल तो है।

वहीं अगर बात पुलिस महकमे की करी जाए तो महकमे में बड़ी-बड़ी कार्रवाई होने से अफरा-तफरी मची है।पुलिस अधीक्षक ने बड़े पैमाने पर वर्षों से थानों पर जमे चार दर्जन से अधिक सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है।




एसपी की इतनी बड़ी कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने वर्षों से थाने में जमें 50 सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया है। इतनी मात्रा में सिपाहियों के लाइन हाजिर होने से विभाग में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक के आने के बाद लगातार लापरवाह कर्मियों पर कार्रवाई होना कहीं न कहीं पुलिस अधीक्षक की कुशल कार्यशैली का प्रतीक माना जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक के चार्ज ग्रहण करने के तीन दिन बाद ही दो साल से एक ही थाने में जमे गुरबक्शगंज के सिस्टमबाज अंडर ट्रांसफर थानेदार को एसपी के आदेश पर कार्यमुक्त कर दिया गया। लगातार हो रही कार्रवाई से जिले की पुलिसिंग ढर्रे पर आ रही है और कई लापरवाह थानेदार भी पुलिस अधीक्षक के निशाने पर है। सूत्रों के मुताबिक 24 घण्टे के अंदर एसपी का चाबुक उन पर भी चलने वाला है।

## खबरें एक नजर में

### तहसील दिवस में 45 शिकायतों में दो का हुआ निस्तारण



**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एसडीएम रश्मि लता द्वारा की गई महाराजगंज तहसील में प्रथम संपूर्ण समाधान दिवस को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सभी अधिकारी और कर्मचारी लें उनका निस्तारण करें जनता इधर-उधर ना भटके इसके लिए सभी अधिकारियों व कर्मचारी विशेष ध्यान दें। लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों को बख्सा नहीं जाएगा संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 45 शिकायते आई जिनमें दो का निस्तारण हुआ बाकी शिकायतों के लिए जल्द से जल्द निस्तारण की बात अधिकारियों द्वारा कही गई। राजस्व विभाग की 19 पुलिस की नौ विकास से संबंधित 10 अन्य सात कुल 45 शिकायते आई। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### सीएचसी से दो सौ मीटर की दूरी पर मिला नवजात शव, इलाके में हड़कंप

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जगतपुर सीएचसी से 200 मीटर दूर पावर हाउस के निकट नवजात शिशु का शव मिलने से हड़कंप मचा है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार को जगतपुर सीएचसी से दो सौ मीटर दूर पावर हाउस के निकट एक नवजात शिशु का शव खून से लथपथ पड़ा हुआ था। रास्ते से गुजर रहे स्थानीय लोगों की जब नजर पर तो आसपास लगभग सैकड़ों लोग एकत्रित हो गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नवजात शिशु के शव को कब्जे में लिया। स्थानीय लोग तरह तरह के आरोप लगा रहे हैं। किसी का कहना है कि कहीं सीएचसी में कोई बच्चा पैदा हुआ होगा तो कोई कहता अवैध संबंधों वाला होगा और उसे फेंका गया है। सीएचसी अधीक्षक डा एलपी सोनकर ने बताया कि हमारे यहां रात्रि में एक डिलीवरी हुई है। लेकिन जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। ये हमारे यहां का नहीं है।

### दीवार गिरने से महिला घायल, इलाज जारी

**सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शनिवार की सुबह थाना क्षेत्र के एक गांव में चूल्हे में खाना बना रही महिला के ऊपर कच्ची दीवाल भर भरा कर गिर गई इससे वह मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई ।मलवे से निकल कर परिजन उसे सीएचसी ले गए जहां के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जहां प्राइवेट नर्सिंग होम में महिला को भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र के सरेनी गांव की रहने वाली उषा शुक्ला उम्र करीब 50 वर्ष पत्नी पुत्तन शुक्ला आज सुबह गरीब नौ बजे घर में चूल्हे में खाना बना रही थी तभी कच्ची दीवार भर भराकर उनके ऊपर गिर गई इससे वह मलबे में दब गई पास में बैठे उनके बेटे शिवम शुक्ला ने शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे और फावड़ा से मिट्टी हटाकर उन्हें बाहर निकाला इसके बाद परिजन उनको सी एच सी ले गए जहां के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। गांव के भोले सिंह ने बताया कि रायबरेली के प्राइवेट नर्सिंग होम में घायल महिला को भर्ती कराया गया है। गनीमत रही की मिट्टी गिरने से चूल्हा बुझ गया था वरना बड़ी घटना हो सकती थी।

### बलात्कार-अपहरण में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** बलरामपुर जिले के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशानुसार, अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गैड़ास बुजुर्ग पुलिस ने 366 और 376 धाराओं के तहत वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इस अभियान का पर्यवेक्षण अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र सिंह द्वारा किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सुरजीत पुत्र रतिपाल उर्फ लक्ष्मी सिंह निवासी परऊपुर छतौना, थाना कोतवाली देहात, सुल्तानपुर, के रूप में हुई है। पुलिस टीम उप-निरीक्षक अनिल कुमार, हेड कांस्टेबल रणजीत भारती, कांस्टेबल देवाशीष मिश्रा ने अभियुक्त को अयोध्या के नयाघाट इलाके से गिरफ्तार किया और उसे न्यायालय में पेश करने के लिए भेजा गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई कानून व्यवस्था को सख्ती से बनाए रखने और अपराधियों पर लगाम कसने की दिशा में की गई है। मामले में अभियुक्त के खिलाफ धारा 366 (अपहरण) और 376 (बलात्कार) के तहत मामला दर्ज था, जिसे सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया है।

### अज्ञात कारणों से खड़े ट्रक में लगी भीषण आग



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** लालगंज कस्बे के नगर पंचायत के सामने तिराहे पर एक ट्रक में अचानक आग लग जाने से हड़कंप मच गया ।आसपास के वाहनों में भगदड़ मच गई। ट्रक के ड्राइवर पप्पू ने बताया कि वह रेलवे की लोहे की सीट लेकर जगदीशपुर एक फैक्ट्री में छोड़ने जा रहा था। लालगंज नगर पंचायत तिराहे के पास पहुंचने पर रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से वह खड़ा हो गया। रेलवे क्रॉसिंग का गेट खुलने पर जैसे ही उसने ट्रक स्टार्ट करने के लिए सेल्फ लगाया अचानक ट्रक के इंजन में आग लग गई और वह धू धू करके जलने लगा। वह तो कहिए पास में ही बाजपेई धुलाई सेंटर की दुकान थी उन्होंने अपना समरसेबल चलाकर आग बुझाना शुरू कर दिया। करीब 20 मिनट के बाद लालगंज फायर ब्रिगेड और रेल कोच फायर ब्रिगेड के कर्मचारी पहुंचे और उन्होंने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक ट्रक को आग से काफी नुकसान पहुंच चुका था। वही बीच तिराहे पर ट्रक में आग लग जाने से दोनों तरफ भीषण जाम लग गया। तिराहे के तीनों तरफ वाहनों की लंबी कतारे लग गई ।कई घंटे तक लोगों को भारी मुसीबत का सामना उठाना पड़ा।

# बीएमपीएस प्रबंधन का कार्य अति प्रशंसनीय : राजेश

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के बहु प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज के बच्चों ने विद्यालय प्रबंधन के दिशा- निर्देशन में हिंदी-दिवस सप्ताह के आखिरी दिन नुक्कड़ नाटक कर मोबाइल के उपयोग से लाभ या हानि का मानव जीवन पर होने वाले प्रभावों के बारे में नुक्कड़ नाटक कर सभी को जागरूक करने का सफल प्रयास किया है।

उल्लेखनीय है कि बीएमपीएस प्रबंधन सर्वश्रेष्ठ शिक्षा के साथ-साथ सामाजिकता के क्षेत्र में भी निरंतर नए-नए आयाम स्थापित किए हैं। बीएमपीएस की कक्षा-9 की छात्राओं आराध्या शुक्ला, नयन यादव,नाविका गुप्ता, अवनी शुक्ला, आंचल मिश्रा, अलीशा बानो, पलक सिंह चौहान, जिज्ञासा सिंह चौहान, सादिया खान, वैशाली, अपर्णा, अंशू, साहिबा, तेजस्वी, अंजली, अंशिका, नैंसी, स्वीटी, अनुष्का,रश्मि आदि ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जबरदस्त अभिनय कर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया।छात्राओं ने बेहटा चौराहा स्थित हनुमान गढ़ी और सरकारी अस्पताल में नुक्कड़ नाटक कर सभी को मोबाइल के उचित प्रयोग के बारे में बताया,साथ ही वर्तमान और भूतकाल के परिवेश का तुलनात्मक अभिनय कर परिवार के प्रति उपज रही विचारधाराओं के बारे में सभी को सीख लेने के लिए प्रेरित किया। दोनों जगह पर लोगों ने छात्राओ के इस नुक्कड़ नाटक की भूरि-भूरि प्रशंसा की ।अस्पताल परिसर में अधीक्षक राजेश गौतम ने नुक्कड़ नाटक की सराहना करते हुए कहा वास्तव में बीएमपीएस प्रबंधन का यह कार्य बहुत ही प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुनील सिंह,प्रबंधक शांतनु सिंह प्रशासनिक से सिद्धार्थ सिंह के साथ-साथ विद्यालय के अध्यापक भी प्रशंसा के पात्र हैं जिनके दिशा-निर्देशन में विद्यालय शिक्षा के साथ ही साथ सामाजिकता के क्षेत्र में नए-नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कार्यक्रम का सीधा प्रसारण अपने पारिवारिक बच्चों को भी दिखाया जिससे वह कुछ सीख ले सके। अधीक्षक ने कार्यक्रम में सहभागी सभी छात्राओं के जलपान की व्यवस्था की। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीति श्रीवास्तव,रोहित त्रिवेदी का विशेष योगदान रहा। यह जानकारी बीएमपीएस के पीआरओ यशबहादुर यादव ने दी।

## बीईओ प्रभारी ने किया विद्यालयों का निरीक्षण



**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** आज बी ई ओ मुख्यालय रायबरेली वीरेन्द्र दिवेदी द्वारा प्राथमिक विद्यालय वसालत नगर समेत कई स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमे प्राथमिक विद्यालय बैखरा अशरफाबाद पहरावा और पी यश ओया की सत्र परीक्षा देखी गई बच्चे व्यवस्थित रूप से परीक्षा देते हुवे मिले एवम सभी स्कूलों में अध्यापक भी उपस्थिति रहे वीरेन्द्र दिवेदी ने सभी प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि अक्टूबर से दिसंबर माह तक सभी बच्चो को निपुड बनाए प्राथमिक विद्यालय वसालत नगर के प्रधानाध्यापक महताब खान को विद्यालय के अच्छे वातावरण को बनाए रखने पर बधाई दी।

# मजबूत शिक्षा प्रगति का आधार : गौरव

**सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**



शिक्षा के प्रति बच्चों में अधिक रुचि व लगन बढ़ाने के उद्देश्य से ब्राइट कैरियर पब्लिक स्कूल सरेनी में संपन्न हुए क्वार्टरली एग्जामिनेशन (एफ.ए.वन) के परिणाम में प्राप्त रैंक के आधार पर बच्चों को पुरस्कृत किया गया। अपने संबोधन में विद्यालय के प्रधानाचार्य गौरव कुमार तिवारी ने कहा, ÷ मजबूत शिक्षा प्रगति का आधार है ÷ इससे विद्यार्थियों के विचारों में सकारात्मक बदलाव आता है। अभिभावक, शिक्षक एवं छात्र के बीच कड़ी - रोल में होते हैं। समय-समय पर छात्र/छात्राओं की दिनचर्या की जानकारी से शैक्षिक स्तर में अमुलभूत सुधार होता है व स्वअनुशासन जागृत होता है। अरनवी सिंह, आर्या सूर्यवंशी, अभिषेक, प्रागी सिंह, आशीष कुमार, सौरभ तिवारी, अनन्य द्विवेदी, भारती व सृष्टि तिवारी ने प्रथम रैंक का पुरस्कार प्राप्त किया जबकि आयांश यादव, रियान सिंह, पीयूष द्विवेदी, सौम्या, देव गुप्ता, प्रीत कुशवाहा, अथर्व सिंह, अंशिका तथा कल्याणी शुक्ला ने क्रमशः द्वितीय रैंक का पुरस्कर प्राप्त किया। तृतीय रैंक में अभिनव यादव, अंशिका चौरसिया, अवनी कुशवाहा, शौर्य तिवारी, अबू हमजा, एंजल, आर्या सिंह, वेदिका सैनी, अंश द्विवेदी और शिवानी को पुरस्कार प्रदान किया गया। जिससे पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरों में रौनक देखने को मिली, प्रबंधक अनूप तिवारी ने सभी बच्चो को हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई देते हुए उनको और उचाईया छूने के लिए प्रेरित किया इस मौके से स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।

# कम्पोजिट विद्यालय विशुनपुर खरहना के प्रधानाध्यापक पर भ्रष्टाचार का आरोप

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



**मिड-डे मील योजना में घोटाला**

विकास खण्ड रेहरा बाजार के ग्राम सभा विशुनपुर खरहना स्थित कम्पोजिट विद्यालय में मिड-डे मील योजना में अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगे हैं। 11 सितंबर 2024 को ग्रामीणों द्वारा बनाया गया एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हो रहा है, जिसमें बच्चे खुद यह बताते नजर आ रहे हैं कि मीनू के अनुसार उन्हें दूध और फल नहीं दिए जाते। सूत्रों के अनुसार, बच्चों को कभी-कभी ही दूध मिलता है, जो अमूल का एक लीटर पैक होता है, जिसमें पानी मिलाकर सभी बच्चों में बांटा जाता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस तरह बांटा जाने वाला दूध बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। वहीं, फल की गुणवत्ता भी बेहद खराब बताई जा रही है, जिसे कई बच्चे खाना छोड़ देते हैं या फेंक देते हैं। इस प्रकार, मिड-डे मील योजना का उद्देश्य पूरी तरह से विफल हो रहा है। प्रधानाध्यापक पर आरोप है कि सरकार द्वारा दी जाने वाली राशि का सही उपयोग नहीं हो रहा है, और बच्चों को घटिया गुणवत्ता का खाना और दूध दिया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मिड-डे मील के लिए प्राप्त होने वाली राशि का उचित उपयोग नहीं किया जा रहा है, और बच्चों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

## सई नदी में डूबे किशोर का शव बरामद

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



सई नदी में मछली पकड़ने गया किशोर डूब गया था। जिसको स्थानीय गोताखोर व एसडीआरएफ की टीम ने शव को बरामद कर लिया। पुलिस ने शव को अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।सलोन कोतवाली क्षेत्र के नायन गांव निवासी करन उम्र लगभग 13 वर्ष गांव के पास स्थित सई नदी में शुक्रवार को मछली पकड़ने गया था। इसी दौरान नदी में डूब कर लापता हो गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर दलबल के साथ पहुंची। जहां स्थानीय गोताखोरों व एसडीआरएफ की टीम ने तलाश शुरू किया।स्थानीय थाना क्षेत्र के पीरा नगर के पास से शव बरामद किया हैं। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया हैं।

# आरेडिका में स्वच्छता ही सेवा अभियान 4.0 के तहत वृक्षारोपण एवं साफ-सफाई कार्यक्रम आयोजित

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में प्रधानमंत्री के स्वच्छता ही सेवा अभियान 4.0 एवं ''एक पेड़ माँ के नाम'' के तहत महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने टाइप-3 कॉलोनी में वृक्षारोपण किया तथा साफ-सफाई कार्यक्रम के अभियान में शामिल होकर सभी को प्रोत्साहित किया।

महाप्रबंधक ने अपने सम्बोधन में कहा कि वातावरण को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए साफ-सफाई तथा वृक्षारोपण करना आज हम सब की सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है ऐसा हमारे ग्रन्थों में कहा गया है। स्वच्छ वातावरण का मानव के कार्यों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है जिसके फलस्वरूप मानव मन में स्वाभिमान एवं गरिमा का भाव जागृत होता है। प्रधानमंत्री की अभिनव पहल ''एक पेड़ माँ के नाम'' को जन भागीदारी से जोड़ने के लिए सभी रेल कर्मी के साथ मिलकर रेलवे आवासों में पेड़ लगाने के लिए अभिप्रेरित किया। उन्होने बताया कि जनभागीदारी के सहयोग के बिना कोई सरकारी पहल पूर्ण नहीं हो सकती जनभागीदारी के सहयोग से लगाए गए पेड़ों के विकास की अधिक संभावना होती है। प्रधान मुख्य इंजीनीयर एसपी यादव, ने बताया कि आज स्वच्छता ही सेवा अभियान 4.0 के तहत टाइप-3 कॉलोनी में में साफ-सफाई एवं पीपल जामुन, अमलतास, सागौन अर्जुन, करेंज आदि के 1570 पौधों का रोपण किया गया। पार्कों के सौदर्यीकरण के तहत टाइप-3 कॉलोनी के एक पार्क में बच्चों के खेलने के लिए झूले एवं अन्य उपकरण लगाए गये।

# स्वतंत्र इटर कालेज में शूटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**तुलसीपुर, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज तुलसीपुर मे शनिवार को जिला स्तरीय माध्यमिक विद्यालई रायफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे कई विद्यालयों के बालक और बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।

जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रातः 10 बजे माँ सरस्वती के चित्र पर विद्यालय प्रधानाचार्य मेजर वीरेंद्र कुमार शुक्ला द्वारा माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलान के साथ हुआ। आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए मेजर शुक्ला ने कहा कि खेल कूद आज पढ़ाई के साथ बेहद महत्वपूर्ण अंग बन गया है। यही बच्चे मंडल, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के खेलों मे बेहतर प्रदर्शन के बाद बच्चे अलग अलग वर्ग मे ओलम्पिक खेलों मे चयनित होते हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता मे प्रतिभागियों को तीन राउंड के प्रयास प्रदान किये गए। जिसमे एम पी पी इंटर कॉलेज के सूर्य प्रकाश पाण्डेय प्रथम, बसंत लाल इ का तुलसीपुर के अनीसुर्रहमान द्वितीय तथा एम पी पी इंटर कॉलेज के महेन्द्र प्रताप सिंह तृतीय स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग मे बसंत लाल इंटर कॉलेज की शालू प्रथम स्थान यहीं की खुशबु द्वितीय व मधु कुमारी तृतीय स्थान पर विजयी घोषित किये गये। विजेताओं को प्रधानाचार्य वीरेंद्र शुक्ला मे मेडल पहना कर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता मे व्यायाम शिक्षक मदन लाल, विष्णु सैनी, सईद अहमद, नवीन पाल, अभय शंकर, शारदा प्रसाद, विवेक कुमार, पंकज पाण्डेय, अर्पण पाण्डेय,पूर्व सचिव मो हसन कुरैशी, रश्मि सिँह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन उमेश चन्द्र तिवारी ने किया। इस दौरान सुरेश कुमार, अब्बास रजा जैदी, शारदा चौधरी, अनूप श्रीवास्तव, मधुप श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार पाण्डेय, दीपक मिश्रा, तरुणेश मणि त्रिपाठी, अब्दुल मुईद, अवधेश कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## पूर्व हिन्दी प्रवक्ता हाजी निजामुद्दीन खान का आकस्मिक निधन



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** एम वाई उस्मानी इंटर कॉलेज के पूर्व हिन्दी प्रवक्ता हाजी निजामुद्दीन खान का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से शिक्षा जगत, समाजसेवियों और छात्रों में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार दोपहर बाद उन्हें शाहजहानी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। एम वाई उस्मानी इंटर कॉलेज में हाजी निजामुद्दीन खान के सम्मान में एक शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। प्रधानाचार्य अबुल हाशिम खान ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हाजी निजामुद्दीन खान न केवल एक प्रखर वक्ता थे, बल्कि वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। वे शिक्षण के साथ-साथ समाजसेवा और राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे। उनके निधन पर समाजसेवियों, शिक्षकों और छात्रों ने शोक व्यक्त किया।

# संपूर्ण समाधान दिवस : 41 शिकायतें प्राप्त, एक का हुआ मौके पर निस्तारण




**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

उतरौला तहसील सभागार में शुक्रवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से केवल एक का मौके पर निस्तारण हो पाया। इस बैठक की अध्यक्षता सीडीओ बलरामपुर हिमांशु गुप्ता और अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने की। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर निपटारा करने का निर्देश दिया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस स्थानीय निवासियों को प्रशासन के प्रति अपनी समस्याओं को सीधे तौर पर रखने का मंच प्रदान करता है। इस दौरान अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाएगा।

# आधार कार्ड बनवाने व सुधार कराने में लोग कर रहे कठिनाइयों का सामना

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



उतरौला और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आधार कार्ड बनवाने और उसमें सुधार कराने के लिए लोग कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। खासकर वे प्रवासी मजदूर, जिन्हें रोजगार छोड़कर घर आना पड़ रहा है, अपनी पत्नियों के आग्रह पर आधार कार्ड की अनिवार्यता को पूरा करने के लिए वापस लौट रहे हैं। परंतु, जब ये प्रवासी मजदूर वापस घर आते हैं, तो उन्हें आधार केंद्र पर लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ती है, जिससे उनकी निराशा और बढ़ जाती है।

**डाकघर में सीमित संसाधन, लंबी प्रतीक्षा सूची**

उतरौला डाकघर में प्रतिदिन केवल 50 लोगों को टोकन वितरित किए जाते हैं, और आने वाले लोगों को आधार कार्ड बनवाने के लिए कई महीनों का इंतजार करना पड़ रहा है। डाकघर में आधार कार्ड बनाने वाले अरुण के अनुसार, अब तक 21 नवंबर 2024 तक के टोकन वितरित किए जा चुके हैं। लोगों की संख्या को देखते हुए यह व्यवस्था अपर्याप्त साबित हो रही है।* उतरौला में डाकघर के अलावा आधार कार्ड बनाने वाले अन्य केंद्र या तो बंद हैं या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। नगर में दस आधार केंद्र हैं, लेकिन डाकघर को छोड़कर सभी बंद पड़े हैं, जिससे लोगों को केवल एक ही केंद्र पर निर्भर रहना पड़ रहा है। स्टाफ की कमी के चलते भी आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया बेहद धीमी है। राम निवास, शांति देवी, सचित, मोहम्मद जुबेर और अन्य स्थानीय लोगों ने भी आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया में हो रही देरी पर नाराजगी जताई।

कई परदेशी, जैसे नाजमा बेगम के पति, हैदराबाद में काम करते है, लेकिन उन्हें आधार कार्ड बनवाने के लिए घर वापस आना पड़ा। डाकघर उतरौला में लंबी प्रतीक्षा सूची के चलते उसे 15 नवंबर 2024 की तारीख मिली है। ऐसे में वह अपने रोजगार से दूर होकर घर पर ही रुकने के लिए मजबूर है। नाजमा ने बताया कि बिना आधार कार्ड के राशन कार्ड नहीं बन सकता, इसलिए उन्हें अपने पति को वापस बुलाना पड़ा। इसी तरह की स्थिति शमशुलनिशा की है, जिन्होंने दो महीने पहले टोकन लिया था और अभी भी उनके आधार कार्ड में संशोधन नहीं हो पाया है।

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से अन्य आधार केंद्रों को पुनः चालू करने और डाकघर में स्टाफ की संख्या बढ़ाने की मांग की है, ताकि आधार कार्ड बनवाने की प्रक्रिया को गति मिल सके। हालांकि डाकघर के अधीक्षक ने सीमित संसाधनों के बावजूद अधिक से अधिक लोगों की सहायता करने का प्रयास करने की बात कही है, लेकिन मौजूदा स्थिति में सुधार की आवश्यकता है।

# सैय्यद गजनफर हैदर जैदी को संयोजक की कमान

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



ग्राम अमया देवरिया निवासी सैय्यद गजनफर हैदर जैदी उर्फ गुलाब, जो समाजवादी अधिवक्ता सभा लखनऊ के जिला महासचिव हैं, को एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आदेश पर उन्हें महाराष्ट्र प्रदेश और मुंबई प्रदेश में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) मिशन एवं संविधान साक्षरता मिशन को जन-जन तक पहुँचाने के लिए संयोजक नामित किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से उतरौला और उनके ग्राम अमया देवरिया के सपाइयों में हर्ष की लहर है। सैय्यद गजनफर हैदर जैदी ने अपनी नियुक्ति पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं समाजवादी पार्टी के सिद्धांतों, नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का काम करूंगा। यह मेरे लिए गर्व का विषय है और मैं पार्टी और संगठन को और मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास करता रहूंगा।

उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह देखा जा रहा है, और यह माना जा रहा है कि उनके अनुभव और नेतृत्व से पार्टी को महाराष्ट्र और मुंबई प्रदेश में नई ऊर्जा मिलेगी।

# भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का विस्तृत क्षितिज

**अनीता प्रवीण**

भारत दुनिया की सबसे बड़ी एवं सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इसका खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आर्थिक विकास को गति देने एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत सरकार ने विभिन्न व्यावहारिक पहल के साथ-साथ सुधारों के नए युग की शुरुआत की है, जिसने भारत को तेजी से विकास के पथ पर ला खड़ा किया है। भारत सरकार की प्रगतिशील नीतिगत पहल एवं उपायों के कारण खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है और मैन्यूफैक्चरिंग के सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में 7.66 प्रतिशत और वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कृषि के जीवीए में 8.45 प्रतिशत का योगदान दिया है।

समृद्ध एवं विविधतापूर्ण कृषिगत संसाधनों से लैस भारत वैश्विक स्तर पर खाद्य उत्पादन के मामले में महत्वपूर्ण शक्ति है। दूध, पोषक अनाज, खाद्यान्न, फल, सब्जियां, चाय और मछली जैसी कई खाद्य पदार्थों का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते, इसने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत का कृषि-खाद्य निर्यात बढ़कर 46.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो इस क्षेत्र की तीव्र प्रगति और इसके बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दर्शाता है। कुल कृषि-खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 2014-15 में 4.90 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़ कर 2023-24 में 10.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई। नवाचार, निवेश और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के सही मिश्रण के साथ, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का संपूर्ण दोहन करने और देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है। भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार एवं विविधतापूर्ण अवसर उपलब्ध हैं और इसका प्रत्येक उप-क्षेत्र विकास की अनूठी संभावनाएं प्रदान करता है। प्रौद्योगिकी के आगमन ने इस उद्योग में क्रांति ला दी है, जिससे खाद्य सुरक्षा, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला के प्रबंधन में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। ई-कॉमर्स में आए उछाल और उपभोग के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) व सुविधाजनक खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग ने इस क्षेत्र के विकास के नए रास्ते खोल दिए हैं, जिससे यह निवेशकों और उद्यमियों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को सहायता प्रदान करने हेतु, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने ऐसी कई योजनाएं और पहल लागू की हैं जो बदलाव लाने और एक मजबूत इकोसिस्टम को बढ़ावा देने में अहम रही हैं।

# बुलडोजर अपराधियों में भय पैदा करता है मी-लार्ड

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



**उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हो रही बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने हाल ही में बुलडोजर की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सॉलिसिटर तुषार मेहता ने कहा भी कि बुलडोजर की कार्रवाई जहां हुई है, वो कानूनी प्रकिया का पालन करके हुई है। अवैध निर्माण पर नोटिस के बाद ही बुलडोजर चल रहे हैं। एक समुदाय विशेष को टारगेट करने का आरोप गलत है। एक तरह से गलत प्रचार है, गलत धारणा (नैरेटिव) फैलायी जा रही है। इस पर जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि सड़कों, गलियों, फुटपाथ या सार्वजनिक जगहों पर किए अवैध निर्माण को समुचित प्रक्रिया के साथ ढहाने की छूट रहेगी। इसके अतिरिक्त पर पूरी तरह से रोक है।**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल एक बार फिर शर्मसार है। यहां एक निजी स्कूल में एक साढ़े तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है। बलात्कार करने वाला स्कूल में आईटी विषय पढ़ाने वाला शिक्षक कासिम रहमान है। घटना तब सामने आई, जब मासूम के माता-पिता ने पीड़िता का मेडिकल कराया और रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि हुई। अब बात यह है कि जैसे पहले अपराधी के घर के अवैध निर्माण पर बुलडोजर कार्रवाई हो जाया करती थी, क्या वह अब हो पाएगी? क्योंकि माननीय सुप्रीम कोर्ट को लगता है कि विभिन्न राज्य सरकारें बुलडोजर चलाकर अन्याय कर रही थीं। न्यायालय और माननीय न्यायाधीशों की आलोचना का अधिकार किसी को नहीं है। पर किसी भी निर्णय या निर्देश की समीक्षा तो की ही जा सकती है। इस परिदृश्य के थोड़ा पीछे चलते हैं।

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हो रही बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने हाल ही में बुलडोजर की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सॉलिसिटर तुषार मेहता ने कहा भी कि बुलडोजर की कार्रवाई जहां हुई है, वो कानूनी प्रकिया का पालन करके हुई है। अवैध निर्माण पर नोटिस के बाद ही बुलडोजर चल रहे हैं। एक समुदाय विशेष को टारगेट करने का आरोप गलत है। एक तरह से गलत प्रचार है, गलत धारणा (नैरेटिव) फैलायी जा रही है। इस पर जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि सड़कों, गलियों, फुटपाथ या सार्वजनिक जगहों पर किए अवैध निर्माण को समुचित प्रक्रिया के साथ ढहाने की छूट रहेगी। इसके अतिरिक्त पर पूरी तरह से रोक है। जस्टिस गवई का कहना था कि हम किसी नैरेटिव (धारणा) से प्रभावित नहीं हो रहे हैं। जरूरत है कि डिमोलिशन की प्रकिया स्ट्रीमलाइन हो, फिर जस्टिस विश्वनाथन का ये दावा रहा कि कोर्ट के बाहर जो बातें हो रही हैं, वो हमें प्रभावित नहीं करती। अगर गैरकानूनी डिमोलिशन का एक भी मसला है तो वो संविधान की भावना के खिलाफ है। दोनों जजों के आए जवाब सुनकर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बहुत तरीके से कहा भी कि संवैधानिक संस्थाओं के हाथ इस तरह नहीं बांधे जा सकते हैं। न्यायालय की इस बेंच ने कहा- अगर कार्रवाई दो हफ्ते रोक दी तो आसमान नहीं फट पड़ेगा। आप इसे रोक दीजिए, 15 दिन में क्या होगा? सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले भी बुल्डोजर जस्टिस पर सवाल खड़े किए थे। गुजरात से जुड़े इस प्रकरण में जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा, किसी शख्स के किसी केस में महज आरोपी होने के चलते उसके घर पर बुलडोजर नहीं चलाया जा सकता। आरोपी का दोष बनता है या नहीं, ये तय करना कोर्ट का काम है सरकार का नहीं। जज कह रहे हैं कि किसी का बेटा आरोपी हो सकता है, लेकिन इस आधार पर पिता का घर गिरा देना, ये कार्रवाई का सही तरीका नहीं है। कोर्ट इस तरह की बुलडोजर कार्रवाई को नजरंदाज नहीं कर सकता। ऐसी कार्रवाई को होने देना कानून के शासन पर ही बुलडोजर चलाने जैसा होगा। अपराध में कथित संलिप्तता किसी संपत्ति को ध्वस्त करने का आधार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने ये आदेश गुजरात के जावेद अली नाम के याचिकाकर्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया था।

बात सही है। सप्ताह-दो सप्ताह अगर किसी अपराधी के अवैध निर्माण पर बुलडोजर नहीं चलेगा तो आसमान नहीं फट पड़ेगा। वैसे तो देश भर में जहां तहां अवैध निर्माण हैं। बल्कि अवैध निर्माणों की बाढ़ सी आई हुई है। कायदे से सब पर आज नहीं तो कल कार्रवाई होनी ही है या होनी ही चाहिए। पर यहां यह भी समझना होगा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले या फिर अपनी ही जमीन पर अवैध तरीके से मकान बनाने वालों की मनोवृत्ति क्या होती है। उन्हें पहले से ही कानून का डर नहीं होता। और ऐसे लोग जब घृणित अपराधों में भी शामिल हो जाएं तब क्या हो। कानून का डर दिखाने के लिए, कानून का राज स्थापित करने के लिए अपराधियों में भय कैसे पैदा हो। न्यायालय की प्रक्रियाओं और उससे मिल रहे न्याय से तो अपराधी मनोवृत्ति को कोई अंतर पड़ ही नहीं रहा था। ऐसे में शासन-प्रशासन ने पहले से ही अवैध निर्माण में रहने वाले अपराधी तत्वों के बीच एक भय तो पैदा किया ही था, कि अगर किसी गंभीर अपराध में, खासकर स्त्री के मान अपमान और देश के सम्मान से खिलवाड़ करोगे तो उसका दण्ड तत्काल मिल जाएगा, तुम्हें ही नहीं तुम्हारे पूरे परिवार को भी। इस भय से कम से कम परिवार के बड़े-बुजुर्ग अपनी बिगड़ी औलादों पर लगाम तो कस रहे थे। इस डर से अपराध कुछ कम हो रहे थे और अदालतों का बोझ भी कम हो रहा था। वस्तुतः जमीयत-ए-उलेमा-ए-हिंद द्वारा छतरपुर पुलिस मुख्यालय पर हुई इस्लामिक भीड़ की तोड़फोड़ के बाद मुख्य सरगना पर हुए पुलिस एक्शन के विरोध में यह कहकर कि मुसलमानों पर अत्याचार हो रहे हैं, न्यायालय की शरण ली गई थी। उसका इंट्रेस्ट सिर्फ उन मामलों में था जोकि मुसलमानों से जुड़े हैं, जबकि यह पूरा सत्य नहीं। देश में जितनी बुलडोजर कार्रवाइयां हुई हैं, उसमें से अधिकांश बहुसंख्यक हिन्दू समाज के अपराधियों पर ही की गई हैं, किंतु फिर भी उस वक्त जिस तरह का माहौल बनाने का विविध मीडिया प्लेटफार्म पर प्रयास हुआ, वह भी प्रमाण है कि कैसे इसे ट्रेंड कराने का प्रयास किया गया। बार बार यह सिद्ध करने की कोशिश रही है कि मुसलमानों पर भाजपा की जहां भी सरकारें हैं वे टार्गेटेड उन्हें अपमानित कर रही हैं। लोग जल्दी ही भूल जाते हैं कि मध्य प्रदेश में ही एक दलित समाज के युवक के ऊपर मूत्र विसर्जन करने वाले के घर पर अगले ही दिन बुलडोजर चल गया था, जबकि यह दुष्कृत्य करने वाला भारतीय जनता पार्टी का ही नेता-कार्यकर्ता बताया जा रहा था और उसके पिता भी भाजपा के ही समर्थक थे। जहां तक न्यायालयों के रास्ते न्याय पाने की बात है तो देश भर में नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड की रिपोर्ट के अनुसार कुल 25 हाईकोर्ट में 58 लाख 59 हजार केस पेंडिंग हैं। इनमें से करीब 42 लाख केस सिविल और 16 लाख केस क्रिमिनल नेचर के हैं। इन 58 लाख में से 62 हजार मामले 30 साल से लंबित हैं। वहीं, तीन केस 72 साल से चल रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, देश के सभी न्यायालयों (सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट, डिस्ट्रिक्ट समेत अन्य कोर्ट) में पांच करोड़ से ज्यादा मामले लंबित हैं। सभी राज्यों के लोअर कोर्ट्स में कुल 4.34 करोड़ केस लंबित हैं। सबसे ज्यादा केस उत्तर प्रदेश 1.09 करोड़ में पेंडिंग हैं, इसके बाद दूसरा स्थान महाराष्ट्र का है, जहां 49.34 लाख केस पेंडिंग हैं।

## विचार

# आबादी घटाने नहीं, बढ़ाने का समय

**डॉ. अनिल कुमार निगम**



**रूस के राष्ट्रपति ने अभी हाल ही में कहा कि नागरिक काम के बीच शारीरिक संबंध बनाएं और बच्चे पैदा करें। ऐसा करना इसलिए जरूरी है क्योंकि आबादी पर हमारा भविष्य टिका हुआ है। हालांकि पुतिन ने दिसंबर 2023 में भी घटती जन्म दर को लेकर चिंता जताई थी और रूस की महिलाओं से कहा था कि वे कम से कम 8 बच्चों को जन्म दें। रूसी घरों में बड़े परिवारों की परंपरा शुरू किए जाने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1999 के बाद रूस में जन्म दर अब तक के सबसे निचले स्तर पर है।**

यदि अगर किसी राष्ट्र का प्रमुख अपने नागरिकों से कहे कि आप काम के दौरान शारीरिक संबंध बनाएं और बच्चा पैदा करें तो इसका क्या मतलब है। ऐसा रूस के राष्ट्रपति ब्लादमीर पुतिन ने रूसी जनता से कहा। यह वास्तव में मजाक नहीं है। यह अत्यंत गंभीर विषय है, जिस पर एक देश के राष्ट्राध्यक्ष ने चिंता व्यक्त की है। महिलाओं की घटती जन्मदर ने आज भारत सहित अनेक देशों के पेशानी पर बल पैदा कर दिए हैं।

एक समय था जब जनसंख्या विस्फोट देश और समाज के विकास में अवरोधक माना जाता था लेकिन आज जिस तरह महिला जन्मदर कम हो रही है, उससे अनेक देश चिंतित हो गए हैं। विकसित देश रूस, अमेरिका और चीन सहित अनेक इस समस्या का सामना कर रहे हैं। आबादी की रेस में भारत से पिछड़ने वाले चीन ने सिंगल चाइल्ड पॉलिसी पहले ही बदल दी थी, अब तो उसने ज्यादा बच्चा पैदा करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पैकेज देने का ऐलान भी किया है। आज यह समस्या सिर्फ रूस और चीन की नहीं है बल्कि भारत भी इससे जूझ रहा है। भारत में भी प्रजनन दर दो से भी कम हो गई है और यह दर वर्ष 2050 तक घटकर 1.29 रह जाएगी। अहम सवाल यह है कि अगर भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनना है तो उसे पर्याप्त श्रमबल की भी आवश्यकता पड़ेगी लेकिन अभी तक जो प्रजनन दर का रुझान है, उसके अनुसार वृद्ध और युवाओं के बीच असंतुलन हो जाएगा। ऐसी स्थिति में क्या भारत का एक विकसित राष्ट्र बनने का सपना पूरा हो सकेगा? अगर प्रजनन दर इसी तरह घटती रही तो इसका दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। रूस के राष्ट्रपति ने अभी हाल ही में कहा कि नागरिक काम के बीच शारीरिक संबंध बनाएं और बच्चे पैदा करें। ऐसा करना इसलिए जरूरी है क्योंकि आबादी पर हमारा भविष्य टिका हुआ है। हालांकि पुतिन ने दिसंबर 2023 में भी घटती जन्म दर को लेकर चिंता जताई थी और रूस की महिलाओं से कहा था कि वे कम से कम 8 बच्चों को जन्म दें। रूसी घरों में बड़े परिवारों की परंपरा शुरू किए जाने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1999 के बाद रूस में जन्म दर अब तक के सबसे निचले स्तर पर है। आबादी के मामले में दुनिया के टॉप 10 देशों में शामिल रूस में 2024 की पहली छमाही में करीब 6 लाख बच्चों का जन्म हुआ। यह पिछले साल की तुलना में 16 हजार कम है।

रूस ने अपने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र करेलिया में मां बनने वाली कॉलेज छात्राओं के लिए विशेष योजनाएं जारी की हैं। इसके तहत स्थानीय कॉलेज और विश्वविद्यालयों में 25 साल से कम उम्र की जो छात्राएं स्वस्थ बच्चों को जन्म देंगी, उन्हें करीब 92 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। इससे पहले 2022 में पुतिन ने घोषणा की थी कि वे 10 बच्चे पैदा करने वाली महिलाओं को मदर हिरोइन नाम का अवॉर्ड देंगे। यह अवॉर्ड सेकंड वर्ल्ड वॉर के दौरान भी महिलाओं को दिया जाता था। उस समय भी रूस की जनसंख्या तेजी से घट रही थी। इसी तरह चीन ने जनसंख्या नियंत्रित करने के लिए 1979 में वन चाइल्ड पॉलिसी लागू की थी। इसमें एक से अधिक बच्चा पैदा करने पर सख्त रोक थी। इससे चीन की आबादी नियंत्रित हुई और आर्थिक तरक्की की रफ्तार भी बढ़ी। लेकिन वन चाइल्ड पॉलिसी के दुष्परिणाम अब सामने आ रहे हैं। चीन में बुजुर्गों की तादाद तेजी से बढ़ रही है और श्रमबल लगातार घट रहा है। 1978 के बाद से चीन की औसत वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 9 प्रतिशत से ज़्यादा रही है। चीन में स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सेवाओं तक पहुंच में काफ़ी सुधार हुआ है। लेकिन चीन को डर है कि अगर उसकी आबादी ऐसे ही घटती रही तो औद्योगिक श्रम की कमी हो जाएगी। इसीलिए चीन ने एक-बच्चा नीति को खत्म कर दिया और अब जन्म दर बढ़ाने के लिए कई नीतियां लागू की हैं। इनमें माता-पिता के लिए लचीले काम के घंटे, घर से काम करने की सुविधा और पारिवारिक अवकाश शामिल हैं। चीन में बच्चों के लिए नकद सब्सिडी, मातृत्व अवकाश और घर खरीदने के लिए सब्सिडी दी जा रही है। चीन में आईवीएफ जैसे प्रजनन उपचारों के लिए भी भुगतान किया जा रहा है। चीन के नेशनल हेल्थ कमीशन ने उचित उम्र में शादी और बच्चे पैदा करने की वकालत की है।

वहीं, भारत में 2050 में बच्चे पैदा होने की संख्या गिरकर 1.3 करोड़ होने का अनुमान है। वर्ष 1950 में 1.6 करोड़ से अधिक और 2021 में 2.2 करोड़ से अधिक बच्चे पैदा हुए थे। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की कार्यकारी निदेशक पूनम मुत्तरेजा का कहना है कि भारत के लिए इन निष्कर्षों के गहरे मायने हैं। इसमें बूढ़ी होती आबादी और श्रमबल की कमी जैसी चुनौतियां शामिल हैं। लैंगिक प्राथमिकताओं के कारण सामाजिक असंतुलन भी उत्पन्न हो सकता है। हालांकि ये चुनौतियां कुछ दशक दूर हैं। लेकिन, हमें भविष्य के लिए अभी से कार्यवाही शुरू करने की जरूरत है। अगर इसी तरह आबादी कम होती रही तो भारत को भी आबादी कम होने से कई तरह की चुनौतियां ये जूझना पड़ेगा। जानकारों का मानना है कि विकसित राष्ट्र बनने में कम होती आबादी बड़ा अवरोधक बन सकती है।

# चिकित्सक आंदोलन व ममता की प्रवृत्ति

**योगेंद्र योगी**

केंद्र सरकार और अदालतों के आदेशों के प्रति पूर्वाग्रह का नजरिया रखने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की विरोध की यह प्रवृत्ति चिकित्सकों के आंदोलन में काम नहीं आ सकी संघीय ढांचे के तहत बने कानूनों और अदालतों के आदेशों के प्रति अडिल रुख अपनाने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आखिरकार अपने ही लोगों के सामने घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा। महिला चिकित्सक से बलात्कार और हत्या के बाद चले आंदोलन से ममता के तेवर ढीले पड़ गए। ममता ने कल्पना भी नहीं की होगी कि पश्चिम बंगाल में यह आंदोलन सरकार की चूलें हिला देगा। केंद्र सरकार और अदालतों के आदेशों के प्रति तीखे तेवर अपनाने वाली ममता इस्तीफा तक देने को तैयार हो गई। ममता की समझ में आ गया कि राजनीतिक द्वेषवश केंद्र सरकार की उपेक्षा की जा सकती है, किन्तु प्रदेश की सत्ता में बने रहने के लिए राज्य के लोगों की नाराजगी सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा सकती है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और हत्या के मामले में तृणमूल कांग्रेस की सरकार के खिलाफ देश ही नहीं, विदेशों में भी आंदोलन हुए। इस घृणित अपराध के विरोध में ममता सरकार की निष्क्रियता के खिलाफ पश्चिम बंगाल के हर वर्ग ने राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। हड़ताली चिकित्सकों ने मेडिकल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशकों और कोलकाता पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल को पद से हटाने की मांग की। ममता बनर्जी ने कुछ ही दिनों पहले कहा था कि वो पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल को दुर्गा पूजा तक उनके पद पर बनाए रखेंगी।

भारी विरोध के बाद आखिरकार गोयल का तबादला करना पड़ा। हड़ताली चिकित्सकों का कहना है कि अस्पतालों में उनके सुरक्षा इंतजाम पुख्ता किए जाएं। वे मांग कर रहे हैं कि सरकार यह बताए कि 100 करोड़ रुपए का बजट किस प्रकार अस्पतालों में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए खर्च किया जाएगा। उन्होंने अस्पतालों में सुरक्षा उपायों को लागू करने के लिए रेफरल सिस्टम को सुधारने और भर्ती में भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की भी बात कही। जूनियर डॉक्टर मेडिकल कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव कराए जाने और संस्थानों की नीतियों में उनका रिप्रेजेंटेशन बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि छात्र संघ चुनाव के माध्यम से उनकी आवाज को प्रमुखता दी जाए ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। पश्चिम बंगाल में अराजकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के बाद अराजक तत्वों ने अस्पताल पर हमला कर दिया। चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और मरीजों को अपनी जान बचाकर भागना पड़ा। असामाजिक तत्वों ने अपराध के घटनास्थल पर तोड़-फोड़ की और अपराध के सबूत मिटाने का प्रयास किया। इस मामले में मेडिकल कॉलेज और पुलिस प्रशासन परोक्ष तौर पर आरोपियों के पक्ष में खड़ा नजर आया। दुष्कर्म और हत्या को आत्महत्या का मामला बता कर रफा-दफा करने का प्रयास किया गया। पुलिस और प्रशासन के पक्षपातपूण रवैये के बाद अदालत के आदेश से मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपा गया। इसके बाद हर तरफ ममता सरकार के खिलाफ विरोध का स्वर बुलंद हुआ। भारी विरोध के बाद ममता को समझ में आ गया कि केंद्र की भाजपा गठबंधन सरकार की खिलाफत करने की तरह इस आंदोलन से नहीं निपटा जा सकता। पश्चिम बंगाल की कम्युनिस्ट सरकार के प्रति विरोध और प्रदर्शन से सत्ता हासिल करने वाली ममता बनर्जी ने इसे अपना हथियार बना लिया। केंद्र सरकार के खिलाफ शायद ही ऐसा कोई मौका हो, जब ममता सरकार ने विरोध नहीं किया हो। इसी प्रवृत्ति का परिणाम है कि महिला चिकित्सक की मौत से पनपे आंदोलन को दबाने-कुचलने की कोशिश की गई। राहुल गांधी की ही तरह ममता बनर्जी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर मामले में विरोध करती रही हैं।



# राशिफल

**मेषः-** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप कुछ नए मित्रों के साथ घूमने जाएंगे।

**वृषः-** आज का दिन आपके लिए लेनदेन के मामले में सावधान रहने के लिए रहेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी और आप कार्यक्षेत्र में अपने कामों को किसी दूसरे के भरोसे ना छोड़े।

**मिथुनः-** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको कोई शारीरिक कष्ट लंबे समय से परेशान कर रहा था, तो उसमें काफी हद तक राहत मिलेगी। व्यापार में आप अच्छा नाम कामाएंगे।

**कर्कः-** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। व्यापार में आपकी कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है।

**सिंहः-** आज का दिन आपके लिए व्यवसाय में अच्छा लाभ लेकर आने वाला है। आपको किसी काम को लेकर यदि समस्या चल रही थी, तो वह दूर होगी।

**कन्याः** आज का दिन आपके लिए साहस व पराक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है। जीवनसाथी के शारीरिक कष्ट को लेकर आप परेशान रहेंगे। आप भाग दौड़ में अधिक लगे रहेंगे। आपको किसी बेवजह के विवाद में पढ़ने से बचना होगा।

**तुलाः-** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आज आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। आपके मित्रों के सहयोग से आपका बिजनेस में डूबा हुआ धन आपको मिलने की संभावना है।

**वृश्चिकः-** आज का दिन आपके लिए मध्यम रुप से फलदायक रहने वाला है। आप अपनी बुद्धि और विवेक से काफी कामों को आसानी से पूरा कर सकते हैं।

**धनु :-** आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। खान-पान पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

**मकरः-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपकी कोई प्रिय व मूल्यवान वस्तु की प्राप्ति हो सकती है। आपको कामों को लेकर यदि समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

**कुंभः-** आज का दिन आपके लिए सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी बुद्धि व विवेक से अच्छा नाम कमाएंगे।

**मीनः-** आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आएगा। राजनीति में कार्यरत लोगों के जन समर्थन में इजाफा होगा, उनके कामों से लोग प्रसन्न रहेंगे। आपकी वाणी की सौम्यता देखकर आपके कुछ नए मित्र भी बन सकते हैं।

# फेड रिज़र्व ब्याज दर में कटौती ट्रम्प हताश तो कमला को आस क्यों?



**एशियाई स्तर पर चीन क्या निर्णय लेगा, कहना कठिन है, जापान, कोरिया और हांगकांग में इसका असर देखा जाने लगा है। प्रारंभिक स्तर पर स्टर्लिंग, यूरो और युआन की दरों में किंचित् कमी आई है जबकि वीरवार को पेट्रोल ब्रेंट क्रूड और डब्ल्यूटीआई क्रूड आयल की क़ीमतों में कमी से बाज़ार में क़ीमतें कम होने की उम्मीदें लगाई जा सकती हैं। एशिया में हांगकांग मॉनिटरी अथॉरिटी ने तो रातोंरात रेपो रेट में .50 प्रतिशत अंक की कटौती कर दी है। अमेरिका में चुनाव की दृष्टि से रिपब्लिकन और डेमोक्रेट में रेपो रेट में कटौती से एक राजनैतिक बहस छिड़ गई है। फेड रिज़र्व इस बहस को निरर्थक मानता है। फेड रिज़र्व के चेयरमैन जेराम पावेल ने फेड रिज़र्व के निदेशक मंडल की बैठक में निर्णय के पश्चात् कहा," बोर्ड की नज़र में फेड रिज़र्व एक स्वायत्तशासी निकाय है। वह न तो राजनीति से प्रभावित होता है और न ही राजनीति को हावी ही होने देता है। पिछले ढाई वर्ष से क़ीमतें बढ़ रही थीं। मंदी की आशंकाएँ बढ़ती जा रही थीं। इस पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। अर्थशास्त्री समूह में एक वर्ग बड़े स्तर पर उम्मीद कर रहे थे कि चौथाई अंक प्रतिशत रेपो रेट में कमी किया जाना श्रेयस्कर होगा।**

अमेरिका के सेंट्रल बैंक 'फेड रिजर्व' ने बुधवार को आधा प्रतिशत अंक ब्याज दर में कटौती कर राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प की नींद उड़ा दी है, वहीं डेमोक्रेट कमला हैरिस ने राहत की साँस ली है। पिछले ढाई वर्षों में कीमतें लगातार आसमान छू रही थीं, अमेरिका मंदी (7 प्रतिशत) के आग़ोश में जा रहा था। इससे जनसामान्य के लिए ग्रोसरी से लेकर मकानों के मार्टगेज की ऊँची दरें देना मुश्किल हो रहा था। अभी एक सप्ताह पहले डोनाल्ड ट्रम्प ने टीवी डिबेट में देश में इन्फ्लेशन में निरंतर तेजी पर चिंता जताई थी और दावा किया था कि उन्होंने अपने कार्यकाल में इन्फ्लेशन बढ़ने नहीं दिया। इसके विपरीत डेमोक्रेट कमला हैरिस ने आधा प्रतिशत अंक की कटौती किए जाने का स्वागत किया है। फेड रिज़र्व के चेयरमैन ने विश्वास जताया है कि अब मंदी के दायरे से निकल चुके हैं। अब फ़ेड रिज़र्व की कोशिश है कि सन् 2025 के अंत तक ब्याज दरों को दो प्रतिशत वार्षिक और नीचे अर्थात् 2.75 से 3 त्न लाने की है।

फेड रिजर्व के निर्णय का भारतीय बाज़ार पर अनुकूल असर पड़ने की संभावनाएँ जताई जा रही हैं। इसका भारत में टेक इंडस्ट्री पर तो असर पड़ेगा ही, अमेरिका से आयातित कम्प्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक साज सामान भी सस्ता होगा। ईंधन की दरों में कमी से भारत को विदेशी मुद्रा में अथाह राहत मिलेगी। फेड रिज़र्व के इस निर्णय के बाद संभव है, आरबीआई अपने रेपो रेट में आधा अथवा चौथाई प्रतिशत अंक की कटौती कर क़ीमतों में कमी लाने के लिए सरकार को एक मौक़ा दे। ऐसा होता है तो चुनाव में इसका लाभ मौजूदा सरकारों को मिल सकता है। एशियाई स्तर पर चीन क्या निर्णय लेगा, कहना कठिन है, जापान, कोरिया और हांगकांग में इसका असर देखा जाने लगा है। प्रारंभिक स्तर पर स्टर्लिंग, यूरो और युआन की दरों में किंचित् कमी आई है जबकि वीरवार को पेट्रोल ब्रेंट क्रूड और डब्ल्यूटीआई क्रूड आयल की क़ीमतों में कमी से बाज़ार में क़ीमतें कम होने की उम्मीदें लगाई जा सकती हैं। एशिया में हांगकांग मॉनिटरी अथॉरिटी ने तो रातोंरात रेपो रेट में .50 प्रतिशत अंक की कटौती कर दी है। अमेरिका में चुनाव की दृष्टि से रिपब्लिकन और डेमोक्रेट में रेपो रेट में कटौती से एक राजनैतिक बहस छिड़ गई है। फेड रिज़र्व इस बहस को निरर्थक मानता है। फेड रिज़र्व के चेयरमैन जेराम पावेल ने फेड रिज़र्व के निदेशक मंडल की बैठक में निर्णय के पश्चात् प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,'' बोर्ड की नज़र में फेड रिज़र्व एक स्वायत्तशासी निकाय है। वह न तो राजनीति से प्रभावित होता है और न ही राजनीति को हावी ही होने देता है। पिछले ढाई वर्ष से क़ीमतें बढ़ रही थीं। मंदी की आशंकाएँ बढ़ती जा रही थीं। इस पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। अर्थशास्त्री समूह में एक वर्ग बड़े स्तर पर उम्मीद कर रहे थे कि चौथाई अंक प्रतिशत रेपो रेट में कमी किया जाना श्रेयस्कर होगा। लेकिन क़ीमतों में कमी नहीं आने से कॉरपोरेट स्तर पर रोजगार क्षेत्र प्रभावित हो रहा था। फेड का तर्क था कि भले वित्तीय डाटा ज्यादा प्रतिकूल नहीं थे लेकिन रोज़गार को किसी भी स्थिति में उजड़ने का जोखिम नहीं उठाया जा सकता था।

उन्होंने कहा कि, 'हम अपनी इकोनॉमी की हेल्थ और स्ट्रेंथ बनाए रखने के लिए कटिबद्ध हैं। इसके लिए प्रशासनिक स्तर आगे आने वाले समय में क्या किया जा सकता है, इसके लिए फेड रिज़र्व ने राजनैतिक स्तर पर भी एक रूपरेखा बना कर प्रेषित की थी। इसके लिए वित्तीय और रोज़गार के डाटा पर विचार किया गया था। कॉरपोरेट क्षेत्र से रोज़गार सिमट रहा था, जो किसी भी क़ीमत पर सहनीय नहीं था। रोज़गार मार्केट की ताक़त बनाए रखने के लिए आधा अंक प्रतिशत दर की कटौती ज़रूरी समझी गई। एक सवाल के जवाब में जेराम पावेल ने कहा कि उनके फेड रिज़र्व के कार्यकाल में उनका यह चौथा चुनाव है और वह दावे के साथ कह सकते हैं कि इस बीच फेड रिज़र्व कभी राजनीति अथवा राजनीतिज्ञों से प्रभावित नहीं हुआ। फेड रिज़र्व चुनाव से पहले अथवा बीच में जब कोई निर्णय लेते हैं, वह मौजूदा डाटा के आधार पर ही निर्णय लेता है। हालाँकि इस निर्णय के विरुद्ध फेड गवर्नर मिशेल बोमन ने असहमति व्यक्त की। वह चौथाई प्रतिशत अंक के पक्षधर थीं। मिशेल की नियुक्ति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2018 में की थी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में चुनाव से पूर्व पिछले पाँच दशक में ऐसा शायद ही कोई मौक़ा आया होगा, जब रेपो रेट में कमी नहीं की गई होगी। वर्ष 1976 और 1984 में चुनाव से मात्र दस सप्ताह से भी कम समय में ब्याज दरों में कटौती की गई।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# हाईवे पर जगह-जगह बने गड्ढे बने जानलेवा

- कई लोग हो चुके है घायल
- लोनिवि नहीं दे रहा ध्यान, हर साल करोड़ो रुपये खर्च हो जाते हैं गड्ढा भराई में



**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

हमीरपुर से कालपी हाइवे में जगह जगह जान लेवा गड्ढे हो जाने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। बाइक सवार इन गड्ढों में गिरकर चुटहिल हो रहे है। कार्यदाई संस्था द्वारा इन गड्ढों को नहीं भरा गया है।

बरसात में यह गड्ढे पानी से भर जाते है। जिससे गड्ढे दिखाई नहीं देते है जिससे लोग परेशान रहते है।जुलाई माह में एक महिला की गड्ढे में बाइक से गिरकर मौत हो गई थी।

हमीरपुर से कालपी हाइवे जनपद के अंतिम गांव सरसई तक जाता है। इसके बाद जनपद जालौन की सीमा प्रारंभ हो जाती है। सरसई गांव से हमीरपुर तक हाइवे की सड़क में गड्ढे ही गड्ढे दिखाई देते है। सड़क धंसकर नाली का रूप ले चुकी है। जिससे आए दिन लोग गिरकर घायल हो रहे है। डामर गांव के पास नर्सरी के सामने हाइवे में गहरे गड्ढे हो गए है जिसमे जुलाई माह में कस्बा कुरारा निवासी महिला बाइक से गिरकर घायल हो गई थी । तथा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। डामर गांव में तीन स्थान पर गहरे गड्ढे है। इसके बाद कुरारा की तरफ आने वाले रास्ते में पांच स्थान पर गड्ढे है। इसके बाद मनकी तिराहा के समीप तथा बस स्टैंड के पासए बस स्टैंड के आगे मंडी समित के आगे पेट्रोल पंप के सामने पतारा मोड़ के पास कुसमरा मोड़ के पास से हमीरपुर तक कई स्थान पर हाइवे में गड्ढे हो चुके है। तथा सड़क नालीदार बन चुकी है। पतारा मोड़ के समीप एक कार पलट गई थी जिसमे एक छात्र की मौत हो गई थी। इसके बाद सड़क की मरम्मत हुई थी। इसके बाद हाइवे के गड्ढे नही भरे गए है। जिससे यह गड्ढे जान लेवा साबित हो रहे है। बरसात के मौसम में इनमे जलभराव हो जाता है। उस जिससे यह गड्ढे दिखाई नहीं देते है। जिससे यह गड्ढे जान लेवा साबित हो रहे है।

क्षेत्र के लोगो ने सरसई से लेकर जनपद मुख्यालय तक 22 किलोमीटर हाइवे के गड्ढे भरे जाने की मांग लोक निर्माण विभाग से की है। इस मामले में कई मर्तवा लोनिवि के अधिशासी अभियंता से कहा गया है मगर कोई सुनवाई नही हुई है।जबकि गड्ढा मुक्त सड़क में हर साल करोड़ो रुपये खर्च होते है मगर विभाग सब लीपापोती कर देता है।

## रिश्वत मांगने पर दो सिपाही लाइन हाजिर

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना कुरारा के कारखास रहे सिपाही का रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने के बाद उसे लाइन हाजिर किया गया है।वही बेरी चौकी में तैनात एक सिपाही को भी लाइन हाजिर किया गया है। थाना कुरारा में तैनात सिपाही अनिरुद्ध यादव का एक वीडियो कल सोशल मीडिया में वायरल हो रहा था। जिसमे सिपाही कोई मामला में फाइनल रिपोर्ट लगवाने के बदले तीस हजार कीमत का मोबाइल दिलाने की बात करते सुनाई दे रहा है। दुकानदार से सिपाही ने बात कराई थी। कल यह वीडियो वायरल होने के बाद उच्च अधिकारियों ने सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया है। वही वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं की जाती है। बेरी चौकी में तैनात सिपाही शिवम दुबे को भी लाइन हाजिर किया गया है। दो सिपाही लाइन हाजिर होने से थाने में सनसनी व्याप्त है।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण

- स्वच्छता अभियान के तहत एक वृक्ष मां के नाम पर किया पौधरोपण



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एन एस एस स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान के तहत क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी / प्राचार्य लेफ्टिनेंट प्रो सुशील बाबू के निर्देशन में महाविद्यालय के स्टेडियम में साफ सफाई के साथ-साथ वृक्षारोपण कर उनके रक्षा का संकल्प लिया। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय की समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा स्वयंसेवकों के साथ पहुंचकर महाविद्यालय के स्टेडियम में साफ सफाई कर एक वृक्ष मां के नाम से वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर एन एस एस नोडल अधिकारी डॉ संतोष पांडेय ने कहा कि वृक्षारोपण पृथ्वी का सौंदर्य है प्रकृति की अपेक्षा प्रदूषण का कारण बन गया है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मधुबाला सरोजिनी ने कहा कि शहरीकरण और औद्योगीकरण वाहन प्रयोग बढ़ता जा रहा है जंगलों को काटकर लोगों ने अपनी रोजी-रोटी तलाशी लेकिन इससे रोटी तो मिला साथ ही कई बीमारियां भी आई। कार्यक्रम अधिकारी सोवित कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ हवा आज की माहिती जरूरत है वातावरण की स्वच्छता प्रदूषित हवा से संभव नहीं होगी। हरीतिमा प्रभारी डॉ अनुराग सिंह ने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत आज व्यापक पैमाने पर वृक्षारोपण कराया गया है तथा छात्र-छात्राओं को इन वृक्षों की सुरक्षा का दायित्व भी सोपा गया है।

स्वच्छता पखवाड़ा के दूसरे दिन महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ एस एस राजपूत, डॉ अरविंद कुमार, डॉ शक्ति सक्सेना, डीके खरे, शैलेश तिवारी सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक यशस्वी तिवारी, छाया, मोहित सुमित गिरी,प्रिंसी सहित सैकड़ो स्वयंसेवकों ने स्वच्छता एवं वृक्षारोपण किया।

## खबरें एक नजर में

### अन्ना पशुओं की टक्कर से तीन घायल



**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** स्कूल जा रहे भाई बहन छात्र छात्रा व एक दूधिया शनिवार सुबह अन्ना जानवरो का शिकार हो गए। जहा भाई बहन छात्र छात्रा को तो मामूली चोटे आई वही दूधिया के सर व हांथ के टाके लगे है। शनिवार को कुरारा निवासी संतोष कुमार की पुत्री उन्नति 11 वर्ष जो कि बीआरसी कंपाउंड स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 5 की छात्रा है वही संतोष का ही लड़का चिराग जोकि वही पास में राजकीय इंटर कालेज में कक्षा 9 में पढ़ता है। दोनों साइकिल से शनिवार सुबह स्कूल जा रहे थे तभी खंड विकास कार्यालय के हाइवे में बैठे एक अन्ना जानवर ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी जिससे दिनों भाई बहन गिरकर चोटिल हो गए वही पास के एक पेट्रोल पम्प संचालक ने उन्हें कुर्सी पर बिठाया व उन्हें फस्ट एड बॉक्स से मरहम निकाल कर लगाया। वही क्षेत्र के बैजेइस्लामपुर गांव निवासी सुरेंद्र यादव जोकि दूधिया का काम करता है वो अपनी मोपेड से दूध लेने जखेला गांव जा रहा था तभी रास्ते मे अन्ना जानवर से टकरा गया और गिरकर घायल हो गया। जिसे राहगीर सीएचसी लेकर गए जहा उसके सर व हांथ में चार टांके लगे है।

### मोबाइल छिनैती की घटना का खुलासा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** थाना अजनर के ग्राम अकौना निवासी गिरजेश चन्द्र पुत्र मोतीलाल थाना कुलपहाड़ क्षेत्रअन्तर्गत बेलाताल जा रहे थे कि बेलाताल श्रीनगर रोड पर स्थित औनेपुरा डेरा के पास चार लडको ने बीमारी का बहाना बनाकर गिरजेश चन्द्र को रोका व छप्पट्टा मारकर उनका मोबाइल रियल मी ष्C51 जिसकी स्थानीय बाजार में कीमत करीब 12 हजार रुपया है, जिसको छीनकर भाग गये। वादी द्वारा इस घटना के सम्बन्ध में थाना कुलपहाड़ में शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया जिसके आधार पर थाना कुलपहाड़ में मु0अ0सं0 284/2024 धारा 304(2)/112(2) BNS बनाम चार अज्ञात लड़कों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कलुपहाड़ अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गयी उप निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी बेलाताल के नेतृत्व में गठित हुई पुलिस टीम (सादे वस्त्रों में) द्वारा उक्त घटना को कारित करने वाले बाल अपचारियों को आज मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र के एस0 के0 महाविद्यालय जैतपुर के पास से 04 बाल अपचारियों को हिरासत में लिया गया है। इन बाल अपचारियों के कब्जे से छीना हुआ 01 अदद मोबाइल रियल मी0 C51, कीमत करीब 12 हजार रु. को बरामद किया गया है। सभी को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर किशोर न्यायालय भेजा जा रहा है।

### अवैध संचालित हो रहे नौ मदरसों में ताला बंद

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** जिले में अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने छापा मारकर अवैध रुप से संचालित नौ मदरसों पर ताला बंद कर दिया है। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि ये मदरसे विना बिभागीय अनुमति से संचालित हो रहे थे और इनमे बच्चो का शोषण किया जा रहा था इसलिये यह कार्यवाही की गयी है इसमे ज्यादातर मदरसे मौदहा क्षेत्र के बताये जाते है।

### संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव

**सुमेरपुर हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** सुमेरपुर रेलवे स्टेशन के होम सिग्नल के पास संदिग्ध हालत मे खून से लथपथ एक युवक का शव जी0 आर0 पी0 पुलिस ने बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार 20 सितम्बर की राति 9 बजे करीब स्टेशन मास्टर को पता चला कि होम सिग्नल के पास एक युवक का शव पड़ा हुआ है। इसकी सूचना स्टेशन मास्टर ने जी0 आर0पी0 बांदा को दी। दूसरे दिन यानी 21 सितम्बर को बांदा जी0आर0 पी0 के उपनिरीक्षक शिवबाबू टीम सहित आकर घटनास्थल से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक के बारे में पता चला है कि वह सुमेरपुर के वार्ड 18 के निवासी कमल किशोर गुप्ता का पुत्र विवेक कुमार गुप्ता उम 18 वर्ष है। मृतम के भाई हिमांशु गुप्ता ने बताया कि उसका भाई 20 सितम्बर की सुबह ट्रेन से कानपुर पढ़ने के किये स्कूल की तलाश में गया था और शाम को ट्रेन से लौट रहा होगा तभी यह घटना घटित हो गयी। उसने बताया कि मृतक बी0 ए0 का छात्र था और पढ़ाई लिखाई को लेकर तनाव से ग्रसित रहता था। कुछ भी हो मृतक के खून से लथपथ शव को देखने से यह प्रतीत होता है कि घटना संदिग्ध लगती है ऐसा लोगो में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली अस्पताल में भर्ती, माल बरामद

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** दो दिन पहले मुस्करा क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश द्वारा मारपीट कर बीस हजार रुपये, व मोवाइल लूट के मामले में गिरफ्तार किया गया। पुलिस मुठभेढ़ में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के मुताबिक बृजेंद्र कुमार निवासी ग्राम खरेला जिला महोवा अपनी पत्नी के साथ बाइक से कछवाकला थाना जरिया जा रहा था जैसे ही व गुंदेला थाना मुस्करा के पास पहुचा तभी बाइक सवार बदमाश ओमप्रकाश ने बाइक सवार दंपत्ति को रोककर तमंचे की नोक पर उनसे मोवाइल नगदी व वाइक छीन ली और जमकर मारपीट की। पीडित ने मुस्करा जाकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने घटना के खुलासा के लिये पुलिस टीमों का गठन किया और बदमाश को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने ओमप्रकाश पाल निवासी ग्राम विहूनीकला थाना मुस्करा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 22 सौ रुपये बाइक व मोबाइल व बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान बदमाश मोबाइल उठाने से जैसे ही झुका वैसे ही उसने तमंचे से फायर कर दिया और भागने का प्रयास किया। पुलिस ने भी जवाबी फायर में बदमाश के पैर मेंगोली मारी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस ने उसे इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया गया है। इसके बाद उसे जिला अस्पताल के लिये रिफर कर दिया गया है।




## केंद्रीय मंत्री ने गौरा पत्थर कारीगर कालीदीन विश्वकर्मा गौरहारी को किया सम्मानित

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।** क्राफ्ट टूरिज्म विलेज नैनी प्रयागराज तथा कॉमन फैसिलिटी सेंटर फाफामऊ प्रयागराज में आयोजित इनॉग्रेशन सेरिमनी में विभिन्न क्राफ्ट स्टाल की कलाकृतियों का अवलोकन गिरिराज सिंह केंद्रीय वस्त्र मंत्री भारत सरकार एवं राकेश सचान उद्योग मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार तथा श्रीमती विजयलक्ष्मी केंद्रीय मंत्री द्वारा किया गया । साथ ही केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह तथा राकेश सचान उद्योग मंत्री द्वारा जनपद महोबा ग्राम गौरहारी निवासी कालीदीन विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हस्तशिल्पी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और गोरा पत्थर से निर्मित कलाकृतियों को सराहा। जिसमें विकास आयुक्त श्रीमती अमृतराज तथा क्षेत्रीय निदेशक बीपी ठाकुर एवं सहायक निदेशक श्रीमती तान्या बनर्जी तथा हस्तशिल्प संवर्धन विकास अधिकारी विशाल वर्मा राम प्रकाश मौर्या तथा जिलाधिकारी प्रयागराज उपस्थित रहे। कालीदीन विश्वकर्मा ने कहा की ये हमारी मेहनत और लगन का प्रयास है गौरा पत्थर से निर्मित मंदिर मस्जिद मूर्तियां व कलाकृति के बारे में मंत्री जी ने खूब सराहना की।

## जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



तहसील चरखारी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इसमें अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, उपजिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर तहसील चरखारी से कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।इसी प्रकार तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मो. मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता में 51 में से 04 तथा तहसील महोबा में उपजिलाधिकारी जितेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में 23 में से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।

शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए।उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा।यह भी कहा कि अधिकारीगण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है।अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।

उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

## पर्यावरण को स्वच्छ रखने का लिया संकल्प

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार ने शनिवार को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में शपथ ली। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान और संयुक्त मीडिया क्लब द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत किया गया था। इस अवसर पर अशोक कुमार ने सिंगल-यूज़ पॉलिथीन का उपयोग न करने की शपथ ली और सभी ग्राम प्रधानों, सरकारी कार्यालयों और आम जनता से भी इस पहल में जुड़ने की अपील की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम की सराहना की और कहा कि पेंशनरों द्वारा शुरू की गई इस जागरूकता मुहिम को सफल बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने पॉलिथीन का प्रयोग बंद करने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बरिष्ठ नागरिक पेशनर सेवा सस्थांन के महामंत्री बी के तिवारी, कोषाध्यक्ष बसन्तलाल गुप्ता सयुंक्त मंत्री जगदीश कुमार, प्रदेशीय सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी त्रिपाठी, सयुक्त मीडिया क्लब के अध्यक्ष भगवानदीन यादव, इरफान पठान, अजय अनुरागी, महेन्द्र राजपूत इमरान एवं परमेश्वरीदीन आदि उपस्थित रहे ।

## हाकी प्रतियोगिता : हमीरपुर को हराकर बांदा बना चैंपियन

- महिला हाकी मुकाबले में बांदा ने चित्रकूट को 8-0 से हराया

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



रहमानिया स्पोर्ट्स ग्राउंड में मंडलीय हाकी प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें मंडल सभी की टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें फाइनल मुकाबले में बांदा ने हमीरपुर को 1-0 से पराजित किया। जिसके बाद मुख्य अतिथि ने विजेता एवं उपविजेता सहित सभी टीमों को पुरस्कृत किया गया। शनिवार को कस्बे के कपसा रोड स्थित रहमानिया स्पोर्ट्स ग्राउंड में मंडलीय हाकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पहला मुकाबला महिला हाकी टीम बांदा और चित्रकूट के बीच हुआ जिसमें मुख्य अतिथि रहमानिया प्रधानाचार्या डॉ रज़िया सुल्ताना ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबला शुरू कराया, जिसमें बांदा ने 8-0 से मुकाबला जीत लिया। इसी के बाद दूसरा मुकाबला पुरुष अंडर-19 बांदा और चित्रकूट के बीच खेला गया। जिसका शुभारंभ रहमानिया कालेज के प्रबंधक अशरफ कमाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल शुरू कराया जिसमें बांदा ने 6-2 से एकतरफा मुकाबला अपने नाम दर्ज कर लिया। इसके बाद फाइनल मुकाबला बांदा और रहमानिया हमीरपुर के बीच आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि चेयरमैन रजा मुहम्मद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल शुरू कराया। जिसमें दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और रोमांचक मुकाबले में बांदा ने 1-0 से हमीरपुर को हराकर मुकाबला अपने नाम दर्ज कर लिया। जिसके बाद मुख्य अतिथि रज़ा मुहम्मद ने दोनों टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रतियोगिता के आयोजक एवं रहमानिया इंटर कालेज के प्रबंधक अशरफ कमाल, प्रधानाचार्या डॉ रज़िया सुल्ताना, क्रीड़ा अध्यापक एवं रहमानिया हमीरपुर टीम कोंच मुशर्रफ कमाल, बांदा टीम के कोंच शाहिद वली, चित्रकूट कोंच डॉ रमेश कुमार एवं निजामी स्पोर्ट्स के अध्यक्ष बीतू बादशाह, शमशाद नबी, फहीम भाई, लारैब भाई, खालिद, डॉ इमामुद्दीन सहित समस्त निजामी स्पोर्ट्स एवं रहमानिया स्टाफ व सैकड़ों की संख्या में हाकी प्रेमी ग्राउंड में उपस्थित रहे। हाकी प्रतियोगिता में रैफरी की भूमिका बब्लू पठान एवं समीर इमाम ने निभाई व संचालन आरिफ़ सिद्दीकी ने किया।

## समाजसेवी ने अटूट मेहनत एवं परिश्रम से राठ रोड स्थित मोक्षधाम की बदल दी हालत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** राठ रोड स्थित काशीराम कॉलोनी निवासी समाजसेवी भगवती प्रसाद सोनी ने अपनी अटूट मेहनत एवं परिश्रम से राठ रोड स्थित मोक्षधाम की हालत बदल दी है। बता दें कि समाजसेवी भगवती प्रसाद सोनी शव वाहन चलाकर शवों को मोक्षधाम पहुंचाने का कार्य कई वर्षों से करते चले जा रहे हैं। यहां तक की कोरोना कल में उन्होंने बिना रुके, बिना थके, बिना डरे न जाने कितने शवों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया। लेकिन जनपद के मोक्ष धामों की हालत देखकर उनका मन द्रवित हो उठता था। इसीलिए भगवती सोनी ने मोक्षधामों की हालत सुधारने का संकल्प लिया। जिसकी शुरुआत उन्होंने राठ रोड स्थित मोक्षधाम से की। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि उनकी मेहनत से मोक्षधाम अब मोक्षधाम न लगकर पिकनिक स्पॉट लगने लगा है।

## पशुबाड़ा के अंदर लटका मिला वृद्ध का शव, पुत्र ने जताई हत्या की आशंका

**बिवांर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** बिवार थाना क्षेत्र के पाटनपुर गाँव निवासी दशरथ वर्मा (65) पुत्र शोभा का उसी के पशुबाड़ा में संदिग्ध अवस्था में शव लटका मिला है।मृतक डाकघर में पोस्टमैन पद पर कार्य करता रहा था। 65 साल पूरे होने से दस दिन पहले उसने अपना कार्यभार दूसरे व्यक्ति को दे दिया था। चार पंचवर्षीय पहले आरक्षित सीट पर मृतक की पत्नी ग्रामप्रधान रह चुकी है।पुत्र ने किसी रंजिश होने से इनकार किया है बताया कि पिता रोजाना की तरह तड़के चार बजे पशुबाड़ा में जानवरों की सानी करने गए थे लेकिन कुछ जानवरों के सामने सानी पड़ी मिली पूरी सानी भी नहीं की थी और डलिया भी वहीं पड़ी थी दरवाजा खुला था लेकिन उन्हें खपरैल की धन्नी से लटका पाया गया।वहीं थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कोई नए तथ्य मिल सकते हैं।


### सूचना

मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरा नाम शिवांक सिंह है। मेरी माता जी का नाम रीना सिंह व पिता जी का नाम विजय कुमार है। मेरी जन्म तिथि 12/08/2008 है। मेरी हाई स्कूल (2023) की मार्कशीट कहीं गुम हो गई कि जिसमें मेरा अनुक्रमांक 1231221291 है।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम LAIQ AHMAD W/O AFTAB AHMAD निवासी-मोहल्ला बड़ीहाट बरैय्यापुरा, थाना कोतवाली नगर बहराइच था जो कि दिनांक 08/09/2024 को मैंने अपना नाम बदलकर LAEEK FATIMA W/O AFTAB AHMAD रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।


## भ्रष्टाचार व पक्षपात के खिलाफ बीडीसी सदस्य लामबंद

- ब्लाक प्रमुख पर लगाया मनमानी करने का आरोप

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में ब्लॉक प्रमुख पर भ्रष्टाचार एवं पक्षपात करने का आरोप लगा दो दर्जन से ज्यादा बीडीसी सदस्यों ने बैठक स्थल के बाहर जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया है। ब्लाक प्रमुख के खिलाफ विरोध जता रहे सदस्यों ने भ्रष्टाचार और मनमानी जैसे गम्भीर आरोप लगाए हैं।

ब्लाक सभागार में चल रही बोर्ड की बैठक के दौरान सदस्यों के विरोध से हड़कम्प मच गया। बीडीसी सदस्यों ने ब्लाक प्रमुख पर तानाशाही करते हुए पुलिस बल का प्रयोग कर सदस्यों को ब्लाक से बाहर कराने का भी आरोप लगाया है।

दरअसल मामला चरखारी ब्लाक परिसर का है जहां ब्लाक सभागार में चल रही बोर्ड की बैठक के दौरान बी.डी.सी सदस्यों ने जमकर हंगामा खड़ा कर दिया, हालांकि बैठक में मौजूद भारतीय जनता पार्टी से विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर ने ब्लाक प्रमुख पर लगे आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए जहां निराधार बताया है। तो वहीं ब्लाक प्रमुख सीमा कुशवाहा ने भी इसे विपक्ष के लोगों की साजिश करार दिया है। बहरहाल इससे पूर्व हुई बैठक में भी सदस्यों द्वारा बहिष्कार कर ब्लॉक प्रमुख पर भ्रष्टाचार सहित पक्षपात करने का आरोप लगाया गया था। सदस्यों का आरोप है कि ब्लॉक प्रमुख चिन्हित क्षेत्रों में ही विकास कार्य कराने एवं अन्य क्षेत्रों में अनदेखी का आरोप लगाया जमकर हंगामा काटा है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरेला में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरेला में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण दवा के साथ मानसिक रोग प्रमाण पत्र वितरित करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. राजेश वर्मा ने बताया कि ऐसे लक्षणों के प्रतीत होने पर मानसिक रोग विभाग जिला चिकित्सालय में संपर्क करें। आयोजन के मुख्य अतिथि समाजसेवी रानू पाठक, डॉ पीके सिंह राजपूत अधीक्षक चरखारी, डॉ राजेश वर्मा, अधीक्षक खरेला, डॉक्टर प्रेमदास, अंकिता गुप्ता , रामशरण बुधौलिया, अरविंद पटेल सुभाष पटेल, स्टाफ नर्स अर्चना, रौनक तिवारी समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## हिंदी पखवाड़ा शिक्षक कवि सम्मेलन के लिए चुनी गईं शिक्षिका भावना सुल्लेरे



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, एनसीईआरटी, नई दिल्ली हिंदी पखवाड़ा शिक्षक कवि सम्मेलन के तहत एक कार्यशाला डिजिटल शिक्षा में राजभाषा हिंदी का उद्देश्य से केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, एनसीईआरटी, नई दिल्ली हिंदी पखवाड़ा शिक्षक कवि सम्मेलन के तहत एक कार्यशाला डिजिटल शिक्षा में राजभाषा हिंदी का बढ़ता प्रभाव प्रकरण पर दिनांक 26 एवं 27 सितम्बर 2024, कक्ष सं. 202 सीआईईटी, एनसीईआरटी (प्रातः 9:30 से सायं 5:30 तक) को आयोजित होने जा रहा है। प्रसन्नता का विषय है कि महोबा की शिक्षिका भावना सुल्लेरे कार्यशाला में भागेदारी हेतु चुनी गई हैं। हिंदी पखवाड़े के तहत शिक्षक कवि सम्मेलन को सार्थक बनाने हेतु भावना उक्त कार्यक्रम में सहभागिता कर महोबा से शिक्षा विभाग व शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम को सफल और यादगार बनाने में सहयोग देकर हिंदी पखवाड़ा शिक्षक कवि सम्मेलन को सार्थक बनाने हेतु शिक्षिका की सहभागिता की बेहद महत्वपूर्ण है।

## 136 फरियादियों ने दर्ज कराई शिकायतें, आठ का मौके निस्तारण

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।**



तहसील के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम व एसीपी ने संयुक्त रूप से शिकायते सुनी तथा गुणवत्ता पूर्वक समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश दिए। बताया जाता है कि पिछले संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुआ था आज का संपूर्ण समाधान दिवस उप जिला अधिकार यादवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुआ,, दिवस मे बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों की पहले शिकायत है एसडीएम यदुवेन्द्र सिंह बैस ने सुनी, जब कि पुलिस से सवधित शिकायते एसीपी रजीत कुमार ने सुनी, तहसीलदार लक्ष्मी नारायण बाजपेई ने बताया की आज के तहसील दिवस मे कुल 115 शिकायतें आयी जिसमें सबसे अधिक 66 शिकायतें राजस्व की थी, 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तरण कर दिया गया, दिवस मे बिकास, पुलिस, नगर पालिका, शिक्षा, सप्लाई, बिजली आदि बिभागो के तहसील स्तरीय अधिकारी /कर्मचारी भी मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सूपा विकास खंड - चरखारी (महोबा)

पत्रांक, मेमो पंचम वित्त / पंद्रहा वित्त आयोग / पं0 रा0 वि0/निविदा / 2023-24 दिनांक 01.02.2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम वित्त / पंद्रहा वित्त आयोग / 2023-24 के अंतर्गत ग्रा0 पं0 सूपा महोबा की स्वीकृति कार्य योजना 2023-24 में निम्नलिखित कार्य हेतु सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 01.02.2024 से 04.02.2024 को समय प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटी में डाली जाएगी। उसी दिन 4.00 बजे समिति के समक्ष खोली एवं निस्तारित की जाएगी। सामग्री का विवरण निम्न है।

| क्र0 | कार्य एवं कार्य स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूर्ति किये जाने की कुल समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ग्राम पंचायत सूपा में अंत्येष्टि स्थल मरम्मत कार्य | सीमेंट, फाइन सेंड, कोर्स सेंड, 20-40 एम0एम0जी0ऐस0बी0, माइन्ड स्टील, जी0आई0 सीट, ब्रिक्स एम0-150, अर्थ वर्क फिलिंग कार्य, रैड मोरम, पाइप, एल्चो जाली आदि | 3.90 लाख | 3842.00 | 30 दिन |
| 02 | ग्राम पंचायत सूपा में शांति स्थल | सीमेंट, फाइन सेंड, कोर्स सेंड, 20-40 एम0एम0जी0ऐस0बी0, माइन्ड स्टील, जी0आई0 सीट, ब्रिक्स एम0-150, अर्थ वर्क फिलिंग कार्य, रैड मोरम, पाइप, एल्चो जाली आदि | 3.50 लाख | 3567.00 | 30 दिन |

1- आपूर्तिकर्ता ठेकेदार का आयकर एवं व्यापार कर विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिये जिसकी प्रति निविदा के साथ संलग्न की जायेगी।
2- आपूर्तिकर्ता /ठेकेदार द्वारा उपरोक्त धरोहर राशि एनएससी / केपीवी / डाकघर पासबुक/टीडीआर ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक कराकर निविदा के साथ संलग्न करनी होगी।
3- आपूर्तिकर्ता / ठेकेदार को कार्यस्थल पर सामग्री की पहुंचता दरें निविदा प्रपत्र पर अंकित करनी होगी।
4- आपूर्तिकर्ता ठेकेदार को निर्धारित अवधि में कार्य स्थल पर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी अन्यथा धरोहर राशि जप्त करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।
5- निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने अथवा स्वीकार करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार समिति का होगा।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत सूपा (चरखारी) महोबा**

**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत सूपा (चरखारी) महोबा**

# डिवाइडर से टकराकर पलटी डबलडेकर बस, 38 घायल

- गोण्डा यात्रियों को बैठाकर दिल्ली जा रही थी प्राईवेट बस
- लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे पर फगुहा भट्ठा के समीप हुई दुर्घटना
- घायलों को मेडिकल कॉलेज में कराया गया भर्ती

तिर्वा। समृद्धि न्यूज



मेडिकल कॉलेज में भर्ती घायल समृद्धि न्यूज़




हादसे के बाद खड़ी क्षतिग्रस्त बस समृद्धि न्यूज़

कोतवाली क्षेत्र के फगुहा भट्टा कट के निकट शुक्रवार की देर रात आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर गोण्डा से यात्रियों को बैठाकर दिल्ली जा रही एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में बस में सवार 38 यात्री घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां तीन की हालत गंभीर होने पर उनको कानपुर रेफर कर दिया गया। शुक्रवार की शाम को एक प्राइवेट बस गोण्डा से करीब 80 यात्रियों को बैठाकर दिल्ली जा रही थी। रात एक बजे के करीब जब बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के फगुहा कट के निकट पहुंची, तभी अचानक बस अनियन्त्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसा होते ही सवारियों में चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी होते ही यूपीडा कर्मी व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। यूपीडा कर्मियों ने सभी घायलों को बस से निकालकर एम्बुलेंस की मदद से राजकीय मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। हादसे में 38 यात्री घायल हुए थे। इनमें तीन की हालत गंभीर होने पर उनको कानपुर रेफर कर दिया गया। मामले में कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि दूसरे वाहनों की व्यवस्था कर यात्रियों को उनके गन्तव्य स्थानों के लिए भेज दिया गया है।

# करंट पीड़ितों को सपा ने दी दो लाख पैतीस हजार की मदद

- सीमांत नगर में करंट से घायल लोगों को मिली राहत

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**सीमांत नगर** के चार घरों में हाईटेंशन लाइन टूट कर गिरी गई थी। जिसमें लगभग 45 लोग करंट की चपेट में आने से झुलस कर घायल हो गए थे। घटना की जानकारी होने के बाद शुक्रवार को पहुंचे सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीड़ितों का हाल जाना था और आर्थिक मदद का भरोसा दिलाया था।

शनिवार को जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने मोहल्ला सीमांत नगर पहुंचकर पीड़ितों को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा भेजी गई आर्थिक मदद 2,35000 रूपये 47 पीड़ितों को दिए। इसके बाद हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान नगर अध्यक्ष मुकीम खान, छोटे ठाकुर, नगर उपाध्यक्ष सलीम खान, रणधीर ठाकुर, अतीक खान, तालिब खान, अमन खान आदि मौजूद रहे।

# साइकिल के प्रसार में बच्चों ने बनाई मानव श्रृंखला

- नुक्कड़ सभा में बच्चों को सिखाई जीवन जीने की कला

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**स्पिक मैके** के संस्थापक डॉक्टर किरण सेठ की देशव्यापी साइकिल यात्रा से प्रेरित होकर सिटी चिल्ड्रेन्स एकेडमी के बच्चों ने बाईपास मार्ग पर एक किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाकर अपनी अभिव्यक्ति दी। वहीं ,आवास विकास तिराहे पर बच्चों की एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए डॉक्टर सेठ ने कहा कि %एकाग्रता% व %धैर्य% किसी भी क्षेत्र में सफलता की कुंजी हैं। योग व शास्त्रीय संगीत को अपनी नियमित जीवन शैली में सम्मिलित करने से इन्हें पाया जा सकता है। उन्होंने भारत की आत्मा से जुड़ने के लिए महात्मा गांधी के जीवन दर्शन को समझने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। इससे पूर्व सीसीए के बच्चों व शिक्षकों ने जीटी रोड पर डॉक्टर सेठ का भव्य स्वागत किया। विद्यालय प्रबंधक प्रदीप प्रधान ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बलराज कपूर, एकेडमिक हेड प्रेमानंद नायक, कोऑर्डिनेटर राम यादव, लायना सीएस, प्रीथा एमडी, मनोज सिंह, आज़ाद खां, निमित्त,श्रीजित जेपी आदि शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## चालक व युवक ने फांसी लगाकर दे दी अपनी जान

**तिर्वा।** तहसील क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर एक अधेड़ व एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने दोनो शवों का पंचनामा भरवाकर उन्हे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। आत्महत्या किए जाने की बजह गृह कलेश बताई जा रही है। तिर्वा कस्बे के अम्बेडकर नगर मोहल्ला निवासी अनिल कुमार (30) पुत्र विनोद कुमार ने शुक्रवार की रात घर के कमरे में फांसी लगा ली। शनिवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पर तिर्वा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी घटना इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के नईबस्ती गांव में हुई। गांव निवासी राकेश सविता ( 55 ) पुत्र मुन्नालाल बस चालक था। वह एक विद्यालय की बस चलाता था। उसने शुक्रवार की रात घर से करीब एक किलोमीटर दूर खड़े आम के पेड़ में फांसी लगा ली।

# संपूर्ण तहसील समाधान दिवस संपन्न



छिबरामऊ कन्नौज समृद्धि न्यूज

संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में जिला अधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में किया गया

संपूर्ण तहसील समाधान दिवस पर जिलाधिकारी सुभ्रांत शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, आईएएस स्मृति मिश्रा,मुख्य चिकित्साधिकारी विनोद कुमार, क्षेत्राधिकारी ओमकार नाथ शर्मा,डीएफओ हेमंतकुमार सेठ,पशु चिकित्साधिकारी केवी सिंह, तहसीलदार अभिनव वर्मा,सहित जिला स्तर के समस्त विभाग अध्यक्ष व स्थानीय विभाग अध्यक्षों की मौजूदगी में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस संपन्न हुआ जिसमें आए हुए प्रार्थना पत्रों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश जिलाधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए।

# खबरें चलते-चलते

## अधेड़ की रास्ते में मौत से परिजनों में कोहराम

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** चार दिनों से आ रहे बुखार की दवा लेने के लिए निजी अस्पताल में पत्नी व भाई के साथ आ रहे अधेड़ की रास्ते में मौत हो गई। सड़क किनारे फुटपाथ पर शव रखकर रो रही पत्नी व भाई को देख राहगीर और स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। परिजनों के आने के बाद शव को घर ले जाया गया। ग्राम मतौली के जलालपुर निवासी सुरेश चंद्र राजपूत (55) पुत्र रूपलाल को चार दिनों से बुखार आ रहा था। काफी इलाज के बाद भी उसे आराम नहीं मिला। तो शनिवार की सुबह भाई श्याम सिंह व पत्नी गुड्डी उसे बाइक से लेकर गुरसहायगंज के निजी अस्पताल में दवा दिलाने के लिए आ रहे थे। तभी नंगापुर्वा रोड पर रास्ते में उसकी तबियत बिगड़ गई और सुरेश चंद राजपूत की रास्ते में ही मौत हो गई। मौत की खबर सुन परिजनों में चीख पुकार मच गई। लगभग आधा घंटा बाद गांव से पहुंचे अन्य परिजन शव को गांव ले गए।

## जमीन संबंधित विवादों को मौके पर जाकर करें निस्तारित: सीडीओ

**तिर्वा।** तहसील सभागार में शनिवार को सीडीओ रामकृपाल की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित समाधान दिवस में 87 फरियादियों ने अपनी शिकायतें रखी। इनमें से छह शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को भेजकर समय से गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए। आयोजित समाधान दिवस के दौरान मौजूद आला अफसरों को निर्देश देते हुए सीडीओ ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को समय से निस्तारित करें। जमीन संबंधित विवादों में लेखपाल पुलिस टीम को साथ में लेकर मौके पर जाकर जांच पड़ताल कर निस्तारित करें। निस्तारण के बाद उसकी सूचना पीड़ित को जरूर दे। इस मौके पर विभिन्नि विभागों से संबंधित 87 फरियादियों ने अपनी शिकायतें अफसरों के सामने रखी। इनमें से 06 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर एसडीएम अशोक कुमार, तहसीलदार अवनीश सिंह, सीओ तिर्वा डॉ.प्रियंका बाजपेई समेत कई अफसर मौजूद रहे।

## भाकियू स्वराज ने बांटे मनोनयन पत्र

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शनिवार को नगर के मोहल्ला रामगंज में भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें जिलाध्यक्ष संदीप पाठक, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में संगठन का विस्तार किया गया। जिसमें अरविंद कुशवाहा, आयुष राठौर, उम्मीद हसन, आलोक कुमार को मानोनयन पत्र देकर जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान योगेश सक्सेना, अमुक गुप्ता, अफजल खान, धर्मेंद्र सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## दंपति को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शराब के नशे धुत युवक ने गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के ग्राम किशवापुर निवासी जितेंद्र पुत्र राम सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि 18 सितंबर की शाम करीब 08 बजे वह अपने घर में था। तभी परिवार के ही सीतेंद्र शराब के नशे में धुत होकर दरवाजे पर आए और गाली गलौज करने लगे। उसके द्वारा विरोध करने पर सत्येंद्र एवं उसकी पत्नी रामप्यारी ने उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे लात घूसों व लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मारपीट व धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** परिवार के लोगों ने रंजिश को लेकर गाली गलौज की और दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम जुनैदपुर निवासी आरती देवी पत्नी राजकुमार कुशवाहा ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके परिवार के संजय पुत्र ब्रजपाल कुशवाहा, ध्रुवतारा पत्नी संजय, सोनाली व साक्षी पुत्रीगण संजय रंजिश को लेकर 18 सितंबर की शाम करीब 04 बजे उसके दरवाजे पर आए और गाली गलौज की। मना करने पर उसे व बीच बचाव में आए उसके पति राज कुमार कुशवाहा को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पूर्व विधायक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर राहत का दिलाया भरोसा



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**बाढ़ प्रभावित** क्षेत्र में पहुंचे समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव फौरी राहत उपलब्ध कराई। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के गांव सिंहपुर का भ्रमण कर क्षेत्रीय लोगों से उनकी समस्याओं की जानकारी लेते नेता व पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा सभी समाजवादी लोग बाढ़ में जो लोग पीड़ित है उनकी समस्या हल करें उनको राहत सामग्री पहुंचाने का कार्य करें बड़ी मात्रा से समाजवादी पार्टी उनकी मदद करेगी और राहत सामग्री भी भेजेगी जल्द से जल्द हम लोग राहत सामग्री पहुंचाने का कार्य करेंगे इसके लिए कार्यकर्ताओं को चिन्हित करके उनसे राहत सामग्री भी जाने का कार्य करेंगे और हम भी साथ में रहकर सामग्री भेजेंगे इस मौके पर जिलापंचायत सदस्य रीपू यादव राजन सिंह अंकुर सिंह यादव मिडिया प्रभारी बबलू यादव अमन खान सोनू सिंह मुकेश मैजूद रहे।

# भंडारा कार्यक्रम में उमड़ी लोगों की भीड़

- आश्रम में आयोजित वार्षिक भंडारा कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने भी लिया भाग

समधन ,समृद्धि न्यूज़



**चवन आश्रम** में आयोजित विशाल भंडारा कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों एवं जनप्रतिनिधियों की भीड़ उमड़ी कार्यक्रम में मौजूद भारतीय किसान यूनियन के जिलाअध्यक्ष शमीम सिद्दीकी एवं भाजपा नेता राजीव ठाकुर ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से मन को शांति मिलती है। एवं लोगों के बीच धार्मिक आस्था का संचार होता है। शनिवार को गंगा नदी के तट पर स्थित पौराणिक ऋषि मुनि की तपोस्थली चवन आश्रम में समाजसेवी ठाकुर धर्मेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बबलू द्वारा वार्षिक विशाल भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष शमीम सिद्दीकी प्रबंधक हरि बाबू अग्निहोत्री आदि ने कहा कि ऋषि मुनियों की तपोभूम च्यवन आश्रम धार्मिक ही नहीं पौराणिक स्थल है इस स्थल पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों से लोगों के मन में आस्था एवं भक्ति का संचार होता है सभी को कार्यक्रमों में सहयोग करना चाहिए इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से ठाकुर मुन्नू सिंह, राहुल गौतम, प्रवीण द्विवेदी, राघवेंद्र, प्रताप सिंह, राघव एडवोकेट, राजेंद्र बाबू द्विवेदी , मुन्नू बाबू त्रिपाठी, रिंकू तिवारी, धीरज तिवारी, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## 27 सितंबर को लगेगा दिव्यांग पुरुष अभ्यर्थियों के लिए रोजगार मेला

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जिला सेवायोजन, दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं केएमजी इंटर प्राइजेज के संयुक्त तत्वाधान में बेरोजगार दिव्यांग पुरुष अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु 27 सितंबर को प्रातः 11 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनी/ संस्थान केएमजी इंटरप्राइजेज द्वारा साक्षात्कार किया जायेगा। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी अपूर्वा दुबे ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त साक्षात्कार हेतु आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित है। साथ ही आधार कार्ड/ पैन कार्ड मूल रूप में एवं उनकी छायाप्रति, 3 पासपोर्ट साइज़ फोटो लाना अनिवार्य है। चयनित अभ्यर्थियों को इन हैण्ड सैलरी 9646+500 अवार्ड (26 दिन ड्यूटी), सीटीसी सैलरी रु 13261 दी जायगी साथ ही यात्रा एवं रहना भी कम्पनी द्वारा दिया जायगा। इच्छुक दिव्यांग पुरुष अभ्यर्थी नियत तिथि पर जिला सेवायोजन कार्यालय निकट बस स्टैंड, कचहरी रोड पर उपस्थित हों।

# चेरीटेविल ट्रस्ट ग्रुप के पदाधिकारियों द्वारा कारागार को डेस्क भेंट की

- बंदी विद्यार्थी साक्षरता सम्बन्धी प्रतियोगिताओं हेतु करेंगे प्रयोग

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज




जेल अधीक्षक को डेस्क भेंट करते पदाधिकारी समृद्धि न्यूज़

**नव साक्षर** बंदी साक्षरता व शिक्षा के उद्देश्य से ''कुछ कोशिशे'' चेरीटेविल ट्रस्ट के ग्रुप के पदाधिकारियों द्वारा 50 नग लकड़ी वाली मजबूत डेस्क कारागार को भेंट की। अनौगी स्थित जिला कारागार में मुख्य अतिथि के रूप में चेरीटेविल ट्रस्ट के राजेश भाटिया व उनके मुख्य सलाहकार सुनील वर्मा द्वारा 50 डेस्क कारागार को दान स्वरूप भेट की गयी। अब बंदी विद्यार्थी साक्षरता सम्बन्धी प्रतियोगिताओं हेतु इनका प्रयोग किया करेगें। मुख्य अतिथि द्वारा बंदियों को अपने पूर्व में कारागार बंदियों के सहयोग को बताकर शिक्षा हेतु प्रेरित किया। अधीक्षक मो. अकरम खॉन द्वारा सभी निरक्षर बंदियों को साक्षर किये जाने व उनकी सहायता करने हेतु पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान शिक्षाध्यापक मनोज कुमार कटियार, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कटियार सहित प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्पिक मैके के फाउंडर तथा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर किरण सेठ किया गया सम्मान

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



स्पिक मैके के फाउंडर तथा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर किरण सेठ आज अपनी सोलो साइकिल यात्रा के दौरान जीटी रोड से होते हुए छिबरामऊ पहुंचे। यहां पर उनका जीटी रोड पर जीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जोरदार स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य श्री शैलेंद्र मिश्रा, सुप्रभात एकेडमी की प्रिंसिपल श्रीमती अलका गुप्ता तथा प्रबंधक हिमांशु सक्सेना ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। तथा स्कूल की अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने माल्यार्पण कर उनका उत्साहवर्धन किया । इसके उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए डॉक्टर किरण सेठ ने अवगत कराया कि भारतीय बच्चों में हिंदुस्तान की सांस्कृतिक विरासत और संगीत की विरासत लुप्त होती जा रही है , अतः इस विरासत को सहेज कर रखना बहुत जरूरी है और इसी उद्देश्य से उन्होंने अपनी साइकिल यात्रा प्रारंभ की है। वर्तमान में वह पूरा हिंदुस्तान घूम कर वापस दिल्ली जा रहे हैं तथा दिल्ली पहुंचकर राजघाट पर उनकी साइकिल यात्रा का समापन होगा ।अभी तक वह लगभग 10000 किलोमीटर से अधिक का सफर साइकिल द्वारा पूरा कर चुके हैं स्वर्गीय सुप्रभात सक्सेना का स्मरण करते हुए उन्होंने बताया की सांस्कृतिक विरासत और साहित्यिक विरासत को सहेज कर रखने में उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में अद्भुत कार्य किया गया। उन्होंने संगीत को विज्ञान से जोड़ते हुए यह भी बताया कि संगीत आजकल के युवाओं में अवसाद को बहुत आसान तरीके से कम कर सकता है आजकल के युवा जरा सी असफलता से घबरा जाते हैं और अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं जबकि भारतीय पारंपरिक संगीत में इतनी ताकत है कि वह बिना दवाई के और बिना साइड इफेक्ट के ही युवाओं को अवसाद जैसे गंभीर रोग से बाहर कर सकता है। इस अवसर पर स्वर्गीय सुप्रभात सक्सेना द्वारा कन्नौज जिले के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास पर लिखी पुस्तक का उनके द्वारा विमोचन भी किया गया।उन्होंने बताया की स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ,क्रांतिकारी ,शहीदों ने अपना खून पसीना बहा कर इस देश को आजादी दिलाई है। अगर वे ना होते तो आज इस देश का इतिहास और सांस्कृतिक विरासत भी मिट्टी में मिल गई होती। परंतु इन वीर सेनानियों की वजह से आज हमारी युवा पीढ़ी खुली हवा में सांस ले रही है। ऐसे में इस पुस्तक का विमोचन कर उन्होंने आवाहन भी किया कि इसे जिला स्तर पर प्राइमरी स्तर के पाठ्यक्रम में प्रत्येक जिले में शामिल किया जाए ताकि बच्चे भी अपने-अपने जनपद के स्वतंत्रता सेनानियों क्रांतिकारी एवं शहीदों के बारे में जान सकें। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर संदीप प्रताप वर्मा संस्था के निदेशक डॉक्टर आत्माराम शर्मा के साथ सुप्रभात अकादमी तथा जस सीनियर सेकेंडरी स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन विख्यात कवि श्री ओम प्रकाश शुक्ला अज्ञात जी के द्वारा किया गया।










# डीएम ने सुनीं समस्यायें, तीन का मौके पर हुआ निस्तारण

- राजस्व विभाग की आयीं 26 शिकायतें, फरियादियों को कराया जलपान
- शिकायती पत्र लेकर आए लोगों को जिलाधिकारी ने अपने हाथों से कराया नाश्ता

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**तहसील सभागार** में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा आदि ने लोगों की समस्याओं को सुना। कुल 73 प्रार्थना पत्र आये। जिसमें से तीन का मौके पर निस्तारण हो सका। जिलाधिकारी ने समस्यायें लेकर आने वाले फरियादियों को जलपान कराया और स्वयं भी किया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। राजस्व विभाग की 26, पुलिस विभाग की 10, विकास विभाग की 16, विद्युत विभाग की 5, कृषि विभाग की 2 तथा अन्य विभागों की 14 शिकायतें रहीं। रामदेवी पत्नी सुलिखान, रामबेटी पत्नी छेदालाल निवासी भटोली ने 11 माह से विधवा पेंशन नहीं आने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। मुन्नी देवी पत्नी कबीर दास निवासी नगला हूसा ने पात्र गृहस्थी राशन कार्ड में नाम जोड़ने के संबंध में, रामऔतार निवासी चिड़िया मोहलिया ने शौचालय दिलवाए जाने में धांधली होने के संबंध में प्रार्थना पत्र जिला अधिकारी को सौंपा। अधिवक्ता मुकेश शर्मा निवासी करनपुरदत्त ने पीसीएफ किसान सेवा केंद्र अमृतपुर से हटाकर राजेपुर कर देने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। ज्ञानेंद्र कुमार, सुरजीत कुमार, दीपक कुमार आदि निवासी आलापुर ने चकरोड से अतिक्रमण हटवाने के संबंध में, सुभाष पुत्र लालाराम निवासी चपरा एफआईआर दर्ज करने के संबंध में एवं कुंती देवी पत्नी स्वर्गीय सत्येंद्र कुमार निवासी आसमपुर मजरा अमृतपुर ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें उसने कहा कि मेरे पति की हरियाणा में एक मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसके बाद से वह बिल्कुल बेसहारा वा लाचार है। जिसके छोटे-छोटे चार बच्चे हैं। पति की मृत्यु का प्रमाण पत्र न होने की वजह से उसको किसी प्रकार की सरकारी सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए तत्काल ही जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को विधवा पेंशन, आवास व अन्य सरकारी लाभ दिलवाने के निर्देश दिए। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुलदीप अवस्थी ने अपने साथी शिवेंद्र अवस्थी व प्रतीक अवस्थी के साथ अमृतपुर से फखरपुर मार्ग पर बनी नई आबादी में विद्युतीकरण ना होने व अन्य कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं के संबंध में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया। जिलाधिकारी ने आए हुए सभी प्रार्थना पत्रों का शीघ्र निस्तारण करने का सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अवनींद्र कुमार, उप जिलाधिकारी अतुल कुमार, तहसीलदार कर्मवीर सिंह, थानाध्यक्ष अमृतपुर मीनेश पचौरी, थाना अध्यक्ष राजेपुर योगेंद्र सिंह सोलंकी आदि कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


समाधान दिवस में फरियादियों को बिस्कुट खिलाते जिलाधिकारी

# घर में घुसे सियार को मोहल्लेवासियों ने कमरे में किया बंद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**घर में** घुसे सियार को मोहल्लेवासियों ने कमरे में बंद कर लिया। इसकी खबर पाकर मौके पर दर्जनों की संख्या में लोग पहुंच गये।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के खटकपुरा सिद्दीकी निवासी लियाकत हाफिज अली का छावनी फाटक में भी एक मकान है। जिसमें दीन मोहम्मद के साथ अन्य किरायेदार रहते हैं। शनिवार को सुबह 8.30 अचानक एक सियार कहीं से आकर मोहल्ले में दाखिल हुआ। उसके पैर में चोट लगी थी। लोगों ने उसे देखा, तो उन्हें भेड़िया होने पर संदेह हुआ। सियार भागकर दीन मोहम्मद के मकान के कमरे में घुस गया। लोगों ने दरवाजा बंद कर दिया। इस खबर पर दर्जनों की संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गये। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस की सूचना पर वन रक्षक सिद्धार्थ, देवानंद दुबे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कमरे से सियार को दबोच लिया। उपवन अधिकारी राजकुमार ने बताया कि पकड़ा गया जानवर सियार था। जिसे रमन्ना गुलजार बाग के जंगल में छोड़ दिया गया है।


सियार को पकड़े वन विभाग की टीम — समृद्धि न्यूज

## खबरें चलते-चलते

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व सफाईकर्मी की हुई मौत



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना कादरीगेट क्षेत्र के लिंजीगंज रोड स्थित सूरज गार्डन निवासी सतीश वर्मा का 26 वर्षीय पुत्र गौरव वर्मा कमालगंज आरपी डिग्री कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी के पद पर तैनात था। वहीं फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव नारायणपुर सेंट्रल जेल निवासी उमेश का 28 वर्षीय पुत्र संजीव भी आरपी डिग्री कॉलेज में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात था। दोनों युवक बाइक से घर वापस आ रहे थे।, तभी थाना जहानगंज क्षेत्र के गांव रूनी के पास डंपर ने गौरव वर्मा की बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गौरव वर्मा और सफाई कर्मचारी संजीव गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस की सहायता से डॉक्टर राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वैभव यादव ने गौरव वर्मा और संजीव को मृत घोषित कर दिया। दोनों युवकों का शव मोर्चरी में रखवाकर पोस्टमार्टम के लिए पुलिस सूचना भेज दी है। सूचना मिलते ही परिवार के लोग जिला अस्पताल लोहिया में पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक गौरव वर्मा के एक पुत्र उत्कर्ष और एक बेटी बाला है। और मृतक संजीव के एक पुत्र अवी और बेटी काव्य और कल्पना है।

### पाक्सो के मामले में दोष सिद्ध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने पाक्सो एक्ट के मामले बंटी पुत्र बाबा निवासी नगला कंजड़ ममापुर कायमगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिन्दू पर सुनवाई के लिए 23 सितम्बर की तिथि नियत की गयी है। जानकारी के अनुसार बीते 9 वर्षो पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 7 जनवरी 2015 को उसकी 10 वर्षीय पुत्री शाम चार बजे पास के जंगल मे लकड़ी बीनने गयी, तभी बाबा के लड़के बंटी ने बुरी नियत से पुत्री को पकड़ लिया व छेड़छाड़ की। पुत्री ने घटना की जानकारी घर पर आकर दी। इस बात की शिकायत बंटी के घरवालो से की, तो उन्होंने लाठी-डंडों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व साशकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने बंटी को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंन्दु पर 23 सितम्बर की तिथि नियत की गयी है।

### छेड़छाड़ के मामले चार वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष एससी/एसटी न्यायाधीश अभिनितम उपाध्याय ने ग्रीश चंद्र मिश्रा पुत्र सोनेलाल निवासी अम्बरपुर मड़ैया राजेपुर को दोषी करार देते हुए चार वर्ष के कारावास से दण्डित किया है तथा दस हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया है। बीते 9 वर्षो पूर्व थाना राजेपुर क्षेत्र की निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मेरा पति बाहर मजदूरी करता है। मेरे घर के चारो तरफ कोई दीवार नही है। कुत्ता बिल्ली को रोकने के लिए खरपतवार से आड़ कर रात 11 बजे अपने छोटे बच्चे के साथ घर पर लेटी थी, तभी ग्रीश चन्द्र मिश्रा शराब पीकर मेरे घर में घुस आया और मेरे साथ छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने न्यायालाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता हरनाथ सिंह, अनुज कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अभिनितम उपाध्याय ने ग्रीश चंद्र मिश्रा को दोषी करार देते हुए चार वर्ष का कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# नायब तहसीलदार ने तम्बाकू से भरी डीसीएम पकड़ी

- जीएसटी विभाग ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल
- चालक तम्बाकू से संबंधित कोई प्रपत्र नहीं दिखा सका

कंपिल, समृद्धि न्यूज

**नायब तहसीलदार** ने सूचना पर कंपिल क्षेत्र के स्थित रामेश्वर नाथ मंदिर के पास से एक तंबाकू से लदी डीसीएम को पकड़ लिया। नायब तहसीलदार ने डीसीएम को थानों में खड़ा करा दिया। मास्टर माइंड बिना ई वे-बिल के माल ढोते है। जिससे चलते लाखों रुपए की जीएसटी चोरी होती है। जीएसटी विभाग ने मौके पर पहुंच कर जांच पडताल की।

शनिवार को नायब तहसीलदार मनीष वर्मा को जानकारी मिली की तंबाकू से लदी एक डीएसीएम ट्रक कंपिल के रास्ते बाहर जा रहा है। जिस पर नायब तहसीलदार कंपिल थाने पहुंचे। जहां उन्होने एसओ कंपिल विश्वनाथ आर्य और पुलिस की टीम को साथ लिया। नायब तहसीलदार ने तंबाकू से लदी डीसीएम ट्रक यूपी 82टी9852 को रामेश्वर नाथ मंदिर के पास से पकड़ लिया। जब नायब तहसीलदार ने ड्राइवर से प्रपत्र मांगे तो वह माल व फर्म से सबंधित किसी भी तरह का कोई भी प्रपत्र दिखा नहीं पाया। जिस पर नायब तहसीलदार ने डीसीएम ट्रक को कंपिल थाने में लाकर खड़ा करा दिया। इधर सूचना पर जीएसटी विभाग के राज्यकर अधिकारी रामसेवक कंपिल थाने पहुंचे जहां डीसीएम को वजन कराया। राज्य कर अधिकारी ने बताया कि डीसीएम का कुल 13 टन 2 कुंतल 30 किलो है। डीसीएम कंपिल से दिल्ली जा रही थी। पूछताछ करने पर चालक ने अपान नाम भानू निवासी जनपद एटा के थाना अलीगंज के गांव कैल्ठा निवासी बताया। जब चालक से माल से सम्बघिंत प्रपत्र मांगे तो वह नहीं दिखा सका। माल किस ट्रांसपोर्टर की गाड़ी है इसका पता नहीं लग पाया है न ही किस का माल है इस संबंध में कोई भी व्यापारी सामने नहीं आया है। उन्होंने बताया कि माल के भौतिक सत्यापन के बाद जुर्माना वसूला जाएगा। इधर सूचना पर मण्डी सचिव की टीम मौके पहुंची और जांच पड़ताल की।


तम्बाकू से लदी खड़ी डीसीएम — समृद्धि न्यूज

# चारा लेकर आ रहे ग्रामीणों की नाव पलटी, दो को निकाला, एक लापता

कंपिल, समृद्धि न्यूज

**खेतों से** चारा काटकर घर आ रहे युवकों की नाव पलट गयी। जिससे तीन युवक डूब गए। ग्रामीणों ने दो युवकों को बचा लिया। जबकि एक युवक डूब गया। पुलिस ने ग्रामीणों व गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू की।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव बहबलपुर निवासी नीतेश राजपूत अपने दो साथियों हरदौल व प्रताप सिंह के साथ शनिवार सुबह नाव से चारा लेने खेतों की तरफ गए थे। खेतों में बाढ़ का पानी भरा है। जिससे ग्रामीण चारा लाने के लिए नाव का उपयोग करते हैं। चारा लाते समय अचानक नाव पलट गयी। जिससे तीनों युवक डूबने लगे। वहां मौजूद ग्रामीणों ने हरदौल व प्रताप सिंह को बचा लिया। जबकि नीतेश गहरे पानी में जाने से डूब गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। स्वजनों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू की। युवक की तलाश जारी है। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया युवक की तलाश की जा रही है।


मौके पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण

# थानाध्यक्ष ने ली रामलीला कमेटी की बैठक, दिये दिशा निर्देश

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**नगर पंचायत** कार्यालय शमशाबाद में रामलीला कार्यक्रम को लेकर रामलीला कमेटी की थानाध्यक्ष ने बैठक ली। जिसमें उक्त कार्यक्रम को सामंजस्यपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गयी। जानकरी के अनुसार रामलीला कार्यक्रम दिनांक 28 सितंबर से शुरु हो रहा है। जो 14 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने थानाध्यक्ष के समक्ष कई समस्यायें रखीं। जिसमें अवर अभियंता जल निगम द्वारा पाइप लाइन डालने हेतु हुई क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द ही मरम्मत कराने हेतु निर्देशित किया गया एवं रामलीला भ्रमण मार्ग की मरम्मत हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये गये। नगर पंचायत कर्मचारियों व सफाई नायक को लाइट व सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने हेतु आदेशित किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष तरून सिंह भदौरिया, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारुकी, अवर अभियंता जल निगम, रामलीला अमेठी अध्यक्ष अवधेश पाण्डेय, महामंत्री संजय गंगवार, कोषाध्यक्ष राजू भारद्वाज, साजिद अंसारी (सभासद), विक्रम दिवाकर (सभापति), मुवीन आलम (सभासद प्रतिनिधि), ज्ञान सिंह पाल (सभासद), दीपक शाक्य, रवि पाण्डेय, दीपक श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।


बैठक लेते थानाध्यक्ष व मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारुकी

# समर की कोठरी में नकब लगाकर चोरों ने स्टार्टर तथा केबिल चुराई

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**नवाबगंज** थाना क्षेत्र के ग्राम सहसा जगदीशपुर निवासी अरविंद गंगवार का खेत मई रशीदपुर और सहसा जगदीशपुर के बीच में स्थित है। यहां सिंचाई के लिए समर लगाई गई थी। जिसकी सुरक्ष हेतु कोठरी का निर्माण कराया गया था। बताते हैं बीते दिवस की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा कोठरी की दीवार में नकब लगाकर अंदर लगा स्टार्टर तथा लगभग 30 फीट लंबी केबिल काटकर चोरी कर ली। घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब शनिवार की सुबह पीड़ित खेत में लगी समर सेविल की कोठरी पर पहुंचा और जब उसने कोठरी की दीवार में नकब देखा तो उसके होश उड़ गए, क्योंकि कोठरी के अंदर समर के लिए लगाया गया स्टार्टर नहीं था। साथ ही अंदर से बाहर तक लगभग 30 फीट केबिल भी नहीं थी। अज्ञात चोर चोरी की घटना में दोनों चीजों को चुराकर हजारों का चूना लगा गए। घटना की सूचना पीड़ित द्वारा पुलिस को दी गई है। पीड़ित ने बताया 12000 रूपये की समर का स्टार्टर और तीस फिट केविल सहित लगभग 15000 से भी ज्यादा का नुकसान हुआ है।


चोरी की घटना की जानकारी देता पीड़ित

### बाइक की टक्कर से ब्लाक के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से ब्लाक के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार थाना व कस्बा शमशाबाद निवासी गंगाचरन का 38 वर्षीय पुत्र राहुल शर्मा मोहम्मदाबाद ब्लाक में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात था। राहुल शर्मा बाइक से ड्यूटी करके अपने घर वापस जा रहा था, तभी नवाबगंज सिरौली के पास राहुल शर्मा की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे राहुल शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे सीएचसी नवाबगंज में भर्ती कराया। वहाँ से डॉक्टर ने जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वैभव यादव ने युवक राहुल शर्मा को मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवाकर पोस्टमार्टम के लिए पुलिस सूचना भेज दी हैं।

# प्रशासनिक अधिकारियों ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

कंपिल, समृद्धि न्यूज

**बाढ़ पीड़ितों** की मदद के लिए प्रशासन लगातार सक्रिय है। प्रशासनिक अधिकारी लगातार बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री पहुंचाने में जुटे हुए हैं। नायब तहसीलदार मनीष वर्मा अनवरत बाढ़ प्रभावित गांवों का भ्रमण कर सरकार की मदद पहुंचाने का भरोसा दे रहे हैं।

गंगा नदी में आई बाढ़ से गंगा किनारे बसे क्षेत्र के करीब तीन दर्जन गांव प्रभावित हुए हैं। इन गांवों में जलभराव से जनजीवन अस्तव्यस्त है। बाढ़ से हुए नुकसान का आंकलन करने के लिए राजस्व निरीक्षकों के साथ संबंधित गांवों के लेखपाल को लगाया गया है। इसी के तहत बनी पीड़ित की सूची के अनुसार राहत सामग्री का वितरण हो रहा है। शनिवार को नुनेरा गांव पहुंचे हमीरपुर मजरा जाति के करीब 80 ग्रामीणों को राहत सामग्री बांटी गई। बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ही क्षेत्रीय विधायका सुरभि गंगवार व उप जिलाधिकारी रविंद्र कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने राहत सामग्री वितरण का जायजा लिया। पीड़ितों को आटा, चावल, आलू, गुड़, चना, विस्कुट, दाल, मोमबत्ती, साबुन माचिस आदि दिया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि अजीत गंगवार, क्षेत्रीय लेखपाल भाजपा नेता बबलू शुक्ला, नंदराम शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।


बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटतीं विधायक डॉ0 सुरभि आदि

### मार्ग दुर्घटना में तीन घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी नदीम (40), नगर के मोहल्ला चिलौली पठान निवासी नासिर अली की 6 वर्षोय पुत्री तैयवा व क्षेत्र के गांव बराबिकू निवासी देव श्री 50 पत्नी रामकुमार घायल हो गये। तीनों घायलों को आसपास के लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहाँ उनका इलाज हुआ।

**समाधान दिवस** | 91 शिकायतों में 8 का मौके पर हुआ समाधान

# समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनीं समस्यायें

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**उप जिलाधिकारी की** अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एसडीएम ने समस्यायें सुनकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला छपट्टी निवासी रजनीदेवी पत्नी शिवचरन ने सम्पूर्ण समाधान दिवस मे उपजिलाधिकारी रवेन्द्र कुमार को शिकायती पत्र देकर कहा है कि मेरे पड़ोसी राजकुमार पुत्र स्व0 सुन्दरलाल एव उनकी धर्म पत्नी दबंग प्रवृत्ति के है। जो मुझसे ईर्ष्या मानते हैं। जिसके चलते आये दिन कुछ न कुछ समस्याएं उत्पन्न करते रहते है और धमकी देते हुए कहते हैं कि तुम्हारे पति को किसी न किसी झूठे केस मे फंसाकर नौकरी ले लेंगे। पूर्व मे भी इनके द्वारा इस प्रकार के कई प्रयास किये जा चुके है। अभी दिनॉक 07.9.2024. को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए समाधान दिवस में मेरे विरुद्ध झूठी शिकायत की गयी थी। जिसके बाद पुलिस ने मुझसे पूछताछ की थी। वहीं कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव नगला भूड़ के ग्रामीणों ने विकास कार्य न होने की की शिकायत उपजिलाधिकारी से की। उन्होंने कहा कि प्राइमरी स्कूल के सामने काफी गड्डे है तथा गांव के रास्ते में भी काफी गड्डे हो गये हैं। उस वजह से बरसात के पानी से कीचड़ हो गया है। जिससे स्कूली बच्चों को भी आये दिन आने जाने मे काफी दिक्कत होती है। उपजिलाधिकारी रवेद्र सिंह ने एडीओ पंचायत हरिओम से इस सम्बन्ध में काफी नाराजगी जतायी।। एडीओ पंचायत ने सचिव कमल कुमार से फोनकर उपजिलाधिकारी से बात कर कार्य करवाने का आश्वासन दिया। शिकायत करने वालों में सुधीर यादव, रामकुमार, राजेश सिंह, वीरेन्द्र सिंह ,अनुपम यादव, रिंकू सिंह, रजनेश कुमार, प्रदीप यादव, आमोद, विमलेश, राघवेन्द्र सिंह, महावीर, नेकसे, रामदास, अतर सिंह, रामकुमार, अनार सिंह यादव, रामब्रज, अशोक कुमार, अमित कुमार, सोनू, प्रमोद, भूरत सिंह, राहुल, राजीव, वीरपाल समेत काफी ग्रामीण मौजूद रहे। विद्युत विभाग, राशनकार्ड, आवास, पेंशन, जमीन पर अबैध कब्ज़ा आदि मुख्य रूप से शिकायती पत्र आये। इस मौके पर उपजिलाधिकारी रवेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय विधायक डा0 सुरभि, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, नायब तहसीलदार सर्जन कुमार, मनीष वर्मा, कायमगंज चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य, विद्युत उपखंड अधिकारी विवेक कुमार, शमसावाद एडीओ पंचायत आफाक हुसैन, जेई नलकूप विनोद कुमार, कायमगंज क्राइम इस्पेक्टर राजेश कुमार, कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह, कम्पिल थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्य, नवावगंज थानाध्यक्ष बलराज भाटी, कानूनगो जगदीश कुमार, आशीष वर्मा आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


समस्यायें सुनते एसडीएम व जनप्रतिनिधि — समृद्धि न्यूज

# सपा अल्पसंख्यक सभा की बैठक में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों पर गाज गिरना तय

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी अल्पसंख्यक** सभा की मासिक बैठक ग्राम सिरमौरा बांगर में संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने बैठक के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर को बनाकर भेजा। अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी द्वारा जिन लोगों की ड्यूटी लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यक बूथों पर लगाई गई थी वह सभी बूथ समाजवादी पार्टी के


बैठक के दौरान मौजूद सपा नेता समृद्धि न्यूज

पदाधिकारियों ने जितवाकर भेजे हैं। जिस पर प्रभारी व जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद प्रेषित किया। साथ ही यह चर्चा हुई कि भविष्य में सभी बूथों को और मजबूत कैसे किया जाए व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पीडीए की लड़ाई को और मजबूत करने में कहीं कमी न रहे। अल्पसंख्यक सभा के पदाधिकारियों ने एकजुट होकर के आने वाले 2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी की चारों सीटों जीतने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष साजिद अली खान द्वारा अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों को चेतावनी दी गई कि अगली बैठक में जो भी पदाधिकारी मौजूद नहीं रहेगा उसे पद मुक्त कर दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रदीप यादव टीटू, मुजाहिद अंसारी, डॉ0 नवरंग सिंह यादव, रमजान मंसूरी, मुशीर अहमद, फहीम खान, दीपक बौद्ध, श्रीकृष्ण बौद्ध, रत्नेश बौद्ध, मोहम्मद इकरार मंसूरी, नसीरुद्दीन मंसूरी, रघुवीर, डॉ0 युसूफ, अहिलकार सिंह यादव, मुराद अली, मनोज बौद्ध, अली मोहम्मद, अफाक अली, फारूक अली, फैजान खान, निसार खान, रोशन खान आदि लोग मौजूद रहे।

## सपा की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की बैठक 22 सितम्बर रविवार 11 बजे आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न होगी। जिसमें पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व एवं वर्तमान ब्लाक प्रमुख, पूर्व लोकसभा एवं विधान सभा प्रत्याशी, समस्त फ्रंटल संगठनों के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारीगण, समस्त जिला कार्यकारिणी के सदस्य, नगर अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष, फ्रंटल संगठन के समस्त जिलाध्यक्षों को उपस्थित रहना है। जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने बताया कि मासिक स्तर पर जनपद में किन-किन नेताओं द्वारा प्रमुख कार्य किए गए एवं विभिन्न संगठनों द्वारा कहां-कहां मासिक बैठकर आयोजित की गई है। इसकी जानकारी प्राप्त कर प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया जायेगा और आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा तय की जायेगी।

# शुभम यादव हनी ने ग्राम गढ़िया, झौआ, रम्पुरा आदि गांव में बांटी राहत सामग्री

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बाढ़** पीड़ित गांव का शुभम यादव हनी ने अपनी पत्नी चारु हनी यादव के साथ दौरा कर राहत सामग्री बांटी। बाढ़ पीड़ितों से उनके दुख दर्द सुने और उन्हे खाने पीने की वस्तुएं उपलब्ध करायी। शमशाबाद क्षेत्र के गढ़िया पट्टिया, झौआ, रम्पुरा आदि गांव में राहत सामग्री बांटी गयी। हनी यादव ने कहा कि क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में हमेशा उनके साथ है। मेरा उद्देश्य है कि हम आप सबकी मदद करें। उन्होंने बाढ़ पीड़ित गांव में पहुंचकर ग्रामीणों को राहत सामग्री वितरित की और भोजन के पैकेट व बच्चों को विस्कुट के पैकेट


राहत सामग्री वितरित करते शुभम यादव हनी व चारु यादव

उपलब्ध कराये। जिन गांव में पानी भरा था उन गांव में स्टीमर की व्यवस्था उपलब्ध करायी। जिससे ग्रामीणों का आवागमन बना रहे। उन्होंने अपनी पत्नी के साथ बाढ़ पीड़ित लोगों से मिलक राहत सामग्री बांटी। इस मौके पर पवन ठाकुर, प्रवीन यादव, धर्मेन्द्र राजपूत, रेनू यादव, बालकिशन यादव आदि लोगों ने सहयोग किया।

# डीपीवीपी में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष ने लगायी झाड़ू


विद्यालय में झाड़ू लगाते रुपेश गुप्ता आदि समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**डीपीवीपी** उ0मा0 विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव पर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता व निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप ने स्वच्छता अभियान चलाकर वृक्षारोपण किया। डीपीवीपी स्कूल पहुंचकर जिलाध्यक्ष ने झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की। अनिल कश्यप ने कूड़ा एकत्र किया। साथ ही विद्यालय परिसर में पौधे लगाये गये। इस मौके पर प्रधानाचार्य आशीष कुमार, सुनील रावत, कृष्ण मुरारी राजपूत, पीयूष त्रिपाठी, जावेश राठौर, संजीव गुप्ता के अलावा विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी व छात्र मौजूद रहे।

# बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने किया जागरुक

- समस्या होने पर बच्चें 1098, 1090टोल फ्री नम्बर का करें प्रयोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**कंपोजिट प्राथमिक** विद्यालय में जिला प्रोबेशन अधिकारी के आदेशानुसार चाइल्ड हेल्पलाइन टीम की काउंसलर ज्योति शर्मा के द्वारा छात्र-छात्राओं को बाल श्रम, बाल विवाह, भिक्षावृत्ति के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में


बच्चों को जागरुक करती काउंसलर ज्योति शर्मा

जानकारी दी गई। कभी भी किसी को कोई समस्या हो तत्काल 1098 पर सूचित करें। चाइल्ड हेल्प लाइन आपकी सेवा में 24 घंटे तत्पर है, बच्चों को गुड टच बैड टच के साथ रास्ते में आने जाने में कोई समस्या हो तो तत्काल 1098 पर महिलाएं व बालिकाएं 1090 सूचित करें यह जानकारी सभी को दी। साथ ही बच्चों के बाल अधिकार जीवन जीने का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार के बारे में बताया गया।केस वर्कर राहुल सिंह ने बच्चों को बाल श्रम भिक्षावृत्ति बच्चों के साथ हो रहे लैंगिंग अपराध के बारे में जागरूक किया। बच्चों को कन्या सुमंगला योजना के साथ सभी सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। जिससे की सभी जरूरनमंद बच्चों की सहायता हो। विद्यालय की प्रधानाचार्य स्वेता पटेल एवं अन्य शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

## पुत्री से छेड़छाड़ का उलाहना देने पर दबंगों ने पीटा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने दी तहरीर में बताया कि गुरूवार शाम वह अपने दूसरे घर में मवेशियों को चारा डालने गयी थी। पड़ोस का ही पूर्व प्रधान का पुत्र दीवार फांदकर घर में घुस आया। युवक किशोरी को उठाकर भूसा भरे कमरे में ले जाने लगा। किशोरी की चीख पुकार सुनकर मां आ गयी, तभी युवक मौके से फरार हो गया। इसी बात का उलाहना देने पीड़िता मां के साथ पूर्व प्रधान के घर गयी, तो उनके साथ सभी ने मारपीट कर दी।

## खबरें एक नजर में

### भाजपा के सदस्यता अभियान को जोर देने के लिए मैदान में उतरे बड़े-बड़े दिग्गज

**कमलगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मुख्य रेलवे स्टेशन तिराहे के पास भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कैंप लगाकर भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया। जिसमें मुख्य रूप में पहुंचे भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कानपुर मंडल प्रकाश पाल तथा कानपुर से सांसद रमेश अवस्थी ने लोगों को भाजपा सदस्यता अभियान के तहत जोड़ा। जिसमें उन्होंने लगभग 230 सदस्यों को जोड़ा। सांसद रमेश अवस्थी ने बताया कि हम लोग भाजपा के सदस्य हैं तथा और सदस्य बनाने का कार्य कर रहे हैं और इसी तरह लगभग अब तक करोड़ों सदस्य भाजपा के बन चुके हैं। भाजपा की सदस्यता को लेकर हम लोग नगर-नगर व गांव-गांव कैंप लगा रहे हैं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता तथा क्षेत्रीय विधायक नागेंद्र सिंह राठौड़, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, ग्राम प्रधान सियापुर विजय कुमार, पूर्व प्रधान हैप्पी कटियार, सुनील सिंह राठौड़, प्रधान नूर आलम, बब्बा दुबे सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भारत भेजेगा इजराइल में रोजगार को श्रमिक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क द्वारा विज्ञप्ति में बताया गया कि इजराइल देश में निर्माण श्रमिकों को रोजगार प्रदान करने की प्रक्रिया भारत सरकार एवं इजराइल सरकार के मध्य अनुबंध एमएसडीसी क्रियान्वयन संस्था द्वारा नामित है। समन्वय स्थापित करते हुए विभिन्न कैटागिरी के श्रमिकों को इजराइल भेजा जायेगा। जिनकी उम्र 25 से 45 वर्ष हो। 3 वर्ष की वैधता पर पासपोर्ट मिलेगा। इजराइल में कोई कार्य पूर्व में न किया हो, साथ ही अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना जरुरी है। जिसमें फेम वर्क, शटरिंग कारपेंटर, आयरन बेन्डिग, सिरेमिक टाइल, प्लास्टरिंग आदि के लिए श्रमिक अपना ऑन लाइन पंजीकरण करा सकते है। जानकारी देते हुए आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य व जिला सेवा योजना रोजगार कार्यालय द्वारा जानकारी अभ्यार्थी प्राप्त कर सकते है।

### सट्टे की खाईवाड़ी करते पांच गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ पुलिस ने छोटी जेल चौराहे से सेंट्रल जेल चौराहा जाने वाली सड़क पर गोल भट्टे पर बने कमरे के पास सट्टे की खाईबाड़ी की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छोटी जेल चौराहे से सेंट्रल जेल चौराहा जाने वाली सड़क पर गोल भट्टे पर बने कमरे के पास से 05 व्यक्तियों मोहित दीक्षित पुत्र अखिलेश दीक्षित, अखिलेश दीक्षित पुत्र स्व0 विश्वनाथ निवासीगण मोहल्ला पक्कापुल, कोतवाली फर्रुखाबाद जनपद फर्रुखाबाद, मन्नू चौहान पुत्र श्रीप्रकाश चौहान, निवासी साहबगंज नरायणदास थाना कोतवाली फर्रुखाबाद जनपद फर्रुखाबाद, राकेश पुत्र हरिश्चंद्र, राधाकृष्ण पुत्र रामरतन निवासीगण मोहल्ला अमीन खां, कोतवाली फर्रुखाबाद, जनपद फर्रुखाबाद को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए गिरफ्तार कर लिया। जामा तलाशी से से कुल 2730 रुपये, 05 अदद पेन व 05 अद्द सट्टा पर्ची बरामद हुई। पुलिस ने अभियुक्तगणों के विरुद्ध मु0अ0सं0 304/2024 धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

### दबंगों ने युवक को पीटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव खुदागंज निवासी मुकेश पुत्र राजाराम ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया आज सुबह नौ बजे लगभग खेत को लेकर मेरे पिताजी से गांव के ही रामजी, श्यामजी पुत्रगण शिशुपाल सैनी से छुटपुट विवाद हो गया था। शनिवार शाम 4.00 बजे लगभग मेरा भाई श्यामजी अपने गांव से कंनकौली गांव जा रहा था, तभी रास्ते में विवाद के चलते उक्त लोगों ने मेरे भाई को गालियां देते हुए लाठी-डंडों से मारापीटा तथा जातिसूचक गालियां देते हुए सर फोड़ दिया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। गंभीर हालत में भाई को लेकर मैं थाने पर आया। जहां पर पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल करवाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए भेज दिया। पुलिस ने कहा मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### उद्योग व्यापार मण्डल की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार मण्डल की बैठक जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी के रेलवे रोड स्थित प्रतिष्ठान पर रविवार को दोपहर 12 बजे होगी। प्रदेश कार्यालय प्रभारी सुनील पाण्डेय बैठक में भाग लेंगे और जिलाध्यक्ष के मनोनयन संबंधित चर्चा होगी। यह जानकारी प्रमोद गुप्ता ने दी है।

### सीताराम येचुरी के निधन पर शोकसभा आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के पूर्व सांसद कामरेड सीताराम येचुरी के निधन पर 22 सितम्बर 11 बजे शोक सभा का आयोजन ओमप्रकाश गुप्ता सभागार में होगा। यह जानकारी सुनील कटियार ने दी है।

### जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक 22 सितम्बर दोपहर 12 बजे मोर्चा के कार्यालय पर होगी। यह जानकारी संस्थापक/अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा ने दी है।

# विश्व नदी दिवस पर रैली निकालकर गंगा समग्र द्वारा किया गया जागरुक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

गंगा समग्र की ओर से विश्व नदी दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व संध्या पर आवास विकास से बढ़पुर देवी मंदिर तक लोगों को जागरुक करते हुए रैली निकाली गई। रैली में छात्र-छात्रा स्लोगन लिखी हुई तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिन पर लिखा था जल है तो कल है, पर्यावरण बचाओ जीवन बचाओ, जब नदियां होंगी स्वच्छ, तब देश बनेगा स्वस्थ आदि स्लोगन लिखे हुए नारे लगाये गये। गंगा समग्र के शिक्षण आयाम के जिला प्रमुख विपिन अवस्थी ने कहा कि संगठन जिले के सभी स्कूलों में जाकर जागरूकता अभियान का कार्य प्रारंभ करेगा कि जीवन शैली में नदियों का संरक्षण और पर्यवाण का संरक्षण कितना महत्वपूर्ण है, जिससे कि आगे आने वाली पीढ़ी




को इन विषम परिस्थितियों का सामना न करना पड़े। गंगा समग्र के जिला संयोजक आदित्य दीक्षित ने कहा कि विश्व नदी दिवस 2005 से मानाना प्रारंभ हुआ। इसका महत्व है की नदियों का संरक्षण के लिए जन जागरूकता करना है। बढ़पुर मंदिर स्थित प्रांगण में गंगा नदी संरक्षण के लिए संकल्प व शपथ दिलाइ। जिससे कि पर्यावरण व नदियों का संरक्षण हो सके। जिला सहसंयोजक रवि मिश्रा ने कहा हम भारतवासी नदियों की पूजा करते हैं, पर्यावरण को धोखा देना स्वयं में अपने आपको धोखा देने के समान है, इस पितृपक्ष के पावन समय में लोग अपने पूर्वजों को तर्पण देते हैं व गंगा जी में जल दान देने की आस्था रखते हैं तो फिर गंगाजी को स्वच्छ रखने में परहेज क्यों करते हैं। इस मौके पर प्रचार प्रसार प्रभारी सुनील गुप्ता, प्रशांत मिश्रा, शिल्पी सक्सेना, पूजा दीक्षित, उमा देवी, लक्ष्मी, श्वेता मिश्रा, शिवम, आदर्श, विनय, आकाश, प्रिंस, अनुष्का आदि उपस्थित रहे।

# 22 सितम्बर को स्कॉलरशिप परीक्षा 5 अक्टूबर को होगा परिणाम घोषित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**एजुकेशनल मूवमेंट** सोसाइटी द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाली सैयद अहमद स्कॉलरशिप परीक्षा 22 सितम्बर दिन रविवार को जनपद के 5 केंद्रों पर सुबह 10 बजे आयोजित होंगी। परीक्षा प्रभारी समीउल्लाह सिद्धीकी ने बताया कि मुस्लिम छात्र-छात्राओं हेतु


परीक्षा प्रभारी समीउल्लाह सिद्दीकी

आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा में लगभग 600 बच्चे प्रतिभाग करेंगे। फतेहगढ़ में इस्लामिया स्कूल में, रहमानी इंटर कालेज कायमगंज में, सुलतान मेमोरियल कमालगंज में, मौलाना आजाद व शमशाबाद में परीक्षा केंद्र बनाए गए है। परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को 1200 रुपए की धनराशि दी जायेंगी। परीक्षा परिणाम 5 अक्टूबर को आयेगा।

# व्यापारियों ने एएसपी के समक्ष रखी नगर की समस्यायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बुलाई गयी व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों की बैठक में व्यापारियों ने भाग लिया। विभिन्न समस्याओं को लेकर विचार विमर्श हुआ। समस्याओं का निस्तारण हेतु आश्वासन दिया गया। रेलवे स्टेशन के मोड पर पूरे दिन जाम लगा रहता, निकलने में राहगीरो को आने-जाने में बहुत परेशानी होती है। मांग की गई कि परिवहन विभाग का एक


एएसपी को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

सिपाही और दो सिपाही की तैनाती की जाए। जिससे जाम से निजात मिल सके। कादरीगेट से लेकर नरकसा मोहल्ला तक जाम लगी रहती है। इसका मुख्य कारण वहां पर चारपहिया ठेली और सब्जी विक्रेता है उनको भी स्थानांतरित किया जाए। इस मौक पर प्रमोद गुप्ता, राजकुमार गौतम, संदेश अग्रवाल, रविकांत गुप्ता, प्रबल महेश्वरी, सोमिल अग्रवाल, संदीप सिंह, कुलदीप सिंह, मुकेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# बाढ़ पीड़ितों को भोजन पहुंचाने का जिम्मा लिया परमार्थ संस्था ने

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बाढ़ पीड़ितों** के लिए परमार्थ संस्थान द्वारा सेवा कार्य जारी है। ऐसे में बाढ़ पीड़ितों तक भोजन पहुंचाने का जिम्मा परमार्थ संस्थान ने संभाला है। फूड बैंक वैन द्वारा प्रत्येक दिन बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में जाकर भोजन वितरित किया जा रहा है। भइयन मिश्रा के नेतृत्व में शनिवार को हैवतपुर गढ़िया में फूड बैंक वैन द्वारा बच्चों व स्थानीय लोगों को भोजन वितरित किया गया। हैवतपुर गढ़िया में पिछले एक सप्ताह से एक से डेढ़ फुट तक पानी भरा हुआ है। निचली मंजिल में बने मकानों में बाढ़ का पानी घुस गया है। जिस कारण छोटे बच्चे घरों में कैद है। आसपास के इलाके में बाढ़ को लेकर दहशत है। रोजमर्रा की कमाई करने वाले लोगों के सामने परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में वह बच्चों को रखायें या



बच्चों को भोजन वितरित करती फूड बैंक वैन समृद्धि न्यूज

काम पर जाये। उनके लिए चिंता का विषय है। कोई भी जरुरतमंद भूखा न सोये इसके लिए बाढ़ पीड़ितों को भोजन उपलब्ध कराने का जिम्मा परमार्थ संस्थान ने लिया है। रोजाना फूड बैंक वैन द्वारा भोजन वितरित किया गया जा रहा है। संस्थान के अध्यक्ष केशव भान साध ने बताया कि जब तक बाढ़ क्षेत्र में है तब तक गरीबों को निःस्वार्थ सेवा के तहत फूड वैन द्वारा भोजन उपलब्ध कराया जाता रहेगा।

# शिविर में 457 दिव्यांगों को वितरित किये गये उपकरण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**एसएन साध** ट्रस्ट द्वारा आयोजित तीन दिवसीय दिव्यांग शिविर का शनिवार को समापन हुआ। दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, छड़ी, कैलीपर आदि वितरित किये गये। संयोजक डा0 रजनी सरीन द्वारा सेवा केंद्र शिविर में दिव्यांग मरीजों को उपकरण वितरित किये गये। जयपुर की भगवान दिव्यांग सहायता समिति संस्था द्वारा विशेषज्ञ ईएनटी स्पेशलिस्ट डा0 शिखर सक्सेना व उनकी टीम ने मरीजों को ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग उपकरण व दवाइयां एवं मशीने वितरित की। एसएन साध ट्रस्ट के ट्रस्टी राकेश साध, चमकेश साध के सहयोग से शिविर का आयोजन हुआ। डा0



कार्तिकेय सिंह, डा0 केजी बाथम ने अपनी सेवायें दी। तीन दिवसीय शिविर में 457 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराये। जिसमें 65 ट्राई साइकिल, 42 व्हील चेयर, 53 छड़ी, 48 कैलीपर, 36 कृत्रिम पैर, 9 कृत्रिम, 69 वैशाखी, 26 वॉकर, 73 जोड़ी जूते, 175 कान की मशीन दिव्यांगों को निःशुल्क उपलब्ध करायी गयी। साथ में दिव्यांगों के तीमारदार भी मौजूद रहे। इस दौरान मधु साध, प्रिया साध, रीतेश साध, अमर साध, उदयपाल बाथम, विजय कुमार, आकाश सिंह, शीष मल्होत्रा, रोहित गर्ग, राहुल कश्यप, नितिन कश्यप, सुजीत श्रीवास्तव, अंकुर पाठक, नरेश, जगदीश, रोविंग साध, शेखर साध आदि ने शिविर में सहयोग किया।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर 26 सितम्बर को जिला मुख्यालय पर होगा धरना प्रदर्शन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पुरानी पेंशन** बहाली को लेकर कर्मचारियों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। अटेवा पेंशन बचाओ मंच द्वारा आयोजित बैठक में पुरानी पेंशन बहाली गंभीर मुद्दा बताते हुए 26 सितम्बर को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन की रणनीति बनी। अटेवा, एनएमओपीएस द्वारा कई बार प्रदेश एवं देश में बड़े आंदोलन किये गये है। हाल ही में एनपीएस नो, यूपीएस, ओनली ओपीएस हैशटैग अभियान और 2 सितम्बर से 6 सितम्बर तक काली पट्टी बांधकर एनपीएस, यूपीएस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। 26 सितम्बर को अटेवा


आंदोलन की रणनीति बनाते अटेवा पदाधिकारी समृद्धि न्यूज

एनएमओपीएस द्वारा पूरे देश में एनपीएस व यूपीएस के विरोध में आक्रोश मार्च प्रस्तावित है। अटेवा के प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर जनपद में 26 सितम्बर को आंदोलन को गति देते हुए विभिन्न विभागों में सम्पर्क किया गया है। लोहिया अस्पताल, लिंजीगंज अस्पताल, लोक निर्माण विभाग के दोनों खण्डों में एवं विभिन्न विद्यालयों आदि में जन सम्पर्क किया गया है। राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रमोद दीक्षित, लोहिया अस्पताल से विजय शंकर तिवारी, अभिषेक बाजपेयी, सानू भदौरिया, रिंकू तिवारी, लिंजीगंज अस्पताल से संजय बाथम, अंकित दीक्षित, रोहित एवं लोक निर्माण विभाग से देवेन्द्र कुमार, संजीव कुमार आदि लोग मौजूद रहे। अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव, मुकेश कुमार, फूल सिंह शाक्य, विमलेश शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

